हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची ● रविवार ● 17.05.2026 ● वर्ष : 16 ● अंक : 289 ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य : 4 रुपये
RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

## एक नजर

### झारखंड में 5 जून तक होगी मॉनसून की एंट्री

**रांची :** आइएमडी के अनुसार, देश में इस वर्ष मॉनसून के समय से पूर्व पहुंचने की उम्मीद है। ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, केरल में इस वर्ष मॉनसून के 26 मई तक पहुंचने की संभावना है। हालांकि यह चार दिन पहले या चार दिन बाद भी पहुंच सकता है। इसके 10 से 12 दिन बाद यानी पांच से छह जून तक झारखंड पहुंचने की उम्मीद है। आइएमडी के अनुसार, चार दिन आगे-पीछे होने की संभावना बनी रहती है।

### ट्रेन से तीन करोड़ का अवैध सोना बरामद

**गुवाहाटी :** असम के बंगाईगांव जिले में अंतरराज्यीय तस्करी के खिलाफ चलाए गए अभियान में गवर्नमेंट रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने दिल्ली-त्रिपुरा सम्पर्क क्रांति एक्सप्रेस से करीब तीन करोड़ मूल्य के अवैध सोने की खेप बरामद की है। जीआरपी ने शनिवार को बताया कि रेलवे मार्ग से तस्करी कर भारी मात्रा में सोना ले जाए जाने की गुप्त सूचना मिलने के बाद जीआरपी ने ट्रेन में विशेष तलाशी अभियान चलाया। बंगाईगांव जिले से गुजरने के दौरान पुलिसकर्मियों ने ट्रेन के भीतर सघन जांच शुरू की। जांच के दौरान एक यात्री की गतिविधियां संदिग्ध लगने पर पुलिस ने उससे पूछताछ की। इसके बाद उसके सामान की तलाशी लेने पर बैग के भीतर छिपाकर रखी गई सोने की छड़ें बरामद की।

### एनसीबी ने 182 करोड़ रुपये का कैप्टागन किया जब्त

**नयी दिल्ली :** स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने नशीले पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 182 करोड़ रुपये मूल्य का कैप्टागन जब्त किया है, जिसे कथित तौर पर जिहादी ड्रग कहा जाता है। इस अभियान को ऑपरेशन रेजपिल नाम दिया गया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एक्स पर पोस्ट किया कि मोदी सरकार ने नशा मुक्त भारत का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि एनसीबी ने पहली बार कैप्टागन को जब्त किया है, जिसकी कीमत 182 करोड़ रुपये है। उन्होंने बताया कि यह खेप मध्य पूर्व के लिए निर्धारित थी। इसके साथ एक विदेशी नागरिक को भी गिरफ्तार किया गया है।

### अभिषेक बनर्जी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और डायमंड हार्बर से सांसद अभिषेक बनर्जी के खिलाफ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को धमकी देने और उकसावे वाली भाषा इस्तेमाल करने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। शुक्रवार शाम को विधाननगर साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने राजीव सरकार नामक एक व्यक्ति की शिकायत पर मामला दर्ज किया।

छह दिवसीय विदेश यात्रा के दूसरे चरण में नीदरलैंड पहुंचे प्रधानमंत्री, कहा

# ऊर्जा संकट से दुनिया की उपलब्धियां खतरे में

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वैश्विक ऊर्जा संकट पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि दुनिया ने समय रहते इस चुनौती का समाधान नहीं किया तो पिछले कई दशकों में हासिल की गई विकास संबंधी उपलब्धियां नष्ट हो सकती हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि दुनिया की बड़ी आबादी एक बार फिर गरीबी के जाल में फंस सकती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी पांच देशों की छह दिवसीय विदेश यात्रा के दूसरे चरण में नीदरलैंड के हेग पहुंचे हैं। वहां भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में दुनिया लचीली और भरोसेमंद आपूर्ति श्रृंखला (सप्लाई चेन) की आवश्यकता महसूस कर रही है। भारत और नीदरलैंड मिलकर पारदर्शी एवं विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला विकसित करने की दिशा में काम कर रहे हैं।

अपने संबोधन में सांस्कृतिक प्रतीकों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि जिस प्रकार भारत कमल के लिए प्रसिद्ध है, उसी प्रकार नीदरलैंड ट्यूलिप के लिए प्रसिद्ध है। ट्यूलिप और कमल दोनों यह सिखाते हैं कि जड़ें चाहे पानी में हों या मिट्टी में, सौंदर्य और शक्ति दोनों प्राप्त की जा सकती हैं।

प्रधानमंत्री ने 16 मई की तारीख का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2014 में इसी दिन लोकसभा चुनाव के परिणाम घोषित हुए थे और दशकों बाद देश में स्थिर एवं पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनी थी। उन्होंने कहा कि 13 वर्ष मुख्यमंत्री और 12 वर्ष प्रधानमंत्री के रूप में देश सेवा करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने बहुत छोटी उम्र में ही अहम से वयम का मार्ग चुना और अब जनता का कल्याण ही उनका कर्तव्य बन गया है।

उन्होंने बताया कि भारत सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। देश में 12 सेमीकंडक्टर संयंत्रों पर काम चल रहा है, जिनमें से दो में उत्पादन शुरू हो चुका है। अब चिप भी डिजाइन इन इंडिया और मेड इन इंडिया होगी।

### दुनिया की बड़ी आबादी एक बार फिर गरीबी के जाल में फंस सकती है



#### भारत केवल बदलाव नहीं बल्कि सर्वश्रेष्ठ बनने का सपना देख रहा है

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत केवल बदलाव नहीं, बल्कि सर्वश्रेष्ठ बनने का सपना देख रहा है। भारत ओलंपिक की मेजबानी, वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने और ग्रीन एनर्जी में नेतृत्व करने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है।

#### लोकतंत्र और 16 मई का विशेष महत्व

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हाल के वर्षों में भारत में लोकतंत्र के प्रति लोगों का विश्वास लगातार मजबूत हुआ है। हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि असम, पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी में इस बार लगभग 90 प्रतिशत तक मतदान दर्ज किया गया, जो लोकतंत्र के प्रति जनता के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है।

#### यूरोप का प्रमुख प्रवेश द्वार बन सकता है नीदरलैंड

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौता लागू होने के बाद नीदरलैंड यूरोप का प्रमुख प्रवेश द्वार बन सकता है। उन्होंने उल्लेख किया कि मुख्य भूमि यूरोप में भारतीय मूल के लोगों का सबसे बड़ा समुदाय नीदरलैंड में ही निवास करता है।

#### प्रधानमंत्री ने की भारतीय समुदाय के योगदान की सराहना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि नीदरलैंड आकर उन्हें भारत जैसा अनुभव हो रहा है। यहां की प्रगति में भारतीय समुदाय का महत्वपूर्ण योगदान है। यहां बसे भारतीय परिवारों की कहानियां केवल प्रवास की नहीं, बल्कि संघर्ष और सफलता की कहानियां हैं। समय बदला और पीढ़ियां बदलीं, लेकिन भारतीय संस्कार, परिवार व्यवस्था और सांस्कृतिक जुड़ाव आज भी जीवित हैं। भारतीयों ने डच भाषा को अपनाया, लेकिन अपनी मातृभाषाओं और सांस्कृतिक परंपराओं को भी संजोकर रखा है।

# नीट पेपर लीक मामला : बायोलॉजी लेक्चरर गिरफ्तार, रह चुकी है एनटीए की सदस्य

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** नीट-यूजी 2026 पेपर लीक मामले की जांच कर रही केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को एक और बड़ी कामयाबी मिली है। एजेंसी ने इस पूरे रैकेट की दूसरी मुख्य सूत्रधार (मास्टरमाइंड) मनीषा गुरुनाथ मांधारे को गिरफ्तार कर लिया है। मनीषा पुणे में बायोलॉजी की लेक्चरर हैं और सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि वह राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की पेपर सेटिंग कमेटी में बतौर एक्सपर्ट शामिल रह चुकी हैं।

जब सीबीआई ने मिलान किया, तो छात्रों की नोटबुक में लिखे गए सवाल 3 मई को आयोजित हुई नीट-यूजी 2026 परीक्षा के वास्तविक प्रश्न पत्र से हूबहू मैच कर रहे थे।

एनटीए के कई वरिष्ठ अधिकारी और पूरी कमेटी जांच के दायरे में सीबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि परीक्षा के दो सेट (एक हाथ से लिखा हुआ और एक टाइप किया हुआ) लीक किए गए थे, जिसके पीछे कुलकर्णी और मांधारे का हाथ था।

यह पहली बार है जब पेपर लीक के तार सीधे एनटीए के अंदरूनी पैनल से जुड़े पाए गए हैं। सीबीआई अब इस बात की भी जांच कर रही है कि क्या ये आरोपी पहले भी परीक्षाओं के पेपर लीक करने में शामिल रहे हैं। अधिकारियों के मुताबिक, प्रश्न पत्र तैयार करने वाली पूरी कमेटी और एनटीए के अन्य वरिष्ठ अधिकारी फिलहाल जांच के दायरे में हैं और आने वाले दिनों में कुछ और बड़ी गिरफ्तारियां हो सकती हैं। मनीषा मांधारे को आगे की पूछताछ के लिए दिल्ली लाया जा रहा है।

#### बॉटनी और जूलॉजी के पेपर तक थी मनीषा की पहुंच

सीबीआई द्वारा जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, मनीषा मांधारे को नीट-यूजी 2026 परीक्षा प्रक्रिया में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा विशेषज्ञ के रूप में शामिल किया गया था। इस वजह से उनके पास बॉटनी (वनस्पति विज्ञान) और जूलॉजी (जंतु विज्ञान) के प्रश्न पत्रों की पूरी एक्सेस थी।

#### घर पर 'सीक्रेट क्लास' चलाकर लीक किए गए थे परीक्षा के सवाल

जांच में सामने आया है कि मनीषा ने अपनी एक सहयोगी मनीषा वाघमारे (जिसे 14 मई को गिरफ्तार किया जा चुका है) के साथ मिलकर अप्रैल 2026 में पुणे में संभावित नीट उम्मीदवारों को इकट्ठा किया। मनीषा ने अपने पुणे स्थित आवास पर इन छात्रों के लिए विशेष कोचिंग क्लासेस चलाईं। इस दौरान उन्होंने असली प्रश्न पत्र से बॉटनी और जूलॉजी के कई सवाल लीक किए और छात्रों को समझाए। उन्होंने छात्रों से इन सवालों को उनकी नोटबुक में लिखने और किताबों में मार्क करने को कहा।



#### सरकार पर बरसे राहुल गांधी, धर्मेंद्र प्रधान को बर्खास्त करने की मांग

कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-यूजी' में कथित अनियमितता के मामले को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने एक्स पर शेयर किए वीडियो संदेश में पीएम मोदी से शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को बर्खास्त करने की मांग की। राहुल गांधी ने एक्स पोस्ट पर कहा, नीट के 22 लाख बच्चों के साथ धोखा हुआ है, पर प्रधानमंत्री मोदी एक शब्द भी नहीं बोल रहे हैं। धर्मेंद्र प्रधान को अभी हटाइए, या जवाबदेही खुद लीजिए...

पीएम मोदी, धर्मेंद्र प्रधान को अभी बर्खास्त कीजिए।

#### सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर, एनटीए को खत्म कर संवैधानिक संस्था बनाने की मांग

यूनाइटेड डॉक्टर्स फ्रंट (यूडीएफ) ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और भारत की राष्ट्रीय परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधारों की मांग की, जिसमें नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) को हटाकर संसद के एक कानून के माध्यम से एक स्वतंत्र वैधानिक प्राधिकरण बनाए जाने की मांग की गई है। यूनाइटेड डॉक्टर्स फ्रंट के चेयरपर्सन डॉ। लक्ष्य मित्तल ने कहा, करोड़ों विद्यार्थियों की परीक्षा सोसाइटी एक्ट मॉडल के तहत नहीं हो सकती, जिसमें सही जवाबदेही न हो। हमने मौजूदा एनटीए ढांचे को संसद के अधिनियम के जरिये बनी एक स्वतंत्र वैधानिक परीक्षा प्राधिकरण से बदलने की मांग की।

# आंधी-तूफान का कहर : वज्रपात से 7 लोगों की मौत, कई घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड के कई हिस्सों में शुक्रवार को आए भीषण आंधी, तूफान और वज्रपात ने भारी तबाही मचाई है। राज्य के अलग-अलग जिलों में बिजली गिरने और मलबे में दबने से कुल 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों तक राज्य में ऐसा ही मौसम बने रहने की संभावना है।

**पलामू (नवाबाजार):** वज्रपात की चपेट में आने से एक व्यक्ति की जान चली गई, जबकि तीन अन्य लोग बुरी तरह झुलस गए।

**लातेहार:** जिले में दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हुई। मनिका में एक व्यक्ति की मौत हुई, जबकि सदर प्रखंड के रेहला गांव में एक व्यक्ति की जान गई और उनकी पत्नी झुलस गईं। इसके अलावा बालूमाथ में भी एक महिला ठनका गिरने से घायल हुई है।



**गढ़वा:** शहर में बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हुई और चार लोग घायल हो गए। वहीं, विष्णुपुरा के साढ़ो गांव में एक जर्जर मकान गिरने से उसके मलबे में दबकर 12 वर्षीय किशोर की मौत हो गई।

**लोहरदगा (कुडू प्रखंड):** उडूमुडू में बकरी चराते समय वज्रपात की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई।

**हजारीबाग (विष्णुगढ़):** अपनी मृत साली के अंतिम संस्कार में शामिल होने आए एक व्यक्ति की बिजली गिरने से मौत हो गई। वहीं सीतागढ़ा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज का एक छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया।

**रांची (चान्हो):** लेपसर नवाटोली स्थित एक ईंट भट्ठे पर काम कर रहे छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार निवासी मजदूर कुमार कुरे (38 वर्ष) की वज्रपात से मौत हो गई।

### केरल में नई सरकार का शपथ ग्रहण कल

**तिरुवनंतपुरम:** केरल में सोमवार, 18 मई को नई यूडीएफ सरकार का शपथ ग्रहण समारोह होगा। नए मुख्यमंत्री वी.डी. सतीशन के साथ कुल 20 मंत्री सुबह 10 बजे पद और गोपनीयता की शपथ लेंगे। नामित मुख्यमंत्री वी.डी. सतीशन ने बताया कि मंत्रियों की अंतिम सूची रविवार शाम को राज्यपाल को सौंप दी जाएगी। तिरुवनंतपुरम के सेंट्रल स्टेडियम में होने वाले इस भव्य समारोह में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तो शामिल होंगे ही, लेकिन सबसे बड़ा आकर्षण तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री और सुपरस्टार 'विजय' होंगे। उनके साथ कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी सहित कई राज्यों के दिग्गज नेता एक मंच पर दिखाई देंगे। इस महाजुटान को राष्ट्रीय राजनीति और विपक्षी एकजुटता के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है।

# भारत में 24 घंटे काम करने वाली न्याय व्यवस्था की जरूरत : न्यायमूर्ति सूर्यकांत

एजेंसी

**जबलपुर :** भारत की न्यायपालिका को अब अस्पतालों की तरह 24 घंटे काम करने वाली व्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ना होगा। डिजिटल बदलावों के इस दौर में आम नागरिकों का भरोसा बनाए रखना भी उतना ही जरूरी है। तकनीकी प्लेटफॉर्म ऐसे हों जिन्हें ग्रामीण और तकनीक से कम परिचित लोग भी आसानी से समझ सकें। इसके लिए स्थानीय स्तर पर पैरालीगल वालंटियर्स तैयार किए जाने चाहिए, जो लोगों को डिजिटल न्याय प्रणाली से जोड़ सकें।

यह बातें देश के उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने शनिवार को मध्य प्रदेश के जबलपुर में आयोजित एक राष्ट्रीय सेमिनार में कहीं।



फ्रेगमेंटेशन ऑफ फ्यूजन एम्पावरिंग जस्टिस वाया यूनाइटेड डिजिटल प्लेटफार्म इंटीग्रेशन विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में उच्चतम एवं उच्च न्यायालय के कई न्यायाधीशों के साथ केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी मौजूद रहे।

इससे पूर्व नेताजी सुभाषचंद्र बोस कल्चरल एंड इन्फॉर्मेशन सेंटर में आयोजित सेमिनार में देश के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकान्त ने फ्रेगमेंटेशन ऑफ फ्यूजन एम्पावरिंग जस्टिस वाया यूनाइटेड डिजिटल प्लेटफार्म इंटीग्रेशन" का शुभारंभ किया। इस अवसर पर एनुअल रिपोर्ट : 2025 का भी विमोचन किया गया।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने नर्मदा नदी का उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे अमरकंटक से निकलने वाली छोटी धारा आगे चलकर विशाल स्वरूप ले लेती है, उसी प्रकार न्याय व्यवस्था में किए जा रहे छोटे-छोटे तकनीकी सुधार आने वाले समय में व्यापक परिवर्तन का आधार बनेंगे। उन्होंने कहा कि हाल ही में शुरू किए गए डिजिटल प्लेटफॉर्म और एप न्याय प्रणाली को अधिक पारदर्शी, तेज और प्रभावी बनाने में सहायक होंगे।

# भारत के लिए तीस मिलियन बैरल तेल रिजर्व करेगा यूएई

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारत की ऊर्जा सुरक्षा को एक बड़ा रणनीतिक बढ़ावा मिलने वाला है। अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी ने भारत के अंदर अपने कच्चे तेल के भंडारण की मौजूदगी को काफी हद तक बढ़ाने पर सहमति जताई है। संयुक्त अरब अमीरात में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा के दौरान अंतिम रूप दिए गए इस समझौते के तहत अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी भारत की भूमिगत भंडारण सुविधाओं के अंदर



लगभग तीस मिलियन बैरल रणनीतिक कच्चा तेल आरक्षित रखेगी। यह कदम एक ऐसे समय में उठाया गया है जब पश्चिम एशिया में तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य में संभावित रुकावटों की आशंकाओं की वजह से वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ गई हैं।

वर्तमान में भारत का कुल रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार लगभग पांच दशमलव तीन मिलियन टन का है। अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी के तीस मिलियन बैरल के जुड़ने से देश की रणनीतिक भंडार क्षमता में लगभग सत्तर प्रतिशत की बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। विशेषज्ञों का ऐसा कहना है कि इससे वैश्विक तेल संकट या फिर युद्धकाल में आपूर्ति में होने वाली रुकावटों के खिलाफ भारत की तैयारी काफी मजबूत होगी।

सेना प्रमुख का सख्त संदेश

# पाकिस्तान तय कर ले कि भूगोल का हिस्सा रहना चाहता है या इतिहास का

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शनिवार को इस्लामाबाद को कड़ा सैन्य संदेश देते हुए कहा है कि अगर पाकिस्तान आतंकवादियों को पनाह देना और भारत के खिलाफ काम करना जारी रखता है तो उन्हें यह तय करना होगा कि वे भूगोल का हिस्सा बने रहना चाहते हैं या इतिहास का। जनरल द्विवेदी की यह टिप्पणी भले ही संक्षिप्त थी लेकिन इसमें पाकिस्तान के लिए एक बेहद कड़ा संदेश छिपा था। इसके जरिए उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ भारत के सख्त रुख को एक बार फिर दुनिया के सामने दोहराया है।



यहां मानेकशॉ सेंटर में यूनिफॉर्म अनवेइल्ड द्वारा आयोजित एक संवाद सत्र के दौरान सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी से एक अहम सवाल पूछा गया था। उनसे पूछा गया था कि यदि पिछले साल ऑपरेशन सिंदूर जैसी परिस्थितियां दोबारा पैदा होती हैं तो भारतीय सेना इस पर क्या प्रतिक्रिया देगी।

इस सवाल के जवाब में सेना प्रमुख ने कहा कि अगर आपने मुझे पहले सुना हो तो मैंने यही कहा है कि पाकिस्तान अगर आतंकवादियों को पनाह देना और भारत के खिलाफ काम करना जारी रखता है तो उन्हें खुद ही तय करना होगा कि वे भूगोल का हिस्सा बने रहना चाहते हैं या इतिहास का। सेना संवाद नाम के इस कार्यक्रम में उनका यह बयान देश और भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ मनाए जाने के कुछ ही दिनों बाद आया है।

पिछले साल घातक पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में सात मई की सुबह ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया गया था। इसके तहत भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में कई आतंकी ठिकानों पर सटीक हवाई हमले किए थे। बाद में पाकिस्तान ने भी भारत के खिलाफ जवाबी हमले शुरू किए और इसके जवाब में भारत द्वारा किए गए सभी पलटवार भी ऑपरेशन सिंदूर के तहत ही अंजाम दिए गए थे। परमाणु हथियारों से लैस इन दोनों पड़ोसी देशों के बीच लगभग अठासी घंटे तक चला यह सैन्य संघर्ष दस मई की शाम को आपसी समझौते पर पहुंचने के बाद रुक गया था।

## एक नजर

### आंधी, तूफान से कोरकेट सिट उड़ा, घर हुआ क्षतिग्रस्त मुआवजे की मांग



**बड़कागांव :** अचानक आए आंधी पानी एवं तूफान से तलसवार पंचायत अंतर्गत कोयलंग निवासी आरती देवी पति सरोज सोनी का कोरकेट सीट से बना हुआ मकान का, सिट उड़ जाने से क्षतिग्रस्त हो गया। परिवार की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है। मकान क्षतिग्रस्त होने से उसे इस भीषण गर्मी में रहने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मामले को देखते हुए तलसवार पंचायत के मुखिया मुखिया गीता देवी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से आपदा प्रबंधन विभाग से परिवार के लिए मुआवजे की मांग की है।

### फलाहारी बाबा आश्रम में सजेगा भक्ति का दरबार दूर-दराज से पहुंचेंगे श्रद्धालु




**चौपारण :** प्रखंड स्थित फलाहारी बाबा आश्रम सह श्री हनुमंत सेवा संस्थान परिसर में फलाहारी बाबा के चौथे बैकुंठ उत्सव के अवसर पर दो दिवसीय विशेष धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं एवं समिति सदस्यों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन समिति के अनुसार 21 मई 2026, गुरुवार को अखंड श्रीरामचरितमानस पाठ का आयोजन होगा। वहीं 22 मई 2026, शुक्रवार को हवन, पूणार्हुति एवं विशाल महाभंडारे का आयोजन किया जाएगा। महाभंडारा दोपहर 12 बजे से श्रद्धालुओं के आगमन तक चलता रहेगा, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों के शामिल होने की संभावना है। उत्सव के दौरान फलाहारी बाबा की विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। साथ ही मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण योजना एवं भव्य तोरण द्वार का उद्घाटन सांसद मनीष जायसवाल तथा बरही विधायक मनोज यादव द्वारा किया जाएगा। संस्थान के अध्यक्ष आनंद चंद्रवंशी एवं सचिव कुमार राहुल ने बताया कि आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। उन्होंने कहा कि बैकुंठ उत्सव में दूर-दराज से बाबा के भक्त पहुंचेंगे और पूरे क्षेत्र में धार्मिक माहौल बना रहेगा। बताया जाता है कि फलाहारी उर्फ आलू बाबा की तपोभूमि मां भद्रकाली मंदिर एवं बिगहा गढ़काली मंदिर रही है। बाबा भगवान श्रीराम के परम भक्त थे।

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर जागरूकता की अलख प्रभात फेरी, रैली और निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कटकमसांडी :** राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर शनिवार को कटकमसांडी एवं कटकमदाग प्रखंड क्षेत्र में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, स्वास्थ्य उपकेंद्र, सरकारी एवं निजी विद्यालयों, मदरसों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में डेंगू एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।



कार्यक्रम का शुभारंभ सीएचसी कटकमसांडी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. भूषण राणा, भीबीडी इंचार्ज सह एमटीएस सुरेन्द्र कुमार, पीरामल फाउंडेशन के अब्दुल मन्नान, सीएचओ पूनम बारला, एएनएम नसीमा प्रवीण, गीता तिग्गा, बीटीटी इस्राफील अंसारी एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

इस वर्ष राष्ट्रीय डेंगू दिवस की थीम "Community Participation in Dengue Control: Check, Clean & Cover" रखी गई है, जिसका उद्देश्य समुदाय की भागीदारी से डेंगू नियंत्रण को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने लोगों को डेंगू, मलेरिया, फाइलेरिया, चिकनगुनिया, जापानी इंसेफेलाइटिस (जेई) एवं कालाजार जैसी वेक्टर जनित बीमारियों के लक्षण, बचाव, उपचार एवं "ड्राई डे" की महत्ता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। आयुष्मान आरोग्य मंदिर पबरा के अंतर्गत पबरा रोड स्थित गैलेक्सी पब्लिक स्कूल में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्कूल के प्राचार्य दीपक शर्मा, एमटीएस सुरेन्द्र कुमार एवं अब्दुल मन्नान ने प्रार्थना सभा के दौरान माइक के माध्यम से छात्र-छात्राओं को डेंगू और अन्य संक्रामक रोगों से बचाव के उपाय बताए तथा स्वच्छता अपनाने की अपील की। इसके बाद विद्यालय परिसर से एक भव्य प्रभात फेरी एवं जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने "डेंगू भगाओ, देश बचाओ", "साफ-सफाई अपनाएं, डेंगू को दूर भगाएं" जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम के तहत आयोजित निबंध प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में मिसबाह शाहीन ने प्रथम, मनतशा आलिया ने द्वितीय तथा आयुषी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकों फरहत जहां, फरहत परवीन, ममता कुमारी, गजाला फिरदौस, आफरीन कमाल, आश्मीन परवीन, श्याम कुमार और दिलशाद अंसारी सहित अन्य कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अंत में प्रखंड एमटीएस सुरेन्द्र कुमार ने सभी से अपील करते हुए कहा कि राष्ट्रीय डेंगू दिवस का संदेश प्रखंड के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

## करियातपुर प्लस टू उच्च विद्यालय का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** उपायुक्त हेमंत सती ने शनिवार को करियातपुर प्लस टू उच्च विद्यालय की चाहरदीवारी निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर के आसपास हुए अतिक्रमण पर नाराजगी जताते हुए अंचल अधिकारी को तत्काल अतिक्रमण हटाने का सख्त निर्देश दिया। उपायुक्त ने विद्यालय के संवेदक को भी निर्देश किया कि चाहरदीवारी निर्माण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए और निर्माण कार्य तत्काल शुरू कर शीघ्र पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि विद्यालय की सुरक्षा और शैक्षणिक वातावरण बनाए रखने के लिए चाहरदीवारी का निर्माण आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को स्कूल के आसपास



समुचित लाइट व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उपायुक्त ने कहा कि करियातपुर में अतिक्रमण हटाने के बाद एक सार्वजनिक बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें स्थानीय लोगों के साथ मार्किट निर्माण से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष नरेश ठाकुर, लक्ष्मण अम्बेडकर सहित सभी दुकानदार एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## रसोईया धमना के सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** नए सत्र की शुरूआत के साथ सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल, रसोईया धमना में सीसीए के तहत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें सभी वर्गों को सीनियर और जूनियर ग्रुप में बांटकर विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई गईं। कार्यक्रम का प्रतिनिधित्व विद्यालय के निदेशक टूकलाल साहू ने किया। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि पूरे सत्र में इस तरह के रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित होते रहेंगे। प्राचार्य नितेश कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय विगत 11 वर्षों से शिक्षा के साथ-साथ सभी प्रकार की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित



करता आ रहा है। यहां के बच्चे किताबी ज्ञान के साथ तकनीकी ज्ञान, कला और अन्य क्षेत्रों में भी अव्वल रहते हैं।

**प्रतियोगिता परिणामः**

राइटिंग प्रतियोगिता - सीनियर ग्रुपः प्रथम - नैंसी कुमारी, नवमी; द्वितीय - शिवम राणा, आठवीं; तृतीय - आंचल कुमारी, छठी। राइटिंग - जूनियर सेक्शनः प्रथम - प्रियांक पंडित, तीसरी; द्वितीय - ऋषि कुमारी, पांचवीं; तृतीय-रितेश रजक, तीसरी। निबंध प्रतियोगिता - सीनियर सेक्शनः प्रथम-श्वेता कुमारी, सातवीं; द्वितीय - कौशल्या कुमारी, सातवीं। चित्रांकन- सीनियर ग्रुपः प्रथम-आराध्या कुमारी और आशियाना प्रवीण, सातवीं; द्वितीय - शान्वी गुप्ता, छठी व तरन्नुम दिलकशी, सातवीं; तृतीय-स्वीटी कुमारी, छठी। चित्रांकन-जूनियर सेक्शनः प्रथम-अमन कुमार, पांचवीं; द्वितीय - नैंसी कुमारी, तीसरी; तृतीय - अभिराज कुमार, पांचवीं।

## पचड़ा गांव में शांकेश्वरी माता धाम पहुंचे सांसद, महायज्ञ की पूणार्हुति में लिया हिस्सा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल शनिवार को बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के केरेडारी प्रखंड स्थित ग्राम पचड़ा, सिझुवा पहुंचे। यहां आयोजित पांच दिवसीय श्री श्री 1008 श्री शतचंडी महायज्ञ एवं शांकेश्वरी माता धाम में प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ की पूणार्हुति में वे शामिल हुए। सांसद ने यज्ञ मंडप और शांकेश्वरी माता धाम में प्राचीन मां शांकेश्वरी और बजरंगबली की प्रतिमा के समक्ष माथा टेका और पूरे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।





कार्यक्रम के दौरान यज्ञ समिति ने सांसद मनीष जायसवाल सहित अन्य अतिथियों का भगवा पगड़ी, फूल माला एवं शॉल ओढ़ाकर भव्य स्वागत किया। स्थानीय मुखिया महेश साव ने ग्रामीणों की ओर से सांसद के समक्ष मंदिर निर्माण में सहयोग, चंद्रगुप्त कोल परियोजना में स्थानीय लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने और डीएमएफटी मद से क्षेत्र में विकास कार्य कराने की मांग रखी। सभा को संबोधित करते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि यज्ञ का सबसे बड़ा प्रसाद सुविचार होता है, जो सात्विक विचारधारा के लिए प्रेरित करता है और क्षेत्र में सुख, शांति व समृद्धि लाता है। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि आधारभूत समस्याओं के समाधान के लिए वे हमेशा तत्पर हैं। सांसद ने कहा कि चंद्रगुप्त कोल परियोजना सहित आसपास की कंपनियों से स्थानीय लोगों को उचित सुविधा, मुआवजा और रोजगार मिले, इसके लिए विशेष रणनीति बनाई जाएगी। उन्होंने मंदिर प्रांगण के सौंदर्यीकरण के लिए जल्द टाइल्स उपलब्ध कराने का भी भरोसा दिया। केरेडारी जाने के क्रम में बड़कागांव और केरेडारी में भाजपा कार्यकताओं और समर्थकों ने सांसद का फूल-माला, पुष्पगुच्छ और अंग-वस्त्र से भव्य स्वागत किया।

## 12वीं झारखंड राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप 2026 का भव्य शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता


**हजारीबाग :** माउंट कार्मेल स्कूल, हरननगंज में शनिवार को 12वीं झारखंड राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप 2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने कबूतर उड़ाकर, फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर चैंपियनशिप का विधिवत उद्घाटन किया। स्कूल पहुंचने पर बच्चों ने मार्च पास्ट कर अनुशासित तरीके से सांसद का अभिनंदन किया। स्कूल प्रबंधन और आयोजन समिति ने पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह भेंटकर और शॉल ओढ़ाकर उन्हें सम्मानित किया।

इस मौके पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि जीवन में जीतने से अधिक खेलना जरूरी है, क्योंकि खेलेंगे तो कभी न कभी जीतेंगे जरूर। उन्होंने कहा कि मेहनत का कोई शॉर्टकट नहीं होता।



खेल इंसान को नशामुक्त और आपराधिक मानसिकता से दूर रखता है, साथ ही जीवन जीने की सही कला सिखाता है। उन्होंने आयोजन समिति के सिहान राजकुमार व माउंट कार्मेल स्कूल प्रबंधन को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। चैंपियनशिप में राज्य के विभिन्न जिलों से खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। माउंट कार्मेल स्कूल हजारीबाग, कार्मल स्कूल बोकारो, कार्मल हाई स्कूल बोकारो, संत लुइस स्कूल बोकारो, कार्मेल स्कूल डिगवाडीह सहित रांची, घाटशिला और सरायकेला के स्कूलों के प्रतिभागी शामिल हैं। सभी खिलाड़ी अद्भुत खेल भावना, कड़े अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय दे रहे हैं।

# छड़वा काली मंदिर में उमड़ा आस्था का जनसैलाब 25 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने की वट सावित्री पूजा




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कटकमसांडी :** हजारीबाग जिले में शनिवार को अखंड सौभाग्य, पति की दीर्घायु और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए मनाया जाने वाला वट सावित्री पूजा पूरे श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी इलाकों तक हर ओर इस पर्व की भव्यता देखने को मिली। सुहागिन महिलाओं ने व्रत रखकर बरगद वृक्ष की पूजा-अर्चना की और अपने पति के दीघार्यु जीवन की कामना की। कटकमसांडी थाना क्षेत्र स्थित छड़वा काली मंदिर इस अवसर पर आस्था का प्रमुख केंद्र बना रहा, जहां 25 हजार से अधिक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मंदिर परिसर सुबह से ही भक्तिमय माहौल में डूबा नजर आया। दूर-दराज के गांवों और शहरों से महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सज-धज कर मंदिर पहुंचीं और विधि-विधान के साथ पूजा संपन्न की। मंदिर परिसर में बरगद वृक्ष के चारों ओर महिलाओं ने श्रद्धा के साथ परिक्रमा की। कई महिलाओं ने 51 बार, तो कई ने 108 बार बरगद वृक्ष की परिक्रमा कर अपने पति की लंबी आयु और परिवार की खुशहाली की कामना की। पूजा के दौरान महिलाओं के हाथों में मौली धागा, चना, इलायची दाना और पूजा की डालिया देखी गई, जिनकी मदद से वे अपनी परिक्रमा की गिनती करती रहीं।

### महिलाओं ने पति की लंबी उम्र की कामना के साथ की वट सावित्री पूजा


**चलकुशा :** प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न जगहों में वट सावित्री पूजा का पावन पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या के अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने निर्जला व्रत रखा।



उन्होंने बट वृक्ष की विधिवत पूजा-अर्चना कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि और पति की लंबी उम्र की कामना की। सुबह से ही चलकुशा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों और मंदिर परिसरों में महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। महिलाओं ने स्नान कर नए वस्त्र धारण किए और सोलह श्रृंगार कर पूजा की तैयारी की। वट वृक्ष के पास पहुंचकर उन्होंने पूजा सामग्री अर्पित की और कच्चा सूत लपेटते हुए वृक्ष की परिक्रमा की। इस दौरान फल, मिठाई, भींगा चना, पकवान, धूप-दीप के साथ बांस एवं ताड़ से बने पंखे भी चढ़ाए गए। पूजा के दौरान महिलाओं ने सावित्री-सत्यवान की कथा सुनी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, माता सावित्री ने अपने तप, निष्ठा और अटूट संकल्प से यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस प्राप्त किए थे।

### पति की लंबी उम्र के लिए सुहागिन महिलाओं ने की वट वृक्ष की पूजा-अर्चना

**चौपारण :** प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को वट सावित्री पूजा श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ धूमधाम से संपन्न हुई। सुहागिन महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर वट वृक्ष की पूजा-अर्चना की



तथा अपने पति की दीघार्यु, परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। सुबह से ही विभिन्न पूजा स्थलों और वट वृक्षों के समीप महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। पारंपरिक वेशभूषा और श्रृंगार में सजी महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा कर वट वृक्ष की परिक्रमा की एवं धागा बांधकर सावित्री-सत्यवान की कथा सुनी। पूजा स्थलों पर पूरे दिन भक्तिमय माहौल बना रहा। महिलाओं में विशेष उत्साह और आस्था देखने को मिली। इस अवसर पर प्रमुख पूर्णिमा देवी, मुखिया सरिता देवी, मुखिया पिंकी देवी, मुखिया रेखा देवी, मुखिया संगीता देवी, मुखिया पूजा देवी पूर्व मुखिया प्रत्याशी सुनीता देवी सहित बड़ी संख्या में सुहागिन महिलाएं पूजा में शामिल हुईं।

## संक्षिप्त खबरें

### पति की लंबी आयु के लिए सुहागिनों ने की वट सावित्री की पूजा



**बरही :** ज्येष्ठ माह की अमावस्या पर शनिवार को बरही प्रखंड क्षेत्र में सुहागिनों ने पति की लंबी आयु और अखंड सौभाग्य की कामना के साथ वट सावित्री व्रत हर्षोल्लास से मनाया। लश्करी समेत पूरे प्रखंड में सुबह से ही वट वृक्षों के पास महिलाओं की भीड़ उमड़ी रही।
सोलह श्रृंगार कर पहुंचीं सैकड़ों सुहागिनों ने वट वृक्ष की पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने बरगद के पेड़ में कच्चा सूत लपेटते हुए सात बार परिक्रमा की और रक्षा सूत्र बांधकर पति की दीघार्यु की कामना की। पूजा के दौरान वट वृक्ष को फल, फूल, मिठाई और पूजन सामग्री अर्पित की गई। कई महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर सावित्री-सत्यवान की कथा का श्रवण भी किया। मान्यता है कि महाभारत काल में सावित्री ने अपने तप और समर्पण से यमराज से पति सत्यवान के प्राण वापस लिए थे। इसी कारण यह व्रत पति-पत्नी के प्रेम, त्याग और अटूट रिश्ते का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि वट सावित्री व्रत करने से महिलाएं आजीवन सुहागन रहती हैं।
बरही बाजार, करियातपुर, करसो, लश्करी, कोनरा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी वट वृक्षों के पास महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा संपन्न की। पूरे दिन धार्मिक माहौल बना रहा।

### एनटीपीसी पकरी बरवाडीह में स्वच्छता पखवाड़ा का हुआ शुरूआत



**बड़कागांव :** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना में स्वच्छता पखवाड़ा 2026 का शुभारंभ हुआ। इस दौरान सभी कर्मचारियों को स्वच्छता के लिए परियोजना प्रमुख, सुब्रत कुमार दास द्वारा शपथ दिलाई गई। जिसके माध्यम से स्वच्छता, स्वच्छ पर्यावरण एवं सतत विकास के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता को दोहराया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के सभी कर्मचारी एवं विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर अपने कार्यस्थल एवं व्यक्तिगत जीवन में स्वच्छता के सिद्धांतों का पालन करने का संकल्प लिया। परियोजना में स्वच्छता पखवाड़ा 16 मई से 31 मई 2026 तक मनाया जाएगा, जिसके अंतर्गत विभिन्न स्वच्छता से संबंधित गतिविधियां एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन गतिविधियों का उद्देश्य परियोजना परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। यह आयोजन एनएमएल पकरी बरवाडीह की स्वच्छ भारत मिशन के प्रति प्रतिबद्धता तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण हेतु उसके सतत प्रयासों को दशार्ता है।

### बड़कागांव में जनगणना कार्य शुरू



**बड़कागांव :** पूरे देश में 16 मई से जनगणना 2027 का पहला चरण मकान सूचीकरण एवं मकानो की गणना कार्य शुरू हो गई । प्रथम चरण का गणना 16 मई से 14 जून तक करना है। जिसमें मकान सूचीकरण में प्रत्येक मकान की गणना होनी है चाहे वह आवास हो, दुकान हो, खाली हो या किसी अन्य उपयोग के लिए हो। इसके साथ साथ परिवार में उपलब्ध सुविधाओं से संबंधित सवाल पूछे जाने हैं। इसमें आवास की स्थिति , पेयजल की सुविधा ,शौचालय , स्नानागार की स्थिति, परिसंपत्तियों से संबंधित सवाल रेडियो, टीवी, मोटरसाइकिल, मोबाइल आदि संबंधित कुल 34 कॉलम भरे जाने हैं।
यह जनगणना कार्य बड़कागांव प्रखंड के चार्ज ऑफिसर सह प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल एवं अपर चार्ज ऑफिसर इंदु शेखर प्रसाद के देखरेख में हो रहा है। इस जनगणना कार्यक्रम में पूरे प्रखंड में कुल 265 एचएलबी बनाए गए हैं। इनमें गणना हेतु 256 प्रगणक एवं कुल 45 सुपरवाइजर को लगाया गया हैं। इस कार्य को सही तरीके से करने के लिए सभी प्रगणकों का प्रशिक्षण सात बैच में फील्ड ट्रेनर देवकांत शर्मा, इजहार अली अंसारी, दीपक राणा एवं रविशंकर पाठक के द्वारा दिया गया। भारत में हो रही 16 वीं जनगणना में सभी प्रगणक बड़े उत्साह से अपने अपने कार्यक्षेत्र में लग गए हैं। इस चिलचिलाती धूप, प्रचण्ड गर्मी की प्रवाह किए बिना पहले 5 दिन मकानों में नम्बरिंग और फिर नजरी नक्शा तैयार करेंगे। उसके बाद घर घर जाकर परिवार से सवाल पूछ कर मोबाइल में भरेंगे।

### बरही में डीवीसी की बिजली कटौती से उद्योग परेशान, उपकरण हो रहे खराब



**बरही:** बरही के औद्योगिक उपभोक्ता डीवीसी की बदहाल बिजली आपूर्ति से बेहद परेशान हैं। मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन बरही ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि उपभोक्ताओं को निरंतर और निर्बाध बिजली आपूर्ति का वादा किया गया था, लेकिन हकीकत इसके उलट है। एसोसिएशन के अध्यक्ष पी.के. गर्ग ने बताया कि 33000 वोल्ट की जगह लगातार 28000 से 38000 वोल्ट तक का उतार-चढ़ाव हो रहा है। वोल्टेज के इस भारी उतार-चढ़ाव के कारण फैक्ट्रियों में लगी महंगी मशीनें और उपकरण बार-बार खराब हो रहे हैं। इससे उद्योगों को लाखों का नुकसान उठाना पड़ रहा है। एसोसिएशन ने कहा कि डीवीसी और रेगुलेटरी कमीशन के समक्ष कई बार शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन कार्यशैली में कोई सुधार नहीं हुआ। यह सीधे तौर पर डीवीसी की सेवा में कमी को दशार्ता है। उपभोक्ताओं ने मांग की थी कि 35000 से अधिक हाई वोल्टेज और 31000 से कम लो वोल्टेज को लोड फैक्टर की गणना में 'नॉन सप्लाई पीरियड' माना जाए, क्योंकि इस दौरान उत्पादन पूरी तरह ठप हो जाता है। मगर इस मांग पर भी कोई सकारात्मक विचार नहीं किया गया और उपभोक्ताओं पर अनावश्यक वित्तीय बोझ डाला जा रहा है। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से एसोसिएशन ने सरकार और डीवीसी से अनुरोध किया है कि उपभोक्ताओं की पिछले 3 वर्षों से अनसुनी की जा रही शिकायतो पर गंभीरता से सुनवाई हो और डीवीसी की कार्यप्रणाली में तत्काल सुधार किया जाए।

## एक नजर

### वृद्धाश्रम में भोजन व दैनिक उपयोग की सामग्री वितरित

**रांची :** हटिया के सिंह मोड़ (लटमा रोड) स्थित अपना घर वृद्धाश्रम में समाजसेवी व रिटायर्ड बैंककर्मी अभिजीत भट्टाचार्य व शुभ्रा भट्टाचार्य के संयुक्त सौजन्य से उनके पिता स्व। आचिन कुमार भट्टाचार्य व माता स्व। आरती भट्टाचार्य की पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी स्मृति में वृद्ध महिलाओं के बीच भोजन-वस्त्र व अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुएं बांटे गए। इस अवसर पर शहर के जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता तुषार कांति शीट, तन्मय मुखर्जी, सुकृत भट्टाचार्य, अरुण सिन्हा, छ्न्दा घोष, स्मिता डे, आलोक मजुमदार सहित अन्य उपस्थित थे।

### अनिल टाइगर हत्याकांड का सुपारी किलर गिरफ्तार

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी(भाजपा)के नेता अनिल टाइगर हत्याकांड मामले में रांची पुलिस को सफलता मिली है। मामले में 14 माह से फरार चल रहे सुपारी किलर सूरज को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार,आरोपित लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी। इस बीच रांची पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए उसे कोलकाता से दबोच लिया। आरोपित सूरज पर भाजपा नेता अनिल टाइगर की हत्या की साजिश और घटना को अंजाम देने में शामिल होने का आरोप है।

### महिलाओं ने की वट सावित्री की पूजा

**रांची :** राजधानी रांची के अलग-अलग क्षेत्रों में शनिवार को महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र के लिए वट सावित्री की पूजा की और व्रत रखा। महिलाओं ने बरगद के पेड़ के नीचे पूजा अर्चना की और वट सावित्री की कथा सुनी। पुरोहितों की ओर से अलग-अलग जगहों में महिलाओं को सावित्री सत्यवान की व्रत कथा सुनाई गई। इस अवसर पर महिलाओं ने मां सावित्री को नये वस्त्र, कई प्रकार के फल-फूल, सिंदूर, चूड़ी देकर वट वृक्ष की परिक्रमा की और वृक्ष पर कलावा बांधा।

### आंगनबाड़ी कर्मियों को राज्यकर्मी का दर्जा देने की मांग

**रांची :** झारखंड राज्य समाज कल्याण आंगनवाड़ी कर्मचारी संघ के संयोजक जय प्रकाश (जेपी) पांडेय ने केन्द्र सरकार के न्यूनतम वेतन कानून को सभी राज्यों में लागू करने के साथ आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं को राज्यकर्मी का दर्जा देने की मांग की है। उन्होंने शनिवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि वर्षों से मानदेय पर कार्य कर रहीं आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाएं शोषण और आर्थिक संकट का सामना कर रही हैं। कई महिलाएं सेवा के दौरान ही सेवानिवृत्त हो गईं, जबकि कई कर्मियों की कार्यकाल में ही मृत्यु हो गई,लेकिन उन्हें उचित वेतनमान और सामाजिक सुरक्षा का लाभ नहीं मिला।

# स्व-गणना में लोगों की कम दिखी रुचि महज 1.69 लाख लोगों ने भरा ऑनलाइन फॉर्म

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड में हो रहे जनगणना के पहले चरण में 1 मई से 15 मई तक हुए स्व-गणना में लोगों ने खास रुचि नहीं दिखाई। करोड़ों की आबादी वाले इस राज्य में 1,69,184 लोगों ने स्व-गणना में भाग लिया है। भारत सरकार के जनगणना कार्य निदेशालय के आंकड़ों के मुताबिक इनमें सबसे ज्यादा रांची जिले के लोगों ने स्व-गणना में भाग लिया है, जिनकी संख्या 46629 है।
वहीं, दूसरे नंबर पर पूर्वी सिंहभूम है, जहां 18807 लोगों ने स्व-गणना किया है। सबसे कम पाकुड़ जिला में स्व-गणना हुआ है। यहां मात्र 2410 लोगों ने ऑनलाइन फॉर्म भरा है। भारत सरकार के जनगणना निदेशालय के निदेशक प्रभात कुमार के अनुसार स्व-गणना के बाद आज यानी 16 मई से 14 जून 2026 तक घर-घर सर्वे की शुरूआत हुई है। उन्होंने कहा कि स्व-गणना कम होने के पीछे इच्छाशक्ति का अभाव माना जा सकता है। उन्होंने कहा कि इसके लिए लगातार विभिन्न माध्यमों से जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है।
गौरतलब है कि झारखंड की पिछली जनगणना 2011 में हुई थी, जिसके अनुसार राज्य की कुल जनसंख्या लगभग 3।3 करोड़ (32,988,134) थी। एक अनुमान के मुताबिक वर्तमान में राज्य की अनुमानित जनसंख्या 4।12 करोड़ से 4।15 करोड़ के बीच होने की संभावना है।

### स्व-गणना के बाद शुरू हुआ घर-घर सर्वे

डिजिटल माध्यम से पहली बार हो रहे जनगणना के पहले चरण झारखंड में स्व-गणना के बाद आज 16 मई से 14 जून 2026 तक घर-घर सर्वे होगा। इसके तहत मकानों की सूची और हाउस लिस्टिंग होगी तत्पश्चात दूसरे और अंतिम चरण फरवरी 2027 में होगा, जिसमें जनसंख्या की गणना की जाएगी। इसके लिए राज्य सरकार के करीब 75000 कर्मचारी लगाए गए हैं।

### प्रत्येक कर्मचारी को 25 हजार मानदेय

सरकार इस कार्य के लिए प्रत्येक कर्मचारी को 25 हजार रुपए मानदेय देगी। हाउस सर्वे में प्रगणक को 9000 रुपए मिलेगा, वहीं जनसंख्या गणना के दौरान 16000 रुपए मिलेगा। प्रत्येक प्रगणक को अधिकतम 200 घर का गणना करनी होगी। इधर, आज से शुरू हुए हाउस लिस्टिंग में लगे शिक्षकों के लिए शिक्षा विभाग ने पत्र जारी कर स्कूल कार्य के पश्चात सुबह 10 बजे के बाद विद्यालय से प्रस्थान करने का निर्देश दिया है।



# रिम्स के एमबीबीएस छात्र ने की आत्महत्या, पुलिस की जांच जारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची में स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के एक एमबीबीएस छात्र ने हॉस्टल के कमरे में फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। छात्र की पहचान अक्षित कुजूर के रूप में हुई है। घटना के बाद उसे गंभीर हालत में ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।
पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, अक्षित कुजूर रिम्स में एमबीबीएस सेकंड ईयर का छात्र था और हॉस्टल नंबर-8 के एचआईजी ब्लॉक में रहता था। शनिवार को उसने अपने कमरे में फंदे से लटककर आत्महत्या का प्रयास किया। हालांकि समय रहते अन्य छात्रों और हॉस्टल प्रबंधन को इसकी जानकारी मिल गई। घटना की सूचना मिलते ही छात्रों और हॉस्टल कर्मचारियों ने कमरे का दरवाजा तोड़ा और अक्षित को फंदे से नीचे उतारा। इसके बाद उसे तत्काल इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।
घटना की सूचना मिलने के बाद बरियातू थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। बरियातू थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि एमबीबीएस छात्र के आत्महत्या करने की सूचना मिली थी, जिसके बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि फिलहाल छात्र के कमरे की तलाशी नहीं ली गई है। परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है। अक्षित कुजूर झारखंड के सिमडेगा जिले का रहने वाला था।
थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच जारी है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

# समर्पण शाखा के जनसेवा अभियान का समापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा की ओर से संस्था की अध्यक्ष शुभा अग्रवाल के नेतृत्व में चलाए जा रहे प्यार बांटते चलो स्लोगन के अंतर्गत 15 दिन 15 जन सेवा अभियान का समापन शनिवार को हुआ। इस अवसर पर संस्था की ओर से राजधानी रांची के अपर बाजार स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर में नींबू पानी का वितरण किया गया।



यह सेवा कार्य संस्था की सदस्य रेखा राईका के सहयोग से सम्पन्न हुआ। गर्मी को देखते हुए राहगीरों और जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से शाखा की सदस्याओं ने नींबू पानी वितरित कर सेवा की भावना को बढ़ावा दिया।
मौके पर अध्यक्ष शुभा अग्रवाल ने बताया कि 15 दिन 15 जन सेवा अभियान के अंतर्गत आयोजित सभी सेवा कार्य अत्यंत सफलतापूर्वक सम्पन्न हुए। शाखा की सभी सदस्यों के सहयोग, समर्पण और उत्साह के कारण यह अभियान प्रेरणादायक रूप से सफल रहा।
इस अवसर पर अध्यक्ष शुभा अग्रवाल, सचिव रेखा राईका, वर्षा धानुका, कोमल पोद्दार, वीणा शर्मा, पायल जैन सहित शाखा की अन्य सदस्य उपस्थित थीं। सभी ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाकर कार्यक्रम को सफल बनाया।
यह जानकारी मीडिया प्रभारी वेदिका सिंघानिया ने दी।

# वट सावित्री की पूजा पारंपरिक उल्लास और श्रद्धा के साथ संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिल्ली :** सिल्ली और मुरी आसपास के क्षेत्रों में वट सावित्री की पूजा पारंपरिक,उल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई।सुहागिन महिलाओं के लिए यह पर्व विशेष महत्व रखता है, क्योंकि वे अपने पति की लंबी आयु,स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना के लिए वट सावित्री का व्रत रखती हैं।शनिवार के दिन सुबह से ही महिलाएं नए वस्त्र और पारंपरिक आभूषणों में सजकर वट वृक्ष की पूजा के लिए घरों से निकल पड़ीं।हाथों में पूजा की थाली,जल,फूल, कच्चा सूत,फल और मिष्ठान लिए महिलाओं ने वट वृक्षों के नीचे एकत्रित होकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।पहले वट वृक्ष की जड़ों में जल अर्पित किया गया,फिर कच्चा सूत वृक्ष के तने में बांधते हुए महिलाओं ने पति की लंबी आयु के लिए प्रार्थना की।पूजा के दौरान पंडितों और महिलाओं द्वारा वट सावित्री की पौराणिक कथा का पाठ किया गया।पूजा समाप्ति के बाद महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाया, आशीर्वाद लिया और प्रसाद वितरित किया।व्रत रखने वाली महिलाओं ने दिनभर निर्जला व्रत रखा।क्षेत्र में बट सावित्री का यह पर्व महिलाओं की आस्था और पति-पत्नी के अटूट बंधन का प्रतीक बनकर मनाया गया।

# हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति 2016 : जेएसएससी ने फैक्ट फाइंडिंग कमीशन को सौंपी विस्तृत रिपोर्ट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड में साल 2016 से चली आ रही हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया एक बार फिर चर्चा में है। इस मामले की जांच के लिए गठित वनमैन फैक्ट फाइंडिंग कमीशन के समक्ष शनिवार को झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा नियुक्ति से जुड़ी एक विस्तृत रिपोर्ट सौंप दी गई है। यह सुनवाई डोरंडा स्थित पुराने हाईकोर्ट परिसर में जस्टिस गौतम कुमार चौधरी के नेतृत्व में हुई।
हालाँकि सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से पेश की गई रिपोर्ट को कमीशन ने स्वीकार नहीं किया क्योंकि उसमें विभागीय पत्रांक दर्ज नहीं था। कमीशन ने सरकार को निर्देश दिया है कि वह आगामी सुनवाई में इस रिपोर्ट को दोबारा सही तरीके से उपस्थापित करे। मामले की अगली सुनवाई 23 मई को निर्धारित की गई है।
जेएसएससी ने साल 2016 में हाईस्कूल शिक्षकों के 17786 पदों पर बहाली के लिए प्रक्रिया शुरू की थी जो शुरूआत से ही विवादों में घिरी रही। इस बहाली में जिला स्तरीय और राज्य स्तरीय दोनों आधार पर मेरिट लिस्ट बनाई गई थी। जिला स्तरीय मेरिट के कारण सैकड़ों ऐसे अभ्यर्थियों का चयन नहीं हो पाया जिनके अंक कट ऑफ से कहीं अधिक थे। प्रार्थी मीना कुमारी और अन्य की ओर से दायर 258 याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने इस पूरे मामले की जांच के लिए वनमैन फैक्ट फाइंडिंग कमीशन का गठन किया है।

### अब आगे क्या करेगा कमीशन

हाईकोर्ट के निदेर्शानुसार फैक्ट फाइंडिंग कमीशन को तीन महीने के भीतर पूरी नियुक्ति प्रक्रिया की बारीकी से जांच कर राज्य सरकार को अपनी अनुशंसा सौंपनी है। सुप्रीम कोर्ट के दिशानिदेर्शों के अनुरूप कमीशन अब तक नियुक्त हो चुके सभी शिक्षकों के नाम प्राप्तांक नियुक्ति तिथि और स्टेट मेरिट लिस्ट से जुड़े दस्तावेजों की गहन जांच शुरू करेगी। शनिवार को हुई इस अहम सुनवाई के दौरान माध्यमिक शिक्षा निदेशक राजेश प्रसाद जेएसएससी के उपसचिव बशीर अहमद और याचिकाकताओं की ओर से अधिवक्ता शेखर प्रसाद गुप्ता समेत कई अन्य वकील उपस्थित थे।

## झारखंड और कर्नाटक के उद्यमियों के बीच महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

# व्यापार और निवेश की संभावनाओं पर हुआ मंथन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** फेडरेशन ऑफ झारखंड चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज और बेल्लारी डिस्ट्रिक्ट चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, कर्नाटक के बीच शुक्रवार को चेम्बर भवन में एक अहम संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में दोनों राज्यों के बीच व्यापार, औद्योगिक सहयोग और निवेश की संभावनाओं को लेकर विस्तृत विचार विमर्श हुआ।

### औद्योगिक दृष्टिकोण से बेहद समृद्ध राज्य है झारखंडः उद्योग सचिव

बैठक में राज्य के आर्थिक विकास का दृष्टिकोण रखते हुए उद्योग सचिव अरावा राजकमल ने कहा कि औद्योगिक दृष्टिकोण से झारखंड एक बेहद समृद्ध राज्य है। यहाँ विशाल खनिज संसाधन हैं और यह एक प्रमाणित औद्योगिक पावरहाउस रहा है। बेल्लारी खनन, विनिर्माण और सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में अग्रणी है, जिससे दोनों राज्यों के बीच आपसी सीखने और सहयोग के व्यापक अवसर हैं।
उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य के विकास को लेकर एक दूरदर्शी दृष्टिकोण रखते हैं। मुख्यमंत्री का दृष्टिकोण खनन क्षेत्र में खनिज खनन से लेकर हाई एंड सॉल्यूशंस तक एक संपूर्ण मूल्य श्रृंखला बनाने का है। साथ ही महिला उद्यमिता को आधारशिला बनाकर राज्य में कृषि और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को सकारात्मक रूप से बदलने की योजना है। राज्य में इको टूरिज्म, क्रिटिकल मिनरल्स, टेक्सटाइल, रेडीमेड गारमेंट्स, खाद्य प्रसंस्करण और सुपर फूड्स क्षेत्रों में जबरदस्त क्षमता है।




### निवेशकों को हर संभव सहायता देने के लिए तत्पर है उद्योग विभाग

उद्योग निदेशक विशाल सागर ने डेलीगेट्स को झारखंड में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने उल्लेख किया कि झारखंड ने इस वर्ष पहली बार दावोस में विश्व आर्थिक मंच में भाग लिया था, जहाँ मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल में झारखंड चेम्बर भी शामिल था। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने निवेश के अवसरों को तलाशने के लिए यूनाइटेड किंगडम के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व भी किया था। उन्होंने कहा कि उद्योग विभाग निवेशकों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए हमेशा तत्पर है।

### जल्द जारी होगी नई औद्योगिक नीतिः चेम्बर अध्यक्ष

झारखंड चेम्बर के अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि झारखंड तेजी से औद्योगिक विकास के एक नए चरण में प्रवेश कर रहा है। राज्य की कपड़ा नीति आकर्षक है और जल्द ही एक नई औद्योगिक नीति जारी होने वाली है जो निवेशकों के लिए एक सुनहरा अवसर पेश करेगी। झारखंड एक खनिज समृद्ध और बिजली अधिशेष वाला राज्य है जहाँ कुशल जनशक्ति की कोई कमी नहीं है।
चेम्बर के महासचिव रोहित अग्रवाल ने कर्नाटक के प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि यह बैठक उद्योग, निवेश और व्यापार सहयोग में एक नए अध्याय की शुरूआत है।

### कर्नाटक में निवेश के लिए झारखंड के उद्यमियों को मिला निमंत्रण

बेल्लारी डिस्ट्रिक्ट चेम्बर के अध्यक्ष अव्वारु मंजूनाथ ने झारखंड के उद्यमियों को कर्नाटक में निवेश करने का निमंत्रण दिया। बेल्लारी चेम्बर के पदाधिकारियों ने झारखंड चेम्बर को बेंगलुरु में आयोजित होने वाले एमएसएमई कॉन्क्लेव में शामिल होने के लिए भी आमंत्रित किया। बैठक के दौरान दोनों राज्यों के उद्यमियों और व्यापारियों ने अपने अपने व्यवसायों का परिचय दिया और विचारों का आदान प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान बेल्लारी चेम्बर द्वारा उद्योग सचिव और उद्योग निदेशक को सम्मानित भी किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### अमावस्या महास्नान व 200वां श्री श्याम भंडारा हरमू रोड मंदिर में संपन्न



**रांची :** श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में ज्येष्ठ अमावस्या महास्नान अनुष्ठान विधि विधान से संपन्न हुआ। यह आयोजन मंडल अध्यक्ष गोपाल मुरारका कोषाध्यक्ष मनोज खेतान और वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य श्यामसुंदर शर्मा के सानिध्य में पूरा हुआ। इस अवसर पर बाबा का विशेष श्रृंगार किया गया और श्रृंगार आरती में बड़ी संख्या में भक्तों ने हाजरी लगाई। श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 200वें श्री श्याम भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान वरिष्ठ आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल अभिषेक झा अमिता झा अनुज झा मंडल के निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश सरावगी अध्यक्ष गोपाल मुरारका उपाध्यक्ष अशोक लड़ियां महामंत्री गौरव अग्रवाल कोषाध्यक्ष मनोज खेतान वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य श्यामसुंदर शर्मा और सिंघल परिवार के इष्ट मित्रों ने संयुक्त रूप से बाबा श्री श्याम का भोग भजन गाया। आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी के भोग भजन से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा। सर्वप्रथम भंडारे का भोग लगाकर उसे महाप्रसाद में मिलाया गया। इसके बाद मंदिर के आचार्यों को यजमान पूजा सिंघल एवं परिवार के सदस्यों ने भोजन प्रसादी ग्रहण करवाई। मालूम हो कि भंडारे का भोग हर शनिवार को गौशाला में गौ माता के लिए भेजा जाता है। मंडल के वरिष्ठ सदस्य रतन शर्मा और मंदिर के सहयोगी इस भोग को गौशाला लेकर जाते हैं। भंडारे के दौरान श्री श्याम मंदिर परिसर भक्तों से भर गया और हरमू रोड पर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। पूरा क्षेत्र खाटूनरेश के जयकारों से गूंज रहा था। प्रथम पूज्य श्री गणेश जी महाराज के जयकारों के बीच प्रसाद वितरण शुरू किया गया। आज के भंडारे के प्रसाद में नमक अजवाइन पूड़ी आलू कद्दू गोभी की मिक्स सब्जी केसरिया जलेबी आमरस और खीर चूरमा का भोग लगाया गया। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में मंडल के पदाधिकारियों सहित 50 से अधिक कार्यकताओं ने अपना सहयोग दिया। कार्यक्रम की यह पूरी जानकारी मंडल के महामंत्री गौरव अग्रवाल ने साझा की है।

### झारखंड में गर्मी के बीच बारिश से राहत 22 मई तक आंधी-तूफान और वज्रपात का अलर्ट

**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में इन दिनों दिनभर भीषण गर्मी पड़ रही है, लेकिन शाम के समय हो रही बारिश से लोगों को राहत मिल रही है। मौसम का यह बदला हुआ मिजाज पिछले करीब 15 दिनों से बना हुआ है और मौसम विभाग के अनुसार पूरे मई माह तक इसी तरह की स्थिति बने रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया है कि 22 मई तक राज्य के विभिन्न जिलों में गर्जन के साथ बारिश, आकाशीय बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने की संभावना है। इस दौरान हवा की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। इसे देखते हुए विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा 19 मई को राज्य के दक्षिणी, उत्तर-पूर्वी और आसपास के मध्यवर्ती जिलों में तेज गर्जन, बारिश और वज्रपात के साथ 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने इसको लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम और उससे सटे पश्चिमी मध्यवर्ती क्षेत्रों में बने निम्न दबाव के क्षेत्र का असर झारखंड समेत कई राज्यों में देखने को मिलेगा। इसी वजह से अगले कुछ दिनों तक मौसम में बदलाव बना रहेगा। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश बोकारो जिले के नावाडीह में 39 मिलीमीटर दर्ज की गई। इसके अलावा खलारी में 37 मिमी, नीमडीह में 34 .6 मिमी, चांडिल में 33 .4 मिमी और रामगढ़ जिले के हिंदेगीर में 31.2 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। वहीं मसानजोर में 24 .8 मिमी, जमशेदपुर में 24 .4 मिमी, बड़कागांव में 16 .5 मिमी, बोकारो में 11 .5 मिमी और चंदवा में 10 .6 मिमी वर्षा दर्ज की गई। गढ़वा जिले में भी अच्छी बारिश हुई। तापमान की बात करें तो राज्य में सबसे अधिक तापमान 39 डिग्री सेल्सियस डाल्टनगंज में रिकॉर्ड किया गया, जबकि सबसे कम तापमान रांची के कांके क्षेत्र में 17 .4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शनिवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा और तेज धूप निकलने के कारण दोपहर में भीषण गर्मी और उमस महसूस की गई। शनिवार को रांची में अधिकतम तापमान 33 .8 डिग्री और न्यूनतम 21 .2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम 36 .8 डिग्री और न्यूनतम 21.8 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 39 डिग्री और न्यूनतम 24 .6 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 33 .1 डिग्री और न्यूनतम 23 .1 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम तापमान 36 .4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23 .2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### अनगड़ा में प्रखंड कांग्रेस कमिटी की विस्तारित कार्यकारिणी बैठक आयोजित

**अनगड़ा :** अनगड़ा पंचायत भवन में प्रखंड कांग्रेस कमिटी की विस्तारित कार्यकारिणी बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष एतवा उरांव ने की। बैठक में संगठनात्मक पहलुओं पर चर्चा के साथ मतदाता सूची से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर मंथन हुआ। निर्णय लिया गया कि पार्टी के इछअ-2 के साथ मिलकर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी योग्य मतदाता सूची से वंचित न रहे। सही मतदाताओं का चयन, मतदाता सूची का शुद्धिकरण एवं आयोग्य मतदाताओं की पहचान का कार्य अभियान चलाकर पूरा किया जाएगा। प्रखंड अध्यक्ष एतवा उरांव जी ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए शुद्ध मतदाता सूची जरूरी है। कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता बूथ स्तर पर जिम्मेदारी निभाएगा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष योगेन्दर बेदिया, उपाध्यक्ष जोन तिग्गा, प्रखंड महासचिव सकिर अंसारी, छोटेलाल महतो, संजय नायक, बिहारी मुंडा, अनीता देवी, विधायक प्रतिनिधि खनन विभाग शफिक अंसारी, स्वास्थ्य विभाग दूतीलाल बेदिया, ग्राम प्रधान खीरू उरांव जी उपस्थित रहे।

### बीजेपी कार्यालय में 19 मई को प्रखंड कार्यालय घेराव को लेकर बैठक आयोजित

**सिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी सिल्ली मंडल के प्रधान कार्यालय में शनिवार के दिन आगामी 19 मई को प्रखंड कार्यालय घेराव के संबंध में बैठक रखा गया।इस बैठक में प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा के चौधरी महतो उपस्थिति रहे एवं आगामी घेराव कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत रूप से कार्यकताओं को जानकारी दिए। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जन समस्याओं को लेकर आगामी होने वाले घेराव को सफलता पूर्वक संपादित करना है। कार्यकताओं ने बताया कि अघोषित बिजली कटौती,पानी किसी समस्या एवं ओलावृष्टि संबंधित समस्याओं को लेकर प्रखंड मुख्यालय का घेराव किया जाएगा।इस बैठक का अध्यक्षता सिल्ली मंडल अध्यक्ष अम्बुज रजक एवं समापन सुधीर साहू ने किया साथ ही बैठक में मंडल के महामंत्री हरिहर महतो, भेगराज प्रसाद,राजेंद्र प्रसाद साईं,लखन नायक,कृष्णा रविदास,सुभाष महतो आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### विधायक डॉ. नीरा यादव समेत हजारों महिलाओं ने की वट सावित्री पूजा



**कोडरमा** : वट सावित्री की पूजा शनिवार को पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ जिले में संपन्न हुआ। सुहागिन महिलाओं ने 16 श्रृंगार व नये वस्त्र धारण कर समीप के वट वृक्ष की पूजा अर्चना की और फेरे लेकर अपने पति के दीर्घायु होने और अमर सुहाग की कामना की। कोडरमा थाना परिसर स्थित वट वृक्ष के पास विधायक और प्रदेश की पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ नीरा यादव समेत सैकड़ों महिलाओं ने पूजा-अर्चना कर मंगलकामना की। मौके पर विधायक डॉ यादव ने राज्य की सभी सुहागिन महिलाओं को वट सावित्री पूजा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पूजा पति-पत्नी के बीच अमर प्रेम, त्याग और समर्पण का प्रतीक है। दाम्पत्य जीवन में दोनों का महत्व अनमोल है। उन्होंने कहा कि पति-पत्नी आपसी समझ और समन्वय से घर गृहस्थी चलाते हुए बच्चों की परवरिश करते हैं। यह साथ जिंदगी भर का होता है। पूजा के दौरान उनके साथ पति विजय यादव के अलावा सरस्वती देवी, मधु कुमारी, शीला प्रसाद, प्रियंका कुमारी, वीणा देवी, संजीव समीर, नरेंद्र सिंह, दीपनारायण सिंह, सुधीर पांडेय, विश्वनाथ पांडेय, प्रवीण पांडेय, पंकज पांडेय, बसंत राणा, आकाश घोष समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने तालाब निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

**कोडरमा** : मरकच्चो 15वें वित अनावद्ध निधि योजना अंतर्गत प्रखंड के ग्राम जामु स्थित काली मंडा के बगल में 9 लाख 90 हजार500 रुपये की लागत से बनने वाले तालाब निर्माण कार्य का शिलान्यास जीप उपाध्यक्ष कोडरमा रामधन यादव, जिप सदस्य प्रतिनिधि रवि शंकर तिवारी मंटू, मुखिया नीता कुमारी ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़ कर किया। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान स्थानीय ग्रामीण व जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर जिप अध्यक्ष कोडरमा रामधन यादव ने कहा कि तालाब निर्माण से जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा तथा ग्रामीण व किसानों को काफी लाभ होगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए पंचायत स्तर पर लगातार काम किए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने तालाब निर्माण कार्य शुरू होने पर खुशी जताते हुवे इसे क्षेत्र के लिए उपयोगी बताया। इस मौके पर रवींद्र गुप्ता,सुनील कुमार गुप्ता, पंकज साव, ठेकेदार रणजीत कुमार सिंह, मनीष सिंह,राजा सिंह समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

### समाज के उज्वल भविष्य के लिए शिक्षा जरूरी : खगेन्द्र राम

**कोडरमा** : अखिल भारतीय धोबी महासंघ जिला कमेटी कोडरमा की एक महत्वपूर्ण बैठक जयनगर प्रखंड के गोपालडीह में जिला अध्यक्ष मनींद्र राम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन दशरथ राम ने किया। बैठक में आगामी 5 जुलाई 2026 को आयोजित होने वाले ह्लज्ञान रत्न प्रतिभा सम्मान समारोहह्व को भव्य एवं सफल बनाने को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के उद्देश्य से सभी प्रखंड कमेटियों से अपील की गई कि विद्यार्थियों की मार्कशीट 25 जून तक जिला कमेटी के पास जमा कर दें। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष खगेन्द्र राम ने कहा कि शिक्षा ही समाज को आगे बढ़ाने का सबसे बड़ा माध्यम है और प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित करना समाज के उज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# नेहा राज हत्याकांड का खुलासा : अवैध संबंध और बदले की भावना में हुई थी हत्या, दंपति गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**कोडरमा** : 14 मई 2026 को मिटको कॉलोनी भंडरवा में महिला नेहा राज की गला रेतकर की गई निर्मम हत्या मामले का कोडरमा पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस संबंध में कोडरमा थाना कांड संख्या-92/26 दिनांक 14.05.2026 दर्ज कर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गहन अनुसंधान शुरू किया था। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी एवं मानवीय साक्ष्यों के आधार पर मामले का उद्भेदन करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में रोहित राणा (36 वर्ष), पिता स्व. लक्ष्मण राणा एवं देवन्ती देवी (30 वर्ष), पति रोहित राणा, दोनों निवासी सलैया थाना व जिला कोडरमा शामिल हैं।

पुलिस के अनुसार, पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, चाकू, घटना के समय पहने कपड़े एवं दो मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं। जांच में सामने आया कि मृतका नेहा राज के पति शम्भु राणा का देवन्ती राणा के साथ अवैध संबंध था। इसी को लेकर बदले की भावना में इस जघन्य हत्या को अंजाम दिया गया। पुलिस ने बताया कि शम्भु राणा के विरुद्ध भी अवैध संबंध मामले में अलग से कांड दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। जब्त सामान- घटना के समय पहने हुए कपड़े, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल (JH02X-9994), घटना में प्रयुक्त चाकू, दो मोबाइल फोन। छापामारी दल में शामिल अधिकारी पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी, कोडरमा, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी, तिलैया थाना प्रभारी, चंदवारा महिला थाना प्रभारी, कोडरमा पु.अ.नि. रोहित कुमार सिंह, कोडरमा थाना सशस्त्र बल एवं पैंथर जवान, कोडरमा थाना छापामारी दल में शामिल रहे।

## झुमरी तिलैया में महंगाई के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, पीएम मोदी का किया पुतला दहन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**कोडरमा** : केंद्र सरकार की कथित जनविरोधी नीतियों, पेट्रोल-डीजल, दूध, सीएनजी एवं रसोई गैस की बढ़ती कीमतों और किल्लत के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी कोडरमा के तत्वावधान में झुमरी तिलैया के झंडा चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन कार्यक्रम से पूर्व जवाहर टॉकीज कला मंदिर से सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकाला। जुलूस के दौरान कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकताओं ने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जुलूस झंडा चौक पहुंचकर सभा में तब्दील हो गया।सभा की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रजक ने की, जबकि संचालन जिला उपाध्यक्ष अज्जू सिंह ने किया। सभा को संबोधित करते हुए प्रकाश रजक ने कहा कि पेट्रोल, डीजल, सीएनजी, रसोई गैस और दूध की कीमतों में लगातार वृद्धि से आम जनता त्रस्त है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार महंगाई पर नियंत्रण पाने में पूरी तरह विफल रही है।उन्होंने कहा कि एक ओर प्रधानमंत्री जनता से सोना खरीदना बंद करने और पेट्रोल-डीजल कम उपयोग करने की अपील करते हैं, वहीं दूसरी ओर विदेश दौरों और विज्ञापनों पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। जनता अब भाजपा की नीतियों और कार्यशैली को समझ चुकी है। प्रदेश सचिव मनोज सहाय उर्फ पिंकू ने कहा कि केंद्र सरकार जनता की समस्याओं की अनदेखी कर रही है और इसका जवाब जनता आने वाले चुनाव में देगी। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष आनंद कुमार मेहता, दशरथ पासवान, जिला महासचिव अनिल दास, राजकुमार यादव, अजय कृष्णा, विजय सिंह, मिथुन सिंह, शंभू शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अपहरण कर हत्या करने के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा** : एसटी -39/2024 अपहरण कर हत्या किए जाने एवं साक्षय छुपाने की नीयत से लाश को बंद खदान में फेंक दिए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय राकेश चंद्रा की अदालत ने आरोपी सूरज राणा, 29 वर्ष , पिता- सुभाष राणा, ग्राम- सिंगलोडीह, डोमचांच, जिला - कोडरमा को 302 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाई साथ ही ?25000 जुमार्ना लगाया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर तीन माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वहीं न्यायालय ने 364 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए आजीवन सश्रम करवास की सजा सुनाई साथ ही 25000 जुर्माना लगाया जुर्माना की राशि नहीं देने पर 3 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। इसके अलावा न्यायालय ने आरोपी को 201 आईपीसी के तहत दोसी पाते हुए 2 साल की सजा सुनाई। सभी सजाऐ साथ-साथ चलेगी। मामला वर्ष 2023 का है। इसे लेकर मृतक प्रदीप पंडित की पत्नी सुनीता देवी तिलैया थाना में थाना कांड संख्या 258 / 2023 दर्ज कराया गया था। थाना को दिए आवेदन में सुनीता देवी ने कहा था कि 21-10- 2023 को उसके पति को लेकर दलजीत सिंह कोडरमा गए थे। उनके पति दलजीत सिंह के यहां ड्राइवर के रूप में काम करता था उसके बाद से मेरे पति घर वापस नहीं लौटे हैं । उनका मोबाइल फोन बंद आ रहा है । उन्हें विश्वास है कि उसके पति के अपहरण करने में दलजीत सिंह का हाथ है। उन्होंने पुलिस से छानबीन कर न्याय की गुहार लगाई थी। अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक प्रवीण कुमार सिंह ने किया। इस दौरान सभी गवाहों का परीक्षण कराया गया।

## मुलाकात से न्याय तक हेल्प डेस्क का गौतम कुमार ने किया उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददतात




**कोडरमा** : जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमाकांत मिश्रा के मार्गदर्शन में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वाधान में मंडल कारा कोडरमा परिसर में मुलाकात से न्याय तक लीगल एड हेल्प डेस्क का उद्घाटन जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर बंदियों से मिलने आए उनके परिजनों से पूछताछ कर उन्हें कई प्रकार के कानूनी जानकारी भी प्रदान की गई। इस अवसर पर बोलते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने कहा कि गरीबों और असहायों की मदद के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार हमेशा तत्पर है। उन्होंने कहा कि मुलाकात लीगल एड हेल्प डेस्क के माध्यम से कैदियों के परिवार जनो से मिलकर उन्हें कानूनी सहायता पहुंचाना है। ताकि कोई भी व्यक्ति जानकारी की अभाव में न्याय से वंचित न रहे, और अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंच सके। साथ ही उन्होंने कहा कि निर्धन और असहाय बंदियों की मदद के लिए डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ता पूरी निष्ठा व ईमानदारी से कार्य कर रहे हैं। जिसका लाभ लगातार बंदियों को मिल रहा है। हेल्प डेस्क के खुलने से बंदियों एवं उनके परिजनों को और अधिक तेजी से लाभ मिलेगा।

## भुरकुंडा रोड सेल को मिली नई रफ्तार, मैन्यूल लोडिंग से सैकड़ों बेरोजगारों को मिलेगा रोजगार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़** : भुरकुंडा कोलियरी क्षेत्र में रोड सेल शुरू करने को लेकर शनिवार को सीसीएल प्रबंधन और रोड सेल समिति के बीच महत्वपूर्ण द्विपक्षीय वार्ता हुई। भुरकुंडा कोलियरी पीओ कार्यालय में आयोजित बैठक में रोड सेल समिति की पांच सूत्री मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई। वार्ता के बाद प्रबंधन ने सकारात्मक पहल करते हुए रोड सेल को जल्द शुरू करने का भरोसा दिया। बैठक में भुरकुंडा पीओ राकेश कुमार सत्यार्थी ने कहा कि संगम खुली खदान से उत्पादित कोयले को रोड सेल के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि योजना को हर हाल में चालू किया जा सके। उन्होंने समिति द्वारा सौंपे जाने वाले बेरोजगार युवाओं की सूची पर भी सहमति जताई और आउटसोर्सिंग कार्यों में स्थानीय लोगों को रोजगार देने की बात स्वीकार की। रोड सेल समिति के प्रतिनिधियों ने स्पष्ट कहा कि समिति में विस्थापित, प्रभावित, ग्रामीण, स्थानीय और कोयलांचल क्षेत्र के लोग शामिल हैं। समिति ने जोर देकर मांग रखी कि रोड सेल में मैन्यूल लोडिंग व्यवस्था लागू की जाए, ताकि अधिक से अधिक मजदूरों को सीधा रोजगार मिल सके। इस मांग पर सीसीएल प्रबंधन ने समर्थन देते हुए भरोसा दिलाया कि इस बार भुरकुंडा रोड सेल मैन्यूल लोडिंग प्रणाली के तहत ही संचालित किया जाएगा। बैठक में सीसीएल प्रबंधन की ओर से खान प्रबंधक अजय कुमार सिंह, अविनाश चंद्रा और दिव्यांदु भंडारी उपस्थित रहे। वहीं रोड सेल समिति की ओर से गिरधारी गोप, दर्शन गंझू, सरोज झा झारखंडी, मुकेश कुमार, प्रदीप मांझी, नागेश्वर मुंडा, प्रेम कुमार साहू, रविन्द्र सिंह, बालेश्वर पासवान, कुलदीप यादव, रावेल एक्का, शिवनारायण यादव, राजा यादव, गणेश बेदिया, आजाद अंसारी और हरिशंकर चौधरी सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# न्यायमूर्ति दीपक रौशन ने न्यायालय परिसर में नए भवनों का किया शिलान्यास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़** : झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सह रामगढ़ न्यायमंडल के प्रशासनिक न्यायाधीश दीपक रौशन ने शनिवार सुबह व्यवहार न्यायालय, रामगढ़ का आधिकारिक दौरा किया। न्यायालय परिसर पहुंचने पर जिला प्रशासन और न्यायालय परिवार की ओर से उनका पारंपरिक स्वागत किया गया। इसके बाद जिला प्रशासन द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। दौरे के दौरान न्यायमूर्ति दीपक रौशन ने व्यवहार न्यायालय परिसर में वल्नरेबल विटनेस डिपोजिशन सेंटर (श्हउ्ळ) भवन और मुख्य प्रवेश द्वार निर्माण कार्य का भूमि-पूजन एवं शिलान्यास किया। साथ ही नवनिर्मित पेन्ट्री का उद्घाटन भी किया गया। न्यायमूर्ति ने रामगढ़ न्यायमंडल के न्यायिक पदाधिकारियों और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक कर न्यायालय की कार्यप्रणाली एवं विधि व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने लंबित मामलों के निष्पादन और न्यायिक व्यवस्था को और प्रभावी बनाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। व्यवहार न्यायालय भवन में चल रहे मरम्मति कार्यों का निरीक्षण करते हुए भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को गुणवत्ता और समयसीमा का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया गया।न्यायालय परिसर में न्यायमूर्ति दीपक रौशन ने वृक्षारोपण भी किया। इस दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मो. तौफिकुल हसन, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय राजीव आनंद, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम विशाल श्रीवास्तव, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला, अरबिंद कच्छप, शिवेन्दु द्विवेदी, तबिन्दा खान, उतम सागर राणा, आलोक सिंह, हर्षित तिवारी, आयशा सिंह सरदार, उपायुक्त ऋतुराज, एसपी मुकेश कुमार लुनायत, अधिवक्ता संघ के सदस्य एवं जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### झुमरीतिलैया में श्रद्धा से मनाया गया आचार्य श्री 108 ज्ञान सागर जी का समाधि स्मृति महोत्सव



**झुमरीतिलैया** : जैन संत प पूज्य गुरुदेव मुनि श्री 108 धर्म सागरजी महाराज एवं मुनि श्री 108 भाव सागरजी महाराज के पावन सानिध्य में आज दि 16/5/26 को झुमरी तिलैया के बड़े मंदिर जी में संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्या सागर जी महामुनिराज के गुरु आचार्य श्री 108 ज्ञानसागर जी महामुनिराज का समाधि स्मृति महोत्सव श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चित्र अनावरण दीप प्रज्वलन एवं शास्त्र अर्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर सुबोध आशा जैन गंगवाल के निर्देशन में संगीतमय गुरु पूजन हुई। पूज्य गुरुदेव द्वय के द्वारा अपने मंगल प्रवचन में कहा गया कि अपने लिए जो जीते हैं उनका मरण होता है परंतु जो दूसरों के कल्याण करने के साथ स्वयं का कल्याण करते हैं उन्हें लोग स्मरण करते हैं। सभी धर्म जीने की कला सिखाते हैं परंतु जैन धर्म मरने की कला सिखाता है। दुनिया मृत्यु से भयभीत रहती है,किंतु समाधि रूपी मृत्यु को श्रेष्ठ माना गया है। आगे मुनि श्री 108 भाव सागरजी जी ने कहा कि संत लोग कषाय की और काय की सल्लेखना करते हुए मृत्यु को महोत्सव बना देते हैं। उन्होंने आगे कहा कि शरीर तो एक दिन छूटना ही है, किंतु आत्मा की सुरक्षा एवं कल्याण के लिए सल्लेखना ग्रहण की जाती है। दीक्षा भी सल्लेखना की साधना हेतु ली जाती है, जिसमें क्रमश: अन्न-जल का त्याग एवं निर्जल उपवास की साधना की जाती है। पूज्य गुरुदेव आचार्य श्री 108 ज्ञान सागरजी मुनीराज ने अपने शिष्य को इतना ज्ञान दिया कि आज पू गुरुदेव श्री 108 विद्यासागर जी महामुनिराज का नाम और अवदान सारे जगत में विख्यात है।

### रामगढ़ में श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया वट सावित्री व्रत



**रामगढ़** : जिलेभर में शनिवार को वट सावित्री व्रत श्रद्धा, परंपरा और उत्साह के साथ मनाया गया। रामगढ़ शहर, भुरकुंडा, पतरातू, बरकाकाना, चितरपुर, गोला और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से ही मंदिरों और वट वृक्षों के पास सुहागिन महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। माथे पर सिंदूर, हाथों में पूजा की थाली और पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं ने पति की लंबी उम्र और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए पूजा-अर्चना की। सुबह होते ही विभिन्न मोहल्लों और मंदिर परिसरों में पूजा की तैयारियां शुरू हो गईं। महिलाओं ने वट वृक्ष की परिक्रमा कर धागा बांधा और विधि-विधान से पूजा की। कई स्थानों पर सामूहिक रूप से व्रत कथा का आयोजन किया गया, जहां सावित्री और सत्यवान की कथा सुनाई गई। व्रत में नई विवाहित महिलाओं से लेकर बुजुर्ग महिलाएं भी शामिल रहीं। पूजा के दौरान महिलाएं परिवार की खुशहाली और वैवाहिक जीवन की सुख-शांति की प्रार्थना करती नजर आईं। मंजू देवी ने कहा कि यह व्रत केवल परंपरा नहीं, बल्कि रिश्तों में विश्वास और समर्पण का प्रतीक है। कई महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर पूजा की। पूजा के बाद महिलाओं ने एक-दूसरे को आशीर्वाद दिया और प्रसाद वितरण किया। मंदिर परिसरों में भजन, मंत्रोच्चार और धार्मिक वातावरण दिनभर बना रहा। वट सावित्री पूजा को लेकर जिले के बाजारों में भी काफी चहल-पहल रही। फूल, फल, चूड़ी, सिंदूर और पूजा सामग्री की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ लगी रही। दुकानदारों ने बताया कि पर्व को लेकर सुबह से बाजारों में अच्छी रौनक देखने को मिली।

### 'प्रहरी' अभियान से सड़कों पर बढ़ी पुलिस की सतर्कता, अपराध और नशाखोरी पर कसा शिकंजा



**रामगढ़** : जिले में अपराध नियंत्रण और आम जनता के बीच सुरक्षा का भरोसा मजबूत करने के उद्देश्य से रामगढ़ पुलिस ने शुक्रवार को प्रहरी अभियान के तहत व्यापक पैदल गश्ती अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले के सभी थाना और ओपी क्षेत्रों में संवेदनशील स्थानों, बाजारों और प्रमुख मार्गों पर विशेष निगरानी रखी गई। अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने सार्वजनिक स्थानों पर नशाखोरी, अड्डेबाजी, छेड़खानी और सड़क किनारे अवैध पार्किंग जैसी गतिविधियों पर विशेष नजर रखी। कई स्थानों पर लोगों को सड़क सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर जागरूक भी किया गया। पुलिस ने संदिग्ध गतिविधियों में शामिल लोगों से पूछताछ कर चेतावनी दी। रामगढ़ शहर सहित भुरकुंडा, पतरातू, बरकाकाना और अन्य थाना क्षेत्रों में पुलिस जवानों ने पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा का संदेश दिया। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, बाजारों, चौक-चौराहों और स्कूल-कॉलेज के आसपास विशेष गश्ती की गई, ताकि असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जा सके। अभियान का मुख्य उद्देश्य पुलिस और आम लोगों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना भी रहा। गश्ती के दौरान पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की। रामगढ़ पुलिस ने स्पष्ट किया कि जिले में कानून व्यवस्था मजबूत रखने और अपराध पर नियंत्रण के लिए प्रहरी अभियान लगातार चलाया जाएगा। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि आम जनता के सहयोग से ही सुरक्षित और अपराधमुक्त समाज का निर्माण संभव है।

### राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के कैडेट का टेरिटोरियल आर्मी में हुआ चयन

**रामगढ़** : राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट चिंटू कुमार ने टेरिटोरियल आर्मी में चयनित होकर विश्वविद्यालय और जिले का नाम गौरवान्वित किया है। उनका चयन जीडी रैंक के लिए 114 बटालियन, जम्मू एंड कश्मीर में हुआ है। छात्र की इस उपलब्धि से विश्वविद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल है। एनसीसी लेफ्टिनेंट डॉ अमन वर्मा ने बताया कि चिंटू कुमार ने लिखित परीक्षा, शारीरिक दक्षता परीक्षा और अन्य चयन प्रक्रियाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि यह सफलता छात्र की कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। साथ ही उन्होंने कहा कि एनसीसी छात्रों को देशसेवा, नेतृत्व और अनुशासन की भावना से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम बन रहा है। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने चिंटू कुमार को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि किसी भी शैक्षणिक संस्थान के लिए यह गर्व की बात होती है जब उसके विद्यार्थी देश सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी प्राप्त करते हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की सचिव प्रियंका कुमारी, कुलपति प्रो. रश्मि, कुलसचिव प्रो. निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो. अशोक कुमार और प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार ने भी छात्र को शुभकामनाएं दीं।

एक नजर

## बोड़ाम थाना में पशु क्रूरता अधिनियम मामले में दो गिरफ्तार



**पटमदा :** बोड़ाम थाना कांड संख्या 32/26 धारा-303(2)/317(2) भारतीय न्याय संहिता -2023 , 11(1)(d)(e) पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 एवं 12(2)/15 झारखंड गोवंशीय पशु हत्या निवारण अधिनियम 2005 के प्राथमिकी अभियुक्त जवाहर नगर रोड नंबर 14 थाना मानगो अहमद हुसैन उम्र 36 वर्ष,धालभूमगढ़ के ढोलकी निवासी सुभान अली उम्र 21 वर्ष को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में अग्रसारण हेतु भेज गया। बोड़ाम थाना प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि बोड़ाम थाना अंतर्गत ग्राम बड़ा सुसनी में एक सफेद रंग के इनोवा कार जिसका रजिस्ट्रेशन संख्या JH05 AW 6364 में दो गौवंशीय पशु को तस्कर करते हुए पकड़ा गया।

# सुहागिन महिलाओं ने की वट सावित्री व्रत, पति की लंबी आयु की कामना की

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** प्रखंड के लगभग सभी गांवों एवं चौक चौराहों में वट वृक्ष के नीचे आज अहले सुबह से लेकर दोपहर तक सभी सुहागिन महिलाएं, माताएं एवं बहनें वट सावित्री की पूजा हर्षोल्लास के साथ करते नजर आईं। ज्ञात हो कि यह व्रत हिन्दू पंचांग के अनुसार ज्येष्ठ मास की अमावस्या को मनाया जाता है। वट सावित्री व्रत हिन्दू धर्म में सुहागिन महिलाओं के लिए एक बेहद महत्वपूर्ण और पवित्र व्रत है। यह व्रत महिलाएं अपने पति की लंबी आयु, उत्तम स्वास्थ्य और सुखद वैवाहिक जीवन की कामना के लिए रखती हैं। यह व्रत भारतीय संस्कृति में पति पत्नी के अटूट रिश्ते और समर्पण का प्रतीक माना जाता है। हिंदू शास्त्रों के अनुसार वट के वृक्ष में साक्षात त्रिमूर्ति का वास होता है। इसकी जड़ में ब्रह्मा, तने में विष्णु और शाखाओं में शिव विराजमान होते हैं। इतना ही नहीं बरगद का पेड़ अपनी लंबी आयु और विशालता के लिए जाना जाता है। महिलाओं द्वारा इस वृक्ष को पूजने का अर्थ यह भी है कि सुहागिनें अपने सुहाग की आयु भी इस वृक्ष की तरह लंबी और सुदृढ़ देखना चाहती हैं। इतना ही नहीं पुराने गाथाओं के अनुसार इस दिन देवी सावित्री ने अपने दृढ़ संकल्प और पतिव्रत्य धर्म के बल पर यमराज से अपने मृत पति सत्यवान के प्राण वापस ली थी तब से वट वृक्ष के नीचे इस व्रत को महिलाएं करती आ रही हैं। प्रखंड के चर्चित दैनिक बाजार, गुरुचट्टी , सांढ़, कदमाडीह, कांडतरी, सोनपुरा, विश्रामपुर, महुदी, पलांडू, कोयलंग, पतरा, तलसवार, नयाटांड, आंगो, उरेज, कुम्हरडीहा, खरांटी, नापो, बादम, हरली , गोंदलपुरा, होरम, आराहरा ,महटीकरा, चेपाखूर्द, जुगरा सहित प्रखंड के सैकड़ों जगहों पर सुहागिन महिलाएं, माताएं और बहनें ने पूजा की।

## अखंड सौभाग्य की कामना को लेकर सुहागिन महिलाओं ने की बट सावित्री पूजा



**सरिया :** सरिया प्रखंड क्षेत्र में वट सावित्री की पूजा श्रद्धा और उत्साह के साथ शनिवार को संपन्न हुई। गुरुवार को नहाए खाए के साथ प्रारंभ हुए इस व्रत में शनिवार की सुबह से ही महिलाएं विधि विधान के अनुसार स्नान कर पूजन थाली लेकर बट वृक्ष के पास पहुंची। जहां पति की लंबी उम्र,अखंड सौभाग्य की कामना तथा सुख समृद्धि प्राप्ति के लिए व्रत में रहकर पूजा अर्चना की। ब्राह्मणों द्वारा सत्यवान सावित्री की अमर कथा का श्रवण किया। बरगद वृक्ष की पूजा में रोली अक्षत मौसमी फल अर्पित किए गए। हाथ से बने पंखे डुलाए गए। पश्चात बरगद के पेड़ में लाल कपड़े एवं कलावा लपेटकर अपनी सुविधा अनुसार 11,21, 51 या 108 बार परिक्रमा की। इस व्रत का पौराणिक महत्व के बारे में बताया जाता है कि राजा अश्वपति की इकलौती संतान सावित्री ने अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज से वापस वरदान स्वरुप प्राप्त कर लाई थी। इसी ऐतिहासिक प्रसंग को लेकर इस व्रत को पतिव्रता धर्म का प्रतीक माना जाता है। इस व्रत के माध्यम से सुहागिन महिलाओं ने इस संस्कृति को जीवन्त रखा है।

संक्षिप्त खबरें

## सिंहभूम कॉलेज चांडिल में विषय हटाने और शिक्षक पद खत्म करने के विरोध में सौंपा ज्ञापन



**चांडिल :** शनिवार को सिंहभूम कॉलेज चांडिल में ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन कि ओर से गृह विज्ञान समाजशास्त्र विषय को हटाने तथा वाणिज्य के एक शिक्षक के पद को खत्म करने के विरोध में सैकड़ों हस्ताक्षरों के साथ कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। कॉलेज कमेटी के सचिव राजा प्रमाणिक ने बताया कि सिंहभूम कॉलेज चांडिल जो की चांडिल अनुमंडल क्षेत्र का एकमात्र अंगीभूत डिग्री कॉलेज है। जहां पर काफी दूर दराज सुदूर ग्रामीण इलाकों से विद्यार्थी अध्ययन करने के लिए आते है, बहुत तकलीफ के बाद अपना पढ़ाई को जारी रख पाते है। लेकिन बड़ी दुख कि बात है कि विगत दिन जो NEP 2020 के तहत कलस्टर का नियम जारी किया गया है जिसमें हमारे सिंहभूम कॉलेज चांडिल से गृह विज्ञान और समाज शास्त्र विषय की पढ़ाई को हटाने का निर्देश जारी किया गया है, साथ ही वाणिज्य विषय में शिक्षक के एक पद को भी खत्म करने का फरमान जारी किए है। जबकि गृह विज्ञान के विषय में पढ़ाई करने वाले लगभग 1000 से 1500 विद्यार्थी है जो पर्याप्त है और वाणिज्य विषय में स्नातकोतर तक की पढ़ाई होता है इसके बाबजूद भी शिक्षक के एक पद को खत्म किया जा रहा है। लेकिन वहीं संथाली का काफी संख्या में विद्यार्थी होने के बावजूद भी कोई शिक्षक का पद सृजित नहीं किया गया है। उन्होंने बताया उपरोक्त विषय और पद को यथावत अगर नहीं रखा जाए तो छात्र संगठन आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। मौके पर AIDSO जिला सचिव युधिष्ठिर प्रमाणिक अनीता , अफ़्सा परवीन,अमित अजय गोप बादल आदि दर्जनों विद्यार्थी उपस्थित थे।

## पशुपालन विभाग ने पशुपालकों के बीच किया 4 जोड़ा बैल का वितरण



**पटमदा :** पशुपालन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री पशुधन योजना 2025-26 के तहत 4 इकाई जोड़ा बैल वितरण किया गया। जानकारी देते हुए प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ सुमन विश्वास ने बताया कि पटमदा प्रखंड क्षेत्र के पशुपालकों के बीच 4 इकाई जोड़ा बैल वितरण प्रखंड प्रमुख बालिका सोरेन, अंचलाधिकारी सह प्रभारी बीडीओ डॉ राजेंद्र कुमार दास, विधायक प्रतिनिधि चंद्र शेखर टुडू,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अश्वनी महतो, कल्याण पदाधिकारी प्रियब्रत कुमार,समाजसेवी ईशान चंद्र गोप आदि की उपस्थित में किया गया।

# बीडीओ ने दिया 'सहकार से समृद्धि' का मंत्र, सैकड़ों महिलाओं ने लिया आत्मनिर्भर बनने का महा-संकल्प

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरिया :** ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई उड़ान देने और आधी आबादी को मजबूत बनाने की दिशा में सरिया प्रखंड में आज एक ऐतिहासिक पहल हुई। प्रखंड सभागार में आयोजित 'प्रखंड स्तरीय वनोपज कार्यक्रम कार्यशाला' में सैकड़ों महिलाओं और किसानों का सैलाब उमड़ पड़ा, जहाँ 'सहकार से समृद्धि' के नारे के साथ आत्मनिर्भर भारत की नींव मजबूत करने का शंखनाद किया गया।

कार्यक्रम का भव्य उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित नारायण तिवारी और जिला सहकारिता पदाधिकारी अश्वनी कुमार ओझा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यशाला में सहकारिता और विकास विभाग के तमाम दिग्गजों का जमावड़ा रहा, जिनमें अनुमंडल अंकेक्षण पदाधिकारी मुक्ति कौशल, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी प्रभाष कुमार गुप्ता, प्रखंड कृषि पदाधिकारी संजय वर्णवाल, JSLPS के फील्ड थिमेटीक कोऑर्डिनेटर जय प्रकाश कुमार वर्मा और सरिया क्षेत्र MFPC LTD की डायरेक्टर रीना यादव प्रमुख रूप से मौजूद रहीं। कार्यक्रम की शुरूआत में सभी अतिथियों का बुके देकर जोरदार स्वागत किया गया। बैठक को मुख्य रूप से संबोधित करते हुए प्रखंड विकाश पदाधिकारी ललित नारायण तिवारी ने 'सिद्धू कान्हू कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लिमिटेड' के दूरगामी उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने दोटूक कहा कि किसानों और महिला समूहों की सक्रिय भागीदारी के बिना वास्तविक विकास संभव नहीं है।

## पुजारी किशुन महतो का निधन, गांव में शोक का माहौल

**बड़कागांव :** बडकागांव प्रखंड अंतर्गत तलासावर पंचायत के पतरा गांव के समाजसेवी एवं पुजारी उम्र -105 किशुन महतो का निधन 16/05/2026 को हो गया। किशुन महतो का अग्नि संस्कार पतरा के शमशान घाट पर कर दिया गया। किशुन महतो को मुख अग्नि उसका बड़ा बेटा मुकुन्द महतो ने दिया। किशुन महतो आपने पिछे भारा पुरा परिवार छोड़ गया। जिसमें दो बेटा बडा.बेटा मुकुन्द महतो छोटा बेटा बांसी महतो और तीन बेटी है। किशुन महतो के अग्नि संस्कार में पतरा गांव के भारी संख्या में लोगों ने भाग लिया और नम आँखों से अन्तिम विदाई दिया। मौका पर उपस्थित वार्ड सदस्य अजय कुमार महतो,अमन महतो, टिकेश्वर महतो, सनी महतो, रोशन महतो, हरीश कुमार, हीरा महतो, बुद्धू महतो, मंगल महतो, लोकनाथ महतो, कमलनाथ महतो, कुमार सौरभ, उमेश महतो, कुलदीप महतो एवं समस्त पत्र ग्रामीण उपस्थित थे।

## किशन लाल पुनः बने कांग्रेस पार्टी के जिला महामंत्री



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा :** जमशेदपुर में आयोजित पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा शनिवार को एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमें बोड़ाम प्रखंड के चुनीडीह निवासी किशन लाल महतो को संगठन सृजन अभियान के तहत झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्ति पत्र सौंपते हुए पुनः पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी का जिला महामंत्री का पद पर नियुक्त किया गया। वही संगठनात्मक कार्य को पूर्ण रूप से करने के लिए प्रखंड संगठन प्रभारी पटमदा का दायित्व भी सौंपा गया। शीर्ष नेतृत्व को आभार प्रकट करते हुए जिला महामंत्री के पद पर नियुक्त होने पर किशन लाल महतो ने पार्टी के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन द्वारा दिए गए दायित्व का ईमानदारी के साथ निर्वहन करने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा देश में फैली जन समस्या का समाधान कांग्रेस पार्टी से ही संभव है।

ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल,
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा।
Email Id :- eengbcdsimdega@gmail.com
अल्पकालिन ई-प्रोक्योरमेन्ट नोटिस
ई-टेन्डर रेफरेंस नं0- 08/2026-27/EE/BCD/BD,SIMDEGA.
दिनांक-15-05-2026

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Proposed Construction of Weigh Bridge and Operator Room with 1000 MT Godown at Thethaitangar, Simdega, Jharkhand. |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रू0) | रूपया 2,89,01,998.00 (दो करोड़ नवासी लाख एक हजार नौ सौ अनठानव्वे) रुपये मात्र। |
| 3. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 (ग्यारह) माह। |
| 4. | वेबसाईड पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 29.05.2026 को 11:00 बजे |
| 5. | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 05.06.2026 को अपराह्न 11:00 बजे तक |
| 6. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा-835223 |
| 7. | निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान | 08.06.2026 के अपराह्न 11:30 बजे तक नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल, मुख्य अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, झारखण्ड, राँची। |
| 8. | प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 86748-35234 |
| 9. | ई-प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 86748-35234 |

10. परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
11. सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेंस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03-10-2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06-10-2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
12. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जायेगा SOP के तहत अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खातों को बंद कर दिया जाता है तो उसकी संपूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।
13. अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

Note :- UCAN Registration is mandatory for the Bidders.

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा।
PR 379974 Simdega(26-27)D

## स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया बतख-चूजों का वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**ईचागढ़ :** सरायकेला जिला के कुकडू प्रखंड कार्यालय परिसर में शनिवार को कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की ओर से मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत 24 यूनिट बतख चूजों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड प्रशासन की देखरेख में किया गया, जिसमें चयनित लाभुकों को आय वृद्धि एवं स्वरोजगार सृजन के उद्देश्य से बतख चूजा इकाइयां उपलब्ध कराई गईं। इस दौरान उपस्थित पदाधिकारियों ने लाभुकों को बतख पालन के वैज्ञानिक तरीकों, देखभाल एवं प्रबंधन से संबंधित आवश्यक जानकारी दी, ताकि योजना का अधिकतम लाभ मिल सके। प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ. हरेलाल महतो ने कहा कि योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका को सुदृढ़ करना, पशुपालन को बढ़ावा देना तथा लाभुकों को आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया कि लाभुकों को समय-समय पर आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग उपलब्ध कराया जाए, जिससे योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। मौके पर जिला पंचायती राज पदाधिकारी सुरेंद्र उरांव प्रखंड प्रमुख प्रतिमा बाला पातर, बीडीओ राजश्री ललिता बाखला, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कृतिवास महतो समेत दर्जनों लाभुक उपस्थित थे।

# जिला पंचायती राज पदाधिकारी द्वारा विभिन्न योजनाओं एवं संस्थानों का औचक निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कुकड़ :** जिला पंचायती राज पदाधिकारी सह वरीय पदाधिकारी, कुकडू प्रखंड सुरेन्द्र उरांव द्वारा कुकडू प्रखंड अंतर्गत विभिन्न योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण एवं संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा की गई। निरीक्षण के क्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना, पीडीएस दुकान, उप स्वास्थ्य केंद्र तिरूलडीह तथा पंचायत भवन का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को योजनाओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही आमजनों को योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं सुगम तरीके से उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। उप स्वास्थ्य केंद्र तिरूलडीह के निरीक्षण के क्रम में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं, साफ-सफाई एवं आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। वहीं पीडीएस दुकान निरीक्षण के दौरान लाभुकों को निर्धारित मात्रा एवं समय पर खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## विश्व हिंदू परिषद की बैठक का हुआ आयोजन

**चलकुशा :** प्रखंड के ग्राम चलकुशा के काली मंदिर के प्रांगण में विश्व हिंदू परिषद की एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से जिला गौ रक्षा सह चलकुशा पालक इंद्रदेव गुप्ता, जिला विहिप मंत्री ओम प्रकाश कुमार उपस्थित हुए। बैठक में सर्वप्रथम देशहित, समाज हित,धर्म की रक्षा,संगठन विस्तार, हिंदू समाज की एकजुटता, नशा मुक्त समाज बनाना तथा युवाओं की सहभागिता को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए।

कार्यालय, उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, गढ़वा
ज्ञापांकः-                गढ़वा, दिनांकः-
-: सूचना :-
सदर अस्पताल, गढ़वा में अन्तः विभाग में भरती मरीज के लिए डाईट चार्ट के अनुसार पथ्य उपलब्ध कराने हेतु प्रकाशित इच्छा की अभिव्यक्ति संख्या-01/2026-2027 के शर्ते में Jharkhand Procurment Policy, 2014 के तहत् इच्छा की अभिव्यक्ति निष्पादित की जाएगी, सामहित किया जाता है। एतद् संबंधी विस्तृत सूचना गढ़वा जिले के बेबाईट https://garhwa.nic.in पर उपलब्ध है।
उपाधीक्षक,
सदर अस्पताल, गढ़वा
PR 379997 Health Med Edu and Family Welfare(26-27).D

# उपायुक्त ने कर्जन मैदान का किया निरीक्षण खिलाड़ियों की सुविधाओं में सुधार के दिए निर्देश



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** उपायुक्त हेमन्त सती द्वारा शनिवार को स्थानीय कर्जन मैदान का भ्रमण किया गया। इस दौरान उन्होंने खेल विभाग द्वारा संचालित फुटबॉल, एथलेटिक्स डे बोर्डिंग बालिका खिलाड़ियों एवं तीरंदाजी का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों से मुलाकात की।

भ्रमण के दौरान उपायुक्त ने खिलाड़ियों से संवाद करते हुए उन्हें उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं उनकी आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने कर्जन मैदान परिसर में अवस्थित सभी संरचनाओं को खिलाड़ियों के अनुकूल विकसित करने पर विशेष जोर दिया।

संवाद के क्रम में बालिका खिलाड़ियों द्वारा परिसर में बेहतर रोशनी की व्यवस्था करने का अनुरोध किया गया, जिस पर उपायुक्त ने तत्काल पाँच हाई मास्क लाइट लगाने एवं शौचालयों को सुव्यवस्थित करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। उपायुक्त ने खिलाड़ियों के छात्रावास का भी निरीक्षण किया तथा सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने किचन का मुआयना करते हुए खिलाड़ियों को निर्धारित मेन्यू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। खिलाड़ियों द्वारा छात्रावास में स्मार्ट टीवी एवं वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया।

## उपायुक्त ने किया अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण



**बरही :** उपायुक्त हेमंत सती ने शनिवार को बरही अनुमंडलीय अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उनके साथ सदर एसडीओ, बरही एसडीओ, बीडीओ और सीओ शामिल रहे। उपायुक्त ने अस्पताल का निरीक्षण करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं, अस्पताल के सभी वार्डों, परिसर की साफ सफाई और मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की समीक्षा की। उपायुक्त ने ओपीडी, इमरजेंसी वार्ड, दवा काउंटर एवं रजिस्ट्रेशन काउंटर की जांच की। डीसी ने उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी को अनुमंडलीय अस्पताल की स्वास्थ्य सुविधा और व्यवस्था को बेहतर बनाने का निर्देश दिया। हालांकि अनुमंडलीय व्यवस्था देख डीसी संतुष्ट दिखे। उपायुक्त ने महिला और बुजुर्गों के लिए अलग अलग काउंटर की व्यवस्था करने का निर्देश दिया।उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी ने उपायुक्त को बताया कि अनुमंडलीय अस्पताल में कंप्यूटर ऑपरेटर की कमी है। इसके कारण एक ही काउंटर बनाया गया है, जैसे ही अस्पताल में कंप्यूटर ऑपरेटर की नियुक्ति हो जाएगी महिला और बुजुर्गों के लिए अलग अलग काउंटर बना दी जाएगी। डॉ प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि अस्पताल में एनेस्थेटिस्ट नहीं है जिसके कारण आपरेशन में समस्या होती है। उपायुक्त ने आश्वासन दिया कि बरही अनुमंडलीय अस्पताल में जो भी कमी है उसे दूर करने का प्रयास किया जाएगा। डीसी के निरीक्षण के दौरान सदर एसडीओ हजारीबाग, बरही एसडीओ जोहन टुडू, बीडीओ जयपाल महतो,सीओ चंद्रशेखर कुणाल समेत अन्य अधिकारी शामिल थे।

कार्यालय, सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ,
राँची अंचल, राँची।
(चतुर्थ तल, पशुपालन भवन, हेसाग, हटिया, रांची 834003)
प्रेस विज्ञप्ति
सूचना
झारखण्ड स्वावलम्बी सहकारी समितियाँ अधिनियम, 1996 के अन्तर्गत निबंधित सभी सहकारी समितियाँ, जो रांची अंचल के अन्तर्गत निबंधित हैं, प्रत्येक समिति को धारा 35 के अनुसार वित्तीय वर्ष की समाप्ति के 06 (छह) माह के अंदर निम्न प्रतिवेदनों को अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में समर्पित करना अनिवार्य है-
1. कार्यकलाप का वार्षिक प्रतिवेदन
2. लेखाओं का लेखा-परीक्षित विवरण
3. सामान्य निकाय द्वारा यथानुमोदित अधिशेष निपटाव हेतु योजनाएँ
4. निदेशक के नामों की सूची तथा उनकी कार्यावधि
5. सहकारी समिति की उपविधियों में किये गये संशोधनों की सूची
6. सामान्य निकाय की सभा के आयोजन की तारीख तथा जहां निर्वाचन देय है, वहां उसके संचालन से संबंद्व घोषणा
7. लेखा-परीक्षा/ विशेष लेखा/जांच से संबद्व अनुपालन प्रतिवेदन
अतः सूचित किया जाता है कि अपनी समिति से संबंधित उपर्युक्त प्रतिवेदन ससमय सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ, राँची अंचल, राँची कार्यालय (चतुर्थ तल, पशुपालन भवन, हेसाग, हटिया, रांची 834003) को उपलब्ध करायें।
अनुपालन नहीं किये जाने की स्थिति में इसके फलाफल के लिए समिति स्वंय जिम्मेवार होगी।
सहायक निबंधक,
सहयोग समितियाँ,
राँची अंचल, राँची।
PR 380024 (Co-opretive) 26-27 (D)

# च्च रक्तचाप की बढ़ती समस्या के लिए लापरवाही पड़ रही भारी

सत्य समझिए, भ्रामकता में अनमोल सांसे ना गवाएं। जी हां, फिलहाल हम सभी लोग जीवन के लिए सबसे आवश्यक घटकों को बर्बाद करने को अपनी झूठी महानता समझ रहे है, लेकिन आज हमसे बड़ा बेवकूफ अन्य कोई नहीं। प्राणी,पशु-पक्षी भी इस मामले में हमसे ज्यादा अक्लमंद हैं। हम बात कर रहे है यहाँ स्वास्थ्य की, जिसको बिगाड़ने का काम प्रदूषण, हमारी चटोरी जबान, लापरवाही और मिलावटखोरी कर रही हैं। हम अक्सर अपने आसपास रोजाना नए-नए मोर्चे, आंदोलन, रैली, झगड़े, वादविवाद की खबरें देखते-सुनते है, लेकिन जीने के लिए सबसे आवश्यक शुद्ध ऑक्सीजन, स्वच्छ जल और पर्याप्त पोषक आहार हर एक नागरिक को प्राप्त हों, जो हर एक का अधिकार है, जिसका संविधान के मूल अधिकारों में भी उल्लेख है, क्या उसके लिए ऐसे जागरूकता मोहिम हमारे आसपास अक्सर देखने मिलती हैं।

दूषित हवा को हम शरीर में प्राणवायु के रूप में ले रहे है और खुद ही मौत को बुला रहे हैं। धीमे जहर के रूप में विषाक्त भोजन चटकारे लेकर खा रहे हैं। हर वस्तु की बनावट वस्तु आज मार्केट में उपलब्ध है, यह तक कि खाद्यपदार्थों से लेकर, कपडे, यांत्रिक संसाधन, सभी प्रकार के उत्पाद तक डुप्लीकेट मिलते हैं। स्वार्थ ने हमें इतना अँधा बना दिया है कि अपने फायदे के लिए लोगों की सेहत से खिलवाड़ करना आम बात बन गयी हैं। जो सेहत खराब करे, ऐसी लाइफस्टाइल किस काम की? जिंदगी ज्यादा जरुरी है या स्वार्थ? दुनियाभर की दौलत खर्च करके भी एक सेकंड की जिंदगी नहीं खरीद सकते, फिर सेहत के प्रति लोगों में गंभीरता क्यों नजर नहीं आती? कोई हमारे सेहत से खिलवाड़ कर रहा है तो हम उसे रोकते क्यों नहीं?

तेजी से रफ्तार पकड़ने वाला क्षेत्र वैद्यकीय है, क्योंकि हमारे देश में बीमारियों की वृद्धि साल-दर-साल अत्यधिक हो रही है और जिस प्रकार के प्रदूषित एवं तनावपूर्ण वातावरण में हम आज जी रहे है भविष्य में यह बीमारियां अधिक भयावह रूप धारण करेंगी। अन्य जगह की तरह, हॉस्पिटल में कोई मोलभाव नहीं होता, चिकित्सक द्वारा जो परीक्षण या दवाएं बताई है, वो आवश्यक हो जाती हैं। बीमारियों को बढ़ाने में अधिकतर हम खुद जिम्मेदार है, आज सबसे ज्यादा मौतें हृदय की समस्याओं के कारण हो रही है क्योंकि स्वस्थ हृदय का ख्याल हम ठीक ढंग से नहीं रख पा रहे हैं। हृदय रोगों के लिए उच्च रक्तचाप की समस्या अहम है और उच्च रक्तचाप की समस्या निर्माण में हमारी खराब आदतें जिम्मेदार हैं।

हाइपरटेंशन दुनिया भर में सबसे आम स्वास्थ्य समस्या है, लाखों लोगों को प्रभावित करने के बावजूद, इस स्वास्थ्य समस्या पर अक्सर ध्यान नहीं जाता; यह अक्सर बिना किसी साफ लक्षण के बढ़ती रहती है, इसी कारण से, डॉक्टर और स्वास्थ्य विशेषज्ञ इसे साइलेंट किलर कहते हैं। अगर समय रहते इसका योग्य निदान न किया जाए, तो हाई ब्लड प्रेशर शरीर के महत्वपूर्ण अवयवों को चुपचाप नुकसान पहुंचा सकता है और दिल की बीमारी, स्ट्रोक, किडनी फेलियर और दूसरी जानलेवा बीमारियों का खतरा काफी बढ़ा सकता हैं। ज्यादातर मामलों में, लोग बिना किसी चेतावनी के संकेतों पर ध्यान दिए अपनी रोजमर्रा की ज़िंदगी जीते रहते हैं। हालाँकि, जब रक्तचाप बहुत ज्यादा बढ़ जाता है, तो तेज सिरदर्द, चक्कर आना, सीने में दर्द, धुंधला दिखना, साँस लेने में दिक्कत या दिल की धड़कन का अनियमित होना जैसे लक्षण हो सकते हैं। बदकिस्मती से, बहुत से लोगों को अपनी गंभीर हालत के बारे में तब पता चलता है जब कोई गंभीर चिकित्सा आपातकाल, जैसे स्ट्रोक या दयाघात होता हैं।

## सूडोकु नवताल- 7797

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7796 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |

# हमारे शहरों के असली हीरो : सफाई कर्मचारी

डॉ. सत्यवान सौरभ



किसी भी शहर की पहचान उसकी ऊंची इमारतों, चौड़ी सड़कों या चमकती रोशनियों से नहीं, बल्कि उसकी स्वच्छता और व्यवस्था से होती है। जब कोई व्यक्ति किसी शहर में प्रवेश करता है तो सबसे पहले उसकी नजर वहां की साफ-सफाई, वातावरण और नागरिक अनुशासन पर जाती है। स्वच्छ शहर केवल सुंदर नहीं दिखते, बल्कि वे बेहतर स्वास्थ्य, सुरक्षित जीवन और सभ्य समाज का प्रतीक भी होते हैं लेकिन इस स्वच्छता के पीछे जिन लोगों का सबसे बड़ा योगदान होता है, वे अक्सर समाज की चर्चा और सम्मान से दूर रह जाते हैं। ये लोग हैं हमारे सफाई कर्मचारी- वे अनदेखे, अनसुने और उपेक्षित नायक, जिनके श्रम पर पूरे शहर की व्यवस्था टिकी होती है।

हाल ही में विभिन्न नगरों में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल ने लोगों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि यदि ये कर्मचारी अपना काम बंद कर दें तो शहरों का जीवन कितनी जल्दी अस्त-व्यस्त हो सकता है। कुछ ही दिनों में सड़कों पर कचरे के ढेर लग गए, नालियां जाम हो गईं, बदबू फैलने लगी और बीमारियों का खतरा बढ़ गया। लोगों को पहली बार महसूस हुआ कि जिन सफाई कर्मचारियों को वे सामान्य कर्मचारी समझते हैं, वास्तव में वही शहर की धड़कन हैं।

विडंबना यह है कि हम आधुनिकता और विकास के बड़े-बड़े दावे तो करते हैं, लेकिन नागरिक जिम्मेदारियों के मामले में अभी भी बहुत पीछे हैं। हमारे शहरों में बड़ी संख्या में लोग सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकना, प्लास्टिक सड़क पर छोड़ देना और गंदगी फैलाना सामान्य बात समझते हैं। घर के भीतर सफाई रखने वाले लोग भी घर का कचरा बाहर सड़क पर डालकर अपनी जिम्मेदारी समाप्त मान लेते हैं। यही कारण है कि सफाई कर्मचारियों की अनुपस्थिति में शहर कुछ ही दिनों में कूड़े के ढेर में बदलने लगते हैं। यह स्थिति केवल प्रशासनिक कमजोरी नहीं, बल्कि हमारी कमजोर सिविक सेंस का प्रमाण भी है। विकसित देशों में नागरिक स्वयं स्वच्छता के प्रति जागरूक रहते हैं। वहां लोग सड़क पर कचरा फेंकना सामाजिक अपराध मानते हैं लेकिन हमारे यहां स्वच्छता को अब भी केवल सफाई कर्मचारियों और नगर निगम की जिम्मेदारी समझा जाता है। जब तक समाज स्वयं स्वच्छता को अपनी संस्कृति और आदत का हिस्सा नहीं बनाएगा, तब तक किसी भी सरकारी अभियान की सफलता अधूरी रहेगी।

सफाई कर्मचारियों का जीवन संघर्षों से भरा होता है। वे सुबह-सुबह तब काम शुरू कर देते हैं जब अधिकांश लोग नींद में होते हैं। तेज गर्मी, कड़ाके की सर्दी, बरसात या महामारी- हर परिस्थिति में वे सड़कों, गलियों और नालियों की सफाई करते हैं। कई बार उन्हें बिना पर्याप्त सुरक्षा उपकरणों के बेहद अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में काम करना पड़ता है। सीवर की सफाई करते समय जहरीली गैसों के कारण हर वर्ष कई कर्मचारियों की मृत्यु हो जाती है। इसके बावजूद समाज उन्हें वह सम्मान नहीं देता जिसके वे वास्तव में अधिकारी हैं।

कोविड-19 महामारी के दौरान जब पूरा देश घरों में बंद था, तब डॉक्टरों, पुलिसकर्मियों और सफाई कर्मचारियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर समाज को सुरक्षित रखने का कार्य किया। उस समय लोगों ने ताली और थाली बजाकर उनका सम्मान तो किया, लेकिन समय बीतने के साथ हम फिर उन्हें भूल गए। आज भी अनेक सफाई कर्मचारी अस्थायी नौकरी, कम वेतन और असुरक्षित कार्य परिस्थितियों में काम करने को मजबूर हैं।

समाज का एक बड़ा वर्ग अब भी सफाई कार्य को हीन दृष्टि से देखता है। यह मानसिकता केवल गलत ही नहीं, बल्कि अमानवीय भी है। कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता। यदि सफाई कर्मचारी एक दिन काम बंद कर दें तो पूरे शहर की व्यवस्था ठप पड़ सकती है इसलिए उनका कार्य केवल नौकरी नहीं, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य और सामाजिक जीवन की रक्षा का कार्य है।

इस पूरी स्थिति का सबसे पीड़ादायक दृश्य तब दिखाई देता है जब सड़कों पर फैले कचरे में गायों को भोजन खोजते देखा जाता है। भारतीय समाज में गाय को माता का दर्जा दिया जाता है, लेकिन वास्तविकता यह है कि वही गायें प्लास्टिक, सड़ा भोजन और जहरीला कचरा खाने को मजबूर हैं। यह दृश्य हमारी सामाजिक संवेदनहीनता को उजागर करता है। श्रद्धा केवल शब्दों और नारों से नहीं, बल्कि व्यवहार से सिद्ध होती है। यदि हम सचमुच गाय को पूजनीय मानते हैं, तो हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि वह कचरे में भोजन तलाशने के लिए मजबूर न हो।

आज शहरों में बढ़ती प्लास्टिक समस्या ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। लोग बिना सोचे-समझे प्लास्टिक का उपयोग करते हैं और उसे खुले में फेंक देते हैं। यही प्लास्टिक नालियों को जाम करती है, पर्यावरण को प्रदूषित करती है और जानवरों के लिए जानलेवा बन जाती है। सफाई कर्मचारी प्रतिदिन इस गंदगी से जूझते हैं, लेकिन समस्या की जड़ नागरिकों की लापरवाही में छिपी हुई है। सरकारें समय-समय पर स्वच्छता अभियान चलाती हैं। स्वच्छ भारत अभियान ने लोगों में जागरूकता पैदा करने का प्रयास किया, लेकिन केवल अभियान चलाने से स्थायी परिवर्तन नहीं आता। जब तक नागरिक स्वयं जिम्मेदारी नहीं निभाएंगे, तब तक स्वच्छता केवल सरकारी पोस्टरों और नारों तक सीमित रहेगी।

हमें यह समझना होगा कि सफाई केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं है। हर नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखे। कचरा अलग-अलग श्रेणियों में बांटना, प्लास्टिक का कम उपयोग करना, सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलाना और दूसरों को भी जागरूक करना, ये छोटी-छोटी आदतें बड़े परिवर्तन ला सकती हैं।

साथ ही सफाई कर्मचारियों के अधिकारों और सम्मान की रक्षा भी उतनी ही आवश्यक है। उन्हें उचित वेतन, स्थायी रोजगार, स्वास्थ्य सुविधाएं और सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। सीवर सफाई जैसी खतरनाक प्रक्रियाओं में मशीनों का अधिक उपयोग होना चाहिए ताकि मानव जीवन जोखिम में न पड़े।

शिक्षा व्यवस्था में भी स्वच्छता और नागरिक जिम्मेदारी को व्यवहारिक रूप में शामिल करने की आवश्यकता है। बच्चों को केवल किताबों में स्वच्छता का पाठ पढ़ाने से काम नहीं चलेगा, बल्कि उन्हें व्यवहार में इसे अपनाने की प्रेरणा देनी होगी। जब नई पीढ़ी स्वच्छता को आदत बनाएगी, तभी समाज में वास्तविक परिवर्तन संभव होगा। मीडिया और समाज को भी सफाई कर्मचारियों की समस्याओं और योगदान को प्रमुखता से सामने लाना चाहिए। आमतौर पर लोग उन्हें तभी याद करते हैं जब हड़ताल होती है या शहर में गंदगी फैलती है लेकिन उनके दैनिक संघर्षों, मेहनत और योगदान पर बहुत कम चर्चा होती है। यदि समाज उन्हें सम्मान देगा, तो यह न केवल उनके आत्मविश्वास को बढ़ाएगा बल्कि स्वच्छता के प्रति सामूहिक चेतना को भी मजबूत करेगा।

हमें यह भी समझना होगा कि स्वच्छता केवल सौंदर्य का विषय नहीं, बल्कि स्वास्थ्य और सभ्यता का प्रश्न है। गंदगी से मच्छर, मक्खियां और अनेक बीमारियां फैलती हैं। अस्वच्छ वातावरण बच्चों, बुजुर्गों और गरीब वर्ग के लिए सबसे अधिक खतरनाक होता है। इसलिए सफाई कर्मचारियों का कार्य सीधे-सीधे समाज के स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ है।

आज आवश्यकता केवल सफाई कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त कराने की नहीं, बल्कि अपनी सोच बदलने की है। हमें यह स्वीकार करना होगा कि शहरों को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी केवल कुछ कर्मचारियों पर नहीं डाली जा सकती। जब तक नागरिक स्वयं जिम्मेदार नहीं बनेंगे, तब तक गंदगी और अव्यवस्था की समस्या बनी रहेगी। सफाई कर्मचारी वास्तव में हमारे शहरों के असली हीरो हैं।

# भोजशाला : जब इतिहास की राख से फिर सभ्यता बोल उठी

प्रणय विक्रम सिंह

सभ्यताएं केवल पत्थरों, प्राचीरों और पुरातात्विक अवशेषों से नहीं बनतीं। वे स्मृतियों, श्रद्धा, ज्ञान और आत्मा के उन अदृश्य सूत्रों से निर्मित होती हैं, जिन्हें तलवारें काट नहीं सकतीं, फरमान मिटा नहीं सकते और आक्रमण पराजित नहीं कर सकते।

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने भोजशाला-कमाल मौला कॉम्प्लेक्स की धार्मिक प्रकृति को भगवती वाग्देवी (सरस्वती) का मंदिर माना है। यह राजा भोज (परमार वंश) द्वारा स्थापित संस्कृत शिक्षा केंद्र था।

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा धार स्थित भोजशाला-कमाल मौला परिसर की धार्मिक प्रकृति को भगवती वाग्देवी (मां सरस्वती) का मंदिर मानना केवल एक न्यायिक निर्णय नहीं, बल्कि उस सभ्यतागत सत्य की पुनर्पुष्टि है, जिसे सदियों तक धूल, ध्वंस और दमन के नीचे दबाने का प्रयास किया गया, किन्तु जिसे मिटाया नहीं जा सका। यह वही भोजशाला है, जिसे परमार वंश के महान प्रतापी राजा भोज ने ज्ञान, संस्कृत और मां वाग्देवी की आराधना के केंद्र के रूप में स्थापित किया था। यहां केवल पूजा नहीं होती थी, यहां भारत की वैदिक चेतना श्वास लेती थी। यहां शब्द साधना थी, शास्त्रार्थ था, संस्कृत की स्वर लहरियां थीं और ज्ञान को ईश्वर मानने वाली भारतीय सभ्यता का आलोक था। यह केवल मंदिर नहीं था, यह भारतीय बौद्धिकता, भारतीय ज्ञान और भारतीय अध्यात्म का समन्वित विश्वविद्यालय था। किंतु भारत के इतिहास का एक लंबा कालखंड ऐसा भी रहा, जब बाहरी आक्रमणकारियों ने इस भूमि की आत्मा को तोड़ने का प्रयास किया। मंदिरों को केवल पत्थरों का ढांचा नहीं समझा गया, उन्हें भारतीय समाज की सांस्कृतिक रीढ़ मानकर लक्ष्य बनाया गया। क्योंकि आक्रमणकारी जानते थे कि यदि किसी सभ्यता की स्मृतियों, प्रतीकों और आस्था केंद्रों को ध्वस्त कर दिया जाए तो उसके आत्मविश्वास को घायल किया जा सकता है। सोमनाथ से काशी तक, मथुरा से मार्तंड तक और भोजशाला से नालंदा तक इतिहास के पन्नों पर ऐसे असंख्य रक्तरंजित अध्याय अंकित हैं, जहां केवल इमारतें नहीं टूटीं, बल्कि भारतीय अस्मिता को अपमानित करने का सुनियोजित प्रयास हुआ। आक्रमण केवल भूभाग पर नहीं, भारत की स्मृति पर था।

पुस्तकालय जलाए गए, विद्यापीठ ध्वस्त किए गए, मूर्तियों को खंडित किया गया और सभ्यता की स्मृतियों पर पराये प्रतीकों का आवरण चढ़ाने का प्रयास किया गया। भोजशाला भी उसी पीड़ा की साक्षी बनी। जहां कभी सरस्वती वंदना गूंजती थी, वहां इतिहास को बदलने के प्रयास हुए। जहां ज्ञान का दीप प्रज्वलित था, वहां पहचान का अंधकार थोपा गया। किन्तु सनातन की विशेषता यही है कि वह पराजित नहीं होता। वह प्रतीक्षा करता है। वह सहता है। वह समय के गर्भ में सत्य को सुरक्षित रखता है।

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने उपलब्ध ऐतिहासिक साहित्य, पुरातात्विक साक्ष्यों, सतत उपासना परंपरा और वैज्ञानिक जांच के आधार पर यह स्पष्ट किया कि भोजशाला मां वाग्देवी का प्राचीन मंदिर एवं संस्कृत शिक्षा का केंद्र था। यह निर्णय किसी भावनात्मक आवेग का परिणाम नहीं, बल्कि संवैधानिक प्रक्रिया, पुरातात्विक परीक्षण और न्यायिक विवेक की कसौटी पर आया हुआ निर्णय है।

यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि न्यायालय ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) जैसी विशेषज्ञ संस्था की जांच, दोनों पक्षों की दलीलों, ऐतिहासिक प्रमाणों और प्रत्यक्ष निरीक्षण के बाद यह निर्णय दिया। यह बताता है कि भारत का संविधान और न्यायपालिका सत्य तक पहुंचने की क्षमता रखते हैं, यदि धैर्य और विश्वास बनाए रखा जाए।

यह निर्णय सामाजिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। लंबे समय तक भारत में ऐतिहासिक सत्य पर चर्चा को ही विवाद बना दिया गया। सभ्यतागत पीड़ा की अभिव्यक्ति को सांप्रदायिकता कहकर दबाने का प्रयास हुआ। मंदिर विध्वंसों की स्मृतियों को 'अतीत भूल जाओ' कहकर ढंकने का प्रयास किया गया, लेकिन कोई भी समाज अपने घावों को स्वीकार किए बिना स्वस्थ नहीं हो सकता। भोजशाला का निर्णय इस बात का संकेत है कि आधुनिक भारत अब अपनी सभ्यता के इतिहास से आंखें चुराने के बजाय उसका संतुलित और तथ्याधारित पुनर्पाठ करने को तैयार है।

राजनीतिक दृष्टि से भी यह निर्णय भारत की बदलती चेतना का प्रतीक है। यह उस 'नए भारत' का संकेत है, जो अपनी सांस्कृतिक जड़ों को लेकर संकोचग्रस्त नहीं है। जो यह मानता है कि विकास और विरासत साथ-साथ चल सकते हैं। जो मंदिरों को केवल धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्मृति और सभ्यतागत पहचान के केंद्र के रूप में देखता है।

यह निर्णय उन करोड़ों भारतीयों के मन में विश्वास भी जगाता है, जिन्होंने दशकों तक यह अनुभव किया कि उनकी आस्था, उनकी पीड़ा और उनकी सांस्कृतिक स्मृतियां सार्वजनिक विमर्श में उपेक्षित रहीं। भोजशाला का निर्णय उन्हें यह आश्वासन देता है कि संवैधानिक और न्यायिक प्रक्रिया के भीतर रहते हुए भी ऐतिहासिक न्याय संभव है। इस निर्णय का सबसे बड़ा संदेश यह है कि सनातन केवल पूजा पद्धति नहीं, बल्कि एक जीवित सभ्यता है। उसे तलवारों से घायल किया जा सकता है, लेकिन समाप्त नहीं किया जा सकता। आज भोजशाला का प्रश्न केवल एक मंदिर का प्रश्न नहीं है। यह भारत की उस ज्ञान परंपरा का प्रश्न है, जिसने विश्व को व्याकरण दिया, दर्शन दिया, गणित दिया, अध्यात्म दिया। यह उस सांस्कृतिक अस्मिता का प्रश्न है, जिसे बार-बार मिटाने का प्रयास हुआ, लेकिन जो हर बार और अधिक तेजस्विता के साथ पुनः खड़ी हो गई। न्यायालय द्वारा लंदन के ब्रिटिश म्यूजियम में स्थापित मां सरस्वती की प्रतिमा को भारत वापस लाने की दिशा में विचार करने संबंधी टिप्पणी भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। वह प्रतिमा केवल मूर्ति नहीं है, वह भारत की सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है। उसका पुनः भोजशाला में स्थापित होना वस्तुतः इतिहास की टूटी हुई कड़ी का पुनर्संयोजन होगा। वह केवल प्रतिमा की वापसी नहीं होगी, वह भारतीय आत्मा की घर-वापसी होगी। किन्तु इस निर्णय को प्रतिशोध या पराजय के भाव से नहीं देखा जाना चाहिए। यह किसी समुदाय की हार नहीं है। यह ऐतिहासिक सत्य की स्वीकृति है। अब आवश्यकता भोजशाला को पुनः ज्ञान और संस्कृत साधना के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने की है। वहां पुनः वेदों की ऋचाएं गूंजें। वहां पुनः संस्कृत का अध्ययन हो। वहां पुनः भारत की ज्ञान परंपरा विश्व को दिशा दे।

# नेशन फर्स्ट पर आगे बढ़ता नेपाल

संजय सक्सेना

नेपाल की राजनीति इस समय बड़े बदलाव के दौर से गुजर रही है। इस बदलाव से उसके चीन और भारत जैसे पड़ोसी नाराज होते हैं तो इसकी चिंता नेपाल को शायद नहीं है। नेपाल पूरी तरह से नेशन फर्स्ट पर चल रहा है। काठमांडू की सत्ता अब पहले की तरह भारत पर आर्थिक और राजनीतिक रूप से निर्भर रहने के पक्ष में नहीं दिखती। प्रधानमंत्री बालेन शाह की सरकार लगातार ऐसे फैसले ले रही है जिनसे यह साफ संकेत जाता है कि नेपाल अब ह्यनेपाल प्रथमह्न की नीति पर आगे बढ़ना चाहता है। यही वजह है कि व्यापार, सीमा, कस्टम ड्यूटी और चीन के साथ रिश्तों जैसे मुद्दे अब नेपाल की घरेलू राजनीति और राष्ट्रवाद का हिस्सा बन चुके हैं। भारत के लिए चिंता केवल नेपाल के कुछ फैसले नहीं हैं, बल्कि वहां तेजी से बदलती राजनीतिक सोच है। नेपाल और भारत के बीच करीब 1850 किलोमीटर लंबी खुली सीमा है। दोनों देशों के नागरिक बिना वीजा और पासपोर्ट के आवाजाही करते हैं। अनुमान है कि हर दिन 50 हजार से ज्यादा लोग रोजगार, व्यापार, शिक्षा और पारिवारिक कारणों से सीमा पार करते हैं। नेपाल के कुल विदेशी व्यापार का लगभग 64 प्रतिशत हिस्सा भारत के साथ होता है। 2025-26 में दोनों देशों के बीच व्यापार करीब 13 अरब डॉलर तक पहुंच गया। लेकिन इसमें सबसे बड़ा असंतुलन यह है कि नेपाल ने भारत से करीब 11 अरब डॉलर का सामान आयात किया, जबकि उसका निर्यात केवल 2 अरब डॉलर के आसपास रहा। यही लगभग 9 अरब डॉलर का व्यापार घाटा अब नेपाल की नई राष्ट्रवादी राजनीति का सबसे बड़ा मुद्दा बन चुका है। नेपाल के उद्योग परिसंघ और आर्थिक विशेषज्ञों का एक वर्ग लगातार यह दावा करता रहा है कि भारतीय बाजार से आने वाले सस्ते उत्पादों ने नेपाली उद्योगों को कमजोर कर दिया। कपड़ा उद्योग, कृषि आधारित कारोबार और छोटे विनिर्माण क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित हुए। इसी सोच के तहत बालेन शाह सरकार ने भारत से नेपाल लाए जाने वाले 100 नेपाली रुपये से अधिक कीमत के सामान पर कस्टम ड्यूटी लगाने का फैसला किया। सरकार का कहना था कि इससे घरेलू उद्योगों को संरक्षण मिलेगा और स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। लेकिन इस फैसले का असर सीधे सीमा क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाला था। वीरगंज, विराटनगर, नेपालगंज और भैरहवा जैसे शहरों में हजारों छोटे व्यापारी भारतीय बाजारों से राशन, कपड़े, दवाइयां और घरेलू सामान खरीदकर नेपाल ले जाते हैं। व्यापारियों का अनुमान था कि नई ड्यूटी व्यवस्था लागू होने के बाद रोजमर्रा के सामानों की कीमतों में 15 से 20 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हो सकती थी। नेपाल पहले ही महंगाई और बेरोजगारी के दबाव से जूझ रहा है। विश्व बैंक के अनुसार नेपाल में युवा बेरोजगारी दर 20 प्रतिशत से ऊपर है। ऐसे में यह फैसला आम लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ाने वाला माना गया। नेपाल के भीतर इस फैसले का विरोध शुरू हो गया। व्यापारी संगठनों और सीमा-पार कारोबारियों ने इसे अव्यावहारिक बताया। मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा और अदालत ने अंतरिम आदेश जारी करते हुए टैक्स वसूली पर रोक लगा दी। अदालत ने कहा कि सरकार को सीमा क्षेत्रों की सामाजिक और आर्थिक वास्तविकताओं को ध्यान में रखना होगा। अदालत के इस हस्तक्षेप ने साफ कर दिया कि नेपाल में राष्ट्रवादी राजनीति तेजी से बढ़ रही है, लेकिन उसकी सीमाएं अब भी संवैधानिक संस्थाएं तय कर रही हैं। दरअसल नेपाल में भारत को लेकर असहजता कोई नई बात नहीं है। 2015 में नेपाल के नए संविधान को लेकर पैदा हुए विवाद और उसके बाद सीमा पर आपूर्ति बाधित होने की घटनाओं ने भारत-विरोधी भावना को गहरा किया। उस समय नेपाल में पेट्रोल, गैस और दवाइयों की भारी कमी हो गई थी। नेपाल के भीतर बड़ी संख्या में लोग आज भी मानते हैं कि उस दौर में भारत ने दबाव की राजनीति अपनाई थी। उसी समय के बाद आर्थिक आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय सम्मान जैसे मुद्दे तेजी से लोकप्रिय हुए।

बालेन शाह ने इसी भावना को राजनीतिक ताकत में बदला। नेपाल की लगभग 42 प्रतिशत आबादी 25 वर्ष से कम उम्र की है और यही युवा वर्ग सोशल मीडिया आधारित राष्ट्रवादी राजनीति से तेजी से प्रभावित हो रहा है। नेपाल में भारत के साथ आर्थिक निर्भरता कम करने और स्वतंत्र विदेश नीति की मांग लगातार बढ़ रही है। कई राष्ट्रवादी समूह भारत के साथ सीमा नियंत्रण सख्त करने की बात भी खुले तौर पर कर रहे हैं। हालांकि नेपाल केवल भारत से दूरी बनाकर चीन के करीब जाता हुआ भी नहीं दिखना चाहता। चीन की बेल्ट एंड रोड परियोजना के तहत नेपाल में सड़क, रेलवे और ऊर्जा परियोजनाओं में लगभग 8 अरब डॉलर तक के निवेश प्रस्तावित हैं। लेकिन नेपाल सरकार अब इन परियोजनाओं की लागत और ऋण शर्तों की समीक्षा कर रही है। काठमांडू में यह डर मौजूद है कि अत्यधिक चीनी कर्ज नेपाल को आर्थिक रूप से कमजोर कर सकता है। इसके बावजूद चीन का प्रभाव तेजी से बढ़ा है। इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों और मशीनरी के क्षेत्र में चीन नेपाल का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता बन चुका है। दूसरी तरफ नेपाल यह भी समझता है कि भारत से पूरी दूरी बनाना उसके लिए संभव नहीं। नेपाल की पेट्रोलियम जरूरतों का लगभग पूरा हिस्सा भारत से आता है। समुद्री व्यापार के लिए नेपाल पूरी तरह भारतीय बंदरगाहों पर निर्भर है।

## दैनिक पंचांग

17 मई 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह | स्थिति |
|---|---|
| सूर्य | वृष में |
| चंद्र | वृष में |
| मंगल | मेष में |
| बुध | वृष में |
| गुरु | मिथुन में |
| शुक्र | मिथुन में |
| शनि | मीन में |
| राहु | कुंभ में |
| केतु | सिंह में |

राहुकाल 4.30 से 6.00 बजे तक

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| वृष | 05.11 बजे से |
| मिथुन | 07.13 बजे से |
| कर्क | 09.27 बजे से |
| सिंह | 11.43 बजे से |
| कन्या | 13.55 बजे से |
| तुला | 16.05 बजे से |
| वृश्चिक | 18.20 ब.से |
| धनु | 20.36 बजे से |
| मकर | 22.41 बजे से |
| कुंभ | 00.28 बजे से |
| मीन | 02.01 बजे से |
| मेष | 03.31 बजे से |

**रविवार** 2026 वर्ष का 137 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** ज्येष्ठ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** प्रतिपदा 21.41 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** कृत्तिका 14.32 बजे को समाप्त।
**योग** शोभन 06.16 बजे तदनन्तर अतिगण्ड 02.00 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** किस्तुघ्न 11.37 बजे तदनन्तर बव 21.41 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 0.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 19° 17'
**सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872712
**जूलियन दिन** 2461177.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जिल्काद **तारीख** 29
**विशेष** अधिक चन्द्र दर्शन, विश्व दूरसंचार दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से | 07.23 बजे तक | | शुभ | 05.36 से | 07.09 बजे तक | |
| चर | 07.23 से | 08.51 बजे तक | | अमृत | 07.09 से | 08.41 बजे तक | |
| लाभ | 08.51 से | 10.18 बजे तक | | चर | 08.41 से | 10.14 बजे तक | |
| अमृत | 10.18 से | 11.46 बजे तक | | रोग | 10.14 से | 11.46 बजे तक | |
| काल | 11.46 से | 01.14 बजे तक | | काल | 11.46 से | 01.19 बजे तक | |
| शुभ | 01.14 से | 02.41 बजे तक | | लाभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक | |
| रोग | 02.41 से | 04.09 बजे तक | | उद्वेग | 02.51 से | 04.24 बजे तक | |
| उद्वेग | 04.09 से | 05.36 बजे तक | | शुभ | 04.24 से | 05.53 बजे तक | |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# महंगाई, गैस संकट और नीट पेपर लीक के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, पीएम का किया पुतला दहन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पाकुड़ :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी जमील अख्तर के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी, पाकुड़ की ओर से शनिवार को बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस की किल्लत तथा नीट परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने के विरोध में केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुमार सरकार ने किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओ ने मोदी सरकार होश में आओ, महंगाई पर रोक लगाओ और छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ बंद करो जैसे नारों के माध्यम से अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर केंद्र सरकार के प्रति अपना आक्रोश व्यक्त किया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि देश में लगातार बढ़ती महंगाई से आम जनता का जीवन प्रभावित हो रहा है। पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि के कारण गरीब, किसान, मजदूर और मध्यम वर्ग के लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। नेताओं का आरोप था कि केंद्र सरकार महंगाई पर नियंत्रण करने में विफल साबित हो रही है, जिससे आम लोगों को दैनिक जरूरतों की वस्तुएं खरीदने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, नेताओं ने नीट परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने के मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि इससे लाखों छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है। कांग्रेस नेताओं ने परीक्षा प्रणाली की पारदर्शिता पर सवाल उठाते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। उनका कहना था कि देश के युवाओं के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए शिक्षा व्यवस्था को मजबूत और निष्पक्ष बनाए जाने की जरूरत है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुमार सरकार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता की आवाज बनकर उनके अधिकारों और समस्याओं को लेकर संघर्ष करती रही है और आगे भी करती रहेगी। उन्होंने कहा कि जनता से जुड़े मुद्दों पर पार्टी का आंदोलन लगातार जारी रहेगा। इस विरोध प्रदर्शन में प्रखंड अध्यक्ष मानसारुल हक, उपाध्यक्ष गुलाम अहमद, सेमिनुल इस्लाम, पप्पू गंगवानी, उपाध्यक्ष प्रमोद ढोकनिया, मुख्तार हुसैन, शाहीन परवेज, आमिर हमजा, मिथुन मरांडी, सिराजुद्दीन शेख, मोतिउर रहमान, डॉ. जोहरुल इस्लाम समेत युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई के सदस्य एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक नजर

### बाइक और कार में भिड़ंत, महिला घायल

**साहिबगंज:** जिले के बरहेट थाना क्षेत्र के बरहेट-दुमका मुख्य मार्ग स्तिथ हड़वाडीह कब्रिस्तान के समीप बाइक और कार में भिड़ंत हो गया जिससे कार का आगे का हिस्सा एवं बाइक का अगला हिस्सा क्षति ग्रस्त हो गया। वही इस घटना में बाइक चालक बाल-बाल बच गया और बाइक पर पीछे सवार बुजुर्ग महिला का पैर में गंभीर रूप से चोटे आई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि धनबाद निवासी कार चालक माणिक मंडल अपना कार से बरहेट की और आ रहा था, वही विपरित दिशा से तेज रफ्तार एक काला रंग का हीरो सुपर स्प्लेंडर गाड़ी आकर कार को टक्कर मार दिया। इस घटना में बाइक में पीछे सवार गोड्डा निवासी शिवानी सोरेन (42) को पैर में गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बरहेट थाना पुलिस एएसआई चंदन कुमार घटना स्थल पहुंचे। वहीं घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट पहुंचाया। जहां ड्यूटी में तैनात चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात हायर सेंटर रेफर कर दिया। इधर मामले को लेकर पुलिस दोनों क्षति ग्रस्त गाड़ी को अपने कब्जे में लेकर छानबीन कर रहीं है।

### पोक्सो एक्ट के आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**साहिबगंज:** जिले के राजमहल, न्यायालय के आदेश पर शनिवार को थाना प्रभारी हसनैन अंसारी के निर्देश पर थाना के एस आई पवन यादव के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के हाफू टोला गांव में पॉक्सो एक्ट के फरार अभियुक्त समरूद्दीन शेख के घर के मुख्य द्वार पर ढोल नगाड़े के साथ उद्घोषणा अधिपत्र (इश्तेहार) चिपकाया गया। मौके पर एएसआई नंदकुमार यादव, पुलिस सशस्त्र बल मौजूद थे।

### जेल गेट पर सामाजिक कार्यकर्ता अरशद के साथ दुर्व्यवहार का आरोप

**साहिबगंज:** चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता सह पर्यावरण प्रेमी सैयद अरशद नसर 14 महीने पर जेल से बाहर आने के बाद बीते शुक्रवार को साहिबगंज जेल गेट पर अपना जमा रकम, मुलाकाती सामान, मेडिकल रिपोर्ट व बंदी आवेदन पत्र की कॉपी लेने की जानकारी के लिए जेल अधीक्षक परमेश्वर भगत के सरकारी आवास पर गए तो उन्होंने कहा गया कि कार्यालय में मुलाकात होगी तब अरशद जेल से बाहर आ गए और थोड़ा अंतराल के बाद अरशद अधीक्षक से मिलने जेल गेट के अंदर जैसे ही प्रवेश किया वहां पर तैनात चार-पांच जेल कर्मी अरशद के साथ बहुत ही बुरा बर्ताव व दुर्व्यवहार करते हुए ये कहते हुए भगा दिया की अधीक्षक का आदेश है कि तुम्हें जेल में घुसने नहीं दिया जाएगा और न ही तुम्हें तुम्हारा कोई भी सामान मिलेगा वहीं पर एक सैंडो गंजी व लुंगी पहने जेल कर्मी तो अरशद को मारने के लिए ही उठ खड़ा हुआ। अरशद ने इस अमानवीय व्यवहार व दुर्व्यवहार की जानकारी डालसा के सचिव विश्वनाथ भगत, एसडीजीएम तुषार आनंद,डीसी दीपक कुमार दुबे व एसपी अमित कुमार सिंह को मिल कर मौखिक दी। सभी ने घटना की लिखित जानकारी देने व विधि सम्मत कार्रवाई का आश्वासन अरशद को दिया। अरशद ने कहा कि जल्द ही इस संबंध में लिखित में मामला दर्ज कराया जाएगा। अरशद ने आगे कहा कि 14 महीने जेल में रहने के दौरान जेल के अंदर भ्रष्ट सिस्टम के खिलाफ आवाज उठाने के चलते साहिबगंज व मधुपुर जेल प्रशासन द्वारा उनके साथ कई बार किए गए अत्यंत ही जघन्य संज्ञेय अपराध को लेकर व उनके साथ हुए भारी शारीरिक, मानसिक व आर्थिक उत्पीड़न, शोषण व अत्याचार के खिलाफ हाल ही में आरटीआई के तहत करीब 94 बिंदुओं पर जेल आईजी झारखंड रांची से सूचना मांगने के चलते जेल प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है जिसका ही परिणाम शुक्रवार की घटना है।

## हायटेंशन तार की चपेट में आने से युवक की मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिले के तालझारी थाना क्षेत्र के महाराजपुर मीनाबाजार फूलचंदटोला में शनिवार की सुबह करीब पांच बजे घर के बगल के मंदिर के छत पर सफाई करने के दौरान 11 हजार हाइटेंशन बिजली की तार के चपेट में आने से बेहोश होकर वहीं पड़ा रहा। परिजनों की नजर पड़ने पर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां जांच के दौरान डॉ. पिंकू चैधरी ने मृत घोषित कर दिया है। मृतक महाराजपुर मीनाबाजार फूलचंदटोला के मिथून महतो (37) था। मृतक के परिजन ने बताया कि मिथून अहले सुबह उठ अपने छत की सफाई कर रहा था। इस दौरान उसका छत से सटा हुआ शिव मंदिर है। युवक मंदिर के छत की सफाई कर रहा था। मंदिर के छत के सरिया आंधी के समय 11 हजार हाइटेंशन तार में सट गया था। युवक सफाई के दौरान ध्यान नहीं दिया। सरिया में सटने से युवक वही गिर गया।परिजनों की नजर पड़ने पर युवक को आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। जहां रास्ते में ही युवक ने दम तोड़ दिया। वही मृतक अपने पीछे पत्नी, तीन छोटी पुत्री व दो पुत्र को छोड़ गया है। इधर पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। खबर लिखे जाने तक पोस्टमार्टम नहीं किया गया था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। इस घटना से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## मकई के खेत में दो लोगों का शव मिलने से सनसनी, जांच में जुटी पुलिस



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सितेशनगर गांव स्थित मकई के खेत में दो व्यक्तियों का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतकों की पहचान 55 वर्षीय नुरुद्दीन शेख एवं 45 वर्षीय मोतीउर शेख के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि शनिवार को ग्रामीणों ने खेत में दोनों को मृत अवस्था में पड़ा देखा, जिसके बाद इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया में जुट गई। मिली जानकारी के अनुसार, दोनों व्यक्ति अक्सर साथ देखे जाते थे और शनिवार सुबह करीब 11 बजे के आसपास भी उन्हें खेत की ओर जाते हुए देखा गया था। देर शाम तक घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों और ग्रामीणों को चिंता हुई। इसी दौरान कुछ ग्रामीणों की नजर मकई के खेत में पड़े दोनों शवों पर पड़ी, जिससे पूरे गांव में हड़कंप मच गया। थाना प्रभारी गौरव कुमार के निर्देश पर पुलिस टीम घटनास्थल पहुंची। एएसआई लियाकत अंसारी सहित पुलिस कर्मियों ने ग्रामीणों के सहयोग से शवों को खेत से बाहर निकालकर कब्जे में लिया और जांच प्रक्रिया शुरू की। पुलिस प्रारंभिक जांच में अत्यधिक शराब सेवन को मौत की संभावित वजह मान रही है। साथ ही नकली शराब सेवन की आशंका को लेकर भी विभिन्न पहलुओं से जांच की जा रही है। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। पुलिस ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और जांच पूरी होने तक संयम बरतने की अपील की है।

## हिरणपुर हाट परिसर की घेराबंदी तोड़ने वालों पर प्रशासन सख्त, होगी कानूनी कार्रवाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हिरणपुर :** जिले के हिरणपुर प्रखंड अंतर्गत मवेशी हाट परिसर में प्रशासन द्वारा कराई जा रही घेराबंदी के दौरान कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा दीवार तोड़ने एवं सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का मामला सामने आया है। प्रशासन ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। जानकारी के अनुसार, हाट परिसर की सुरक्षा व्यवस्था एवं सुव्यवस्थित संचालन को लेकर प्रशासन द्वारा घेराबंदी का कार्य कराया जा रहा है। इसी बीच कुछ लोगों द्वारा निमार्णाधीन दीवार को क्षतिग्रस्त कर सरकारी कार्य में व्यवधान उत्पन्न किए जाने की शिकायत सामने आई है। इस संबंध में प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि हाट परिसर की घेराबंदी जनहित, सुरक्षा और सरकारी संपत्ति की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कराई जा रही है। ऐसे में किसी भी प्रकार की तोड़फोड़ या सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करना कानून का उल्लंघन है। अंचल अधिकारी मनोज कुमार एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी टुडू दिलीप ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। दीवार तोड़ने में शामिल लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों पर जुर्माना भी लगाया जा सकता है। वहीं अधिकारियों ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि विकास कार्यों में सहयोग करें तथा किसी भी तरह की अफवाह फैलाने या अवरोध उत्पन्न करने से बचें। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र के विकास और व्यवस्था बनाए रखने के लिए चल रहे कार्य हर हाल में पूरे किए जाएंगे।

## पाकुड़ जिले में श्रद्धा और आस्था के साथ मनाई गई वट सावित्री पूजा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** जिलेभर में शनिवार को वट सावित्री पूजा श्रद्धा, आस्था और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाई गई। सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु, सुख-समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना को लेकर वट वृक्ष (बरगद पेड़) की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। सुबह से ही जिले के विभिन्न मंदिरों, वट वृक्षों एवं पूजा स्थलों पर महिलाओं की भीड़ देखी गई। पाकुड़ जिले के पाकुड़ सदर, हिरणपुर, अमड़ापाड़ा, लिट्टीपाड़ा, महेशपुर, पाकुड़िया एवं महेशपुर प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों सहित सभी इलाकों में महिलाओं ने पारंपरिक परिधान पहनकर व्रत रखा और पूजा संपन्न की। कई स्थानों पर महिलाओं ने समूह में एकत्रित होकर वट वृक्ष के चारों ओर सूत लपेटते हुए पूजा की तथा सावित्री-सत्यवान की कथा सुनी। जिले के विभिन्न बाजारों में पूजा सामग्री, फल, मिठाई, सिंदूर, चूड़ी, बिंदी और श्रृंगार सामग्री की दुकानों पर सुबह से ही अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली। महिलाओं ने पूजा के लिए बांस की डलिया, मौसमी फल एवं अन्य पूजन सामग्री की खरीदारी की। वहीं अमड़ापाड़ा प्रखंड में मंदिरों एवं वट वृक्षों के पास सुबह से महिलाओं की भीड़ लगी रही। वहीं हिरणपुर और लिट्टीपाड़ा जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ पूजा संपन्न की गई। महेशपुर, पाकुड़िया एवं पाकुड़ सदर प्रखंड में भी महिलाओं ने व्रत रखकर पति की लंबी उम्र की कामना की।

# कोटालपोखर में जाली एटीएम-लॉटरी का गोरखधंधा
## गरीब-मजदूरों की गाढ़ी कमाई पर डाला जा रहा है डाका

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोटालपोखर :** कोटालपोखर क्षेत्र में इन दिनों जाली एटीएम और फर्जी लॉटरी के नाम पर चल रहे अवैध कारोबार ने स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ा दी है। आरोप है कि कुछ असामाजिक तत्व आसान कमाई और मोटी रकम जीतने का लालच देकर लाखों-लाख रुपए की ग्रामीणों को ठगी का शिकार बना रहे हैं, जिससे खासकर गरीब और मजदूर वर्ग को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, छोटे दुकानों और गुप्त ठिकानों से इस तरह की गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। स्थानीय लोगों ने नाम नहीं छापने के शर्त पर उन्होंने बताया कि कोटालपोखर थाना रोड, हटिया पट्टी, सिनेमा हॉल, चाय दुकान, और अन्य जगहों पर अवैध लॉटरी के धंधा में संलिपत लोग बेच रहे हैं। और आगे बताया कि अवैध लॉटरी के गोरख धंधे का मुखिया करोड़ों में खेल रहा है। कम उम्र के युवक को पैसे का लालच देकर अवैध लॉटरी के धंधे में शामिल करते हैं और उनसे बेचने का काम करवाते हैं, जिससे युवक लालच में आकर




इस दलदल में आकर फस जाते हैं। लोगों से पैसे जमा कर एटीएम इनाम या लॉटरी जीतने का झांसा दिया जाता है, लेकिन अधिकांश मामलों में पीड़ितों को कोई लाभ नहीं मिलता। परिणामस्वरूप गरीबों की मेहनत की कमाई लुट जाती है, जबकि लॉटरी माफिया मोटा मुनाफा कमा रहे हैं। सामाजिक कार्यकताओं ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते इस फर्जी कारोबार पर रोक नहीं लगाई गई तो क्षेत्र में आर्थिक ठगी के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हो सकती है। उन्होंने प्रशासन से पूरे मामले की गहन जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि यदि ऐसे मामलों की पुष्टि होती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आम लोगों से अपील की गई है कि वे किसी भी तरह की लॉटरी, इनाम या एटीएम ऑफर के झांसे में न आएं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस या प्रशासन को दें। तेजी से फैल रहे इस अवैध धंधे ने क्षेत्र की कानून-व्यवस्था और आर्थिक सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं अब लोगों की नजरें प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं कि इस पर कब और कैसे प्रभावी रोक लगाई जाती है।

## संक्षिप्त खबरें

### धरना के 13वें दिन छात्राओं ने संभाला मोर्चा कहा-हमारे भविष्य के साथ खिलवाड़ बंद हो



**साहिबगंज:** जिले के बरहरवा प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में शेरशाहबादी जाति प्रमाण पत्र पुन: निर्गत करने की मांग को लेकर जारी अनिश्चितकालीन महाधरना शनिवार को 13वें दिन भी जारी रहा। आंदोलन के 13वें दिन बड़ी संख्या में छात्राओं की भागीदारी ने धरनास्थल का माहौल बदल दिया। छात्राओं ने खुलकर अपनी समस्याएं और भविष्य को लेकर चिंता जाहिर की। धरना स्थल पर छात्राओं ने कहा कि जाति प्रमाण पत्र के अभाव में कई छात्राएं उच्च शिक्षा, छात्रवृत्ति,प्रतियोगी परीक्षाओं और सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि समाज की बेटियों को अपने अधिकार के लिए सड़क पर उतरना पड़े, इससे बड़ी विडंबना क्या हो सकती है। कई छात्राओं ने कहा कि उनके परिवार आर्थिक रूप से कमजोर हैं और आरक्षण का लाभ नहीं मिलने से उनके सपने अधूरे रह जा रहे हैं। उन्होंने सरकार और प्रशासन से संवेदनशीलता दिखाने की अपील की। धरना स्थल पर आंदोलनकारियों ने हमें हमारा अधिकार दो,शिक्षा और रोजगार से वंचित करना बंद करो, शेरशाहबादी समाज को न्याय दो,अंचल प्रशासन हाय हाय,जिला प्रशासन हाय हाय जैसे नारे लिखे तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए महमूद आलम ने कहा कि यह लड़ाई अब नई पीढ़ी की आवाज बन चुकी है। लगातार 13 दिनों से लोग बारिश, गर्मी और कठिन परिस्थितियों के बीच डटे हुए हैं,लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई स्पष्ट समाधान सामने नहीं आया है। इसके बावजूद आंदोलन का दायरा बढ़ता जा रहा है और हर दिन नए लोग इससे जुड़ रहे हैं। यदि जल्द समाधान नहीं निकाला गया तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा, जब तक शेरशाहबादी समाज को उसका अधिकार नहीं मिल जाता। धरना स्थल पर उप प्रमुख अब्दुल कादिर,मुखिया रामजान अली,हनीफ इकबाल,सरीफुल इस्लाम,शैखूल इस्लाम,वसीम अकरम,मसूद आलम,शहीद आलम,मोफक्कर आलम सहित सैकड़ों छात्र-छात्राओं,युवाओं एवं समाज के कई गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।

### साहेबगंज में कांग्रेस का हल्लाबोल, केंद्र सरकार का फूंका पुतला



**साहिबगंज:** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षकेशव महतो कमलेश के निर्देश पर शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी,साहेबगंज द्वारा स्टेशन चौक पर केंद्र सरकार का पुतला दहन किया गया। जहाँ कई कांग्रेस कार्यकर्ता स्टेशन चौक पर जुटे और पेट्रोल-डीजल,दूध, सीएनजी गैस की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि एवं केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।इसके बाद केंद्र सरकार का पुतला फूंककर विरोध दर्ज किया गया। जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान ने कहा केंद्र की मोदी सरकार ने पिछले 12 साल में सिर्फ जुमलेबाजी की है। आज पेट्रोल 110 पार, डीजल 100 पार, दूध 70 रुपये लीटर और गैस सिलेंडर 1200 का हो गया है। गरीब, किसान, मजदूर, मध्यम वर्ग-हर तबका महंगाई की मार से त्रस्त है,लेकिन केंद्र सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही।साहेबगंज की जनता को संदेश देना चाहते हैं। कांग्रेस पार्टी सड़क से सदन तक आपकी लड़ाई लड़ेगी। जब तक दाम वापस नहीं होंगे,हमारा आंदोलन रुकने वाला नहीं है। जनता ने भी बदलाव का मन बना लिया है,2029 में ये तानाशाह सरकार उखाड़ फेंकेंगी। मौके पर।कार्यक्रम में अनुकूल चंद्र मिश्रा,बासुकीनाथ यादव,मोहम्मद कलीमुद्दीन, सरफराज आलम,नित्यानंद गुप्ता,राम श्रृंगार ओझा,ऐनुल हक अंसारी,भोलानाथ महतो,सुनील पासवान,मिथुन मण्डल,मो .सलाहुद्दीन, अनिल पाण्डेय,उमेश कुमार पाण्डेय,अनंत लाल भगत, कमरूल हक अंसारी,गणेश साहा,सन्टू यादव,शारीक रब्बानी,शशिधर यादव,देवराज सिंह, मजहर खान,कार्तिक साह, एवं अन्य दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### डेंगू दिवस पर सिविल सर्जन साहिबगंज ने जागरूकता कार्यक्रम एवं स्वास्थ्य संस्थानों का किया निरीक्षण



**साहिबगंज:** डेंगू दिवस के अवसर पर सिविल सर्जन, साहिबगंज द्वारा अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय, वृंदावन में बच्चों के साथ डेंगू जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों एवं स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें डेंगू से बचाव संबंधी स्लोगन एवं नारों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन द्वारा बच्चों को डेंगू बीमारी के कारण, उसके फैलने के तरीके, लक्षण, बचाव एवं रोकथाम के उपायों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि डेंगू एडीज मच्छर के काटने से फैलता है, जो साफ एवं जमा पानी में पनपता है। उन्होंने बच्चों को अपने घरों एवं आसपास पानी जमा नहीं होने देने, साफ-सफाई बनाए रखने तथा बुखार होने पर तुरंत स्वास्थ्य जांच कराने हेतु प्रेरित किया। साथ ही डेंगू से संक्रमित होने पर आवश्यक सावधानियों एवं उपचार संबंधी जानकारी भी दी गई। इसके उपरांत सिविल सर्जन द्वारा तलझारी प्रखंड अंतर्गत हिसीगंज आरआई सेशन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान टीकाकरण सत्र की व्यवस्था, उपस्थित लाभुकों, वैक्सीन प्रबंधन एवं स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। तत्पश्चात पीएचसी तीनपहाड़ का निरीक्षण किया गया, जहां उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, मरीजों को दी जा रही सुविधाओं एवं संस्थान की व्यवस्था का जायजा लिया गया। सिविल सर्जन द्वारा स्वास्थ्य कर्मियों को जनहित में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके बाद करणपुरातो अंतर्गत नौघाटा आरआई सेशन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वैक्सीनेशन से संबंधित सभी पहलुओं की समीक्षा की गई। सिविल सर्जन द्वारा निर्देश दिया गया कि ड्यू लिस्ट के अनुसार सभी बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए तथा सभी टीकाकरण संबंधी डेटा को समय पर यूडब्ल्यूआईएन पोर्टल पर अपलोड किया जाए। सिविल सर्जन ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में संचारी रोगों की रोकथाम, टीकाकरण एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम लगातार चलाए जा रहे हैं ताकि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध कराई जा सके।

## एक नजर

### राशन दुकान में चोरी नकद समेत हजारों की संपत्ति गायब

**तलगड़िया** : चास मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत बिजुलिया पंचायत के फुटलाही गांव में शुक्रवार देर रात अज्ञात चोरों ने एक राशन दुकान को निशाना बनाते हुए नकद समेत करीब 30 हजार रुपये मूल्य के सामान की चोरी कर ली। घटना के बाद ग्रामीणों में भय का माहौल है। जानकारी के अनुसार फुटलाही गांव निवासी जगन्नाथ सिंह अपनी राशन दुकान को प्रतिदिन की तरह शुक्रवार रात करीब आठ बजे बंद कर घर चले गए थे। शनिवार सुबह जब वे दुकान खोलने पहुंचे तो देखा कि दुकान के दोनों ताले टूटे हुए हैं और अंदर रखा सामान गायब है। भुक्तभोगी जगन्नाथ सिंह ने बताया कि चोर दुकान से एक टिन सरसों तेल, एक टिन रिफाइंड तेल, ठंडा पेय पदार्थ, सर्फ, साबुन, एक बोरा चावल समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए। इसके अलावा गल्ले में रखा करीब 7,400 रुपये नकद भी चोर उठा ले गए। घटना की सूचना मिलने पर चास मुफस्सिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच-पड़ताल की। पीड़ित ने थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। इधर लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से क्षेत्र में नियमित रात्रि गश्ती बढ़ाने की मांग की है।

### बालीडीह थाना ने चलाया वाहन जांच अभियान

**बोकारो** : बालीडीह थाना क्षेत्र में शनिवार शाम पुलिस ने बालीडीह मोड़ बियाडा कार्यालय के समीप वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान वाहनों की डिक्की, वाहन के कागजात, हेलमेट आदि की जांच की। साथ ही वाहन चालक को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। यह जांच बोकारो पुलिस अधीक्षक के आदेश पर चलाया गया। बता दें कि इन दिनों यातायात व्यवस्था, सड़क सुरक्षा व्यवस्था आदि को लेकर बोकारो भर में जगह-जगह जांच अभियान चलाया जा रहा है। वहीं, नाबालिग बच्चों को वाहन न देने आदि के लिए भी जागरूक किया जा रहा है। सेक्टर 4 के सिटी सेंटर में भी नाबालिग वाहन चालकों को लेकर जुमार्ना वसूला गया था।

### 25-30 वर्षों से काबिज दुकानदारों ने बीडीओ से लगाई गुहार

**बरही** : अतिक्रमण मुक्ति के नोटिस के बाद बाराटांड, दूधपनिया, कोरियाडीह धनवार के दुकानदारों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी बरही को आवेदन सौंपा है। 16 मई 2026 को दिए आवेदन में दुकानदारों ने जिला परिषद से बनने वाली दुकानों में पुराने दुकानदारों को प्राथमिकता देने की मांग की है। आवेदन में दुकानदारों ने कहा कि वे ग्राम कारियातपुर बारा टांड के गरीब परिवार से हैं और लगभग 25 से 30 वर्षों से उक्त भूमि पर दुकान बनाकर परिवार का जीवन यापन कर रहे हैं। अंचल अधिकारी बरही द्वारा 23 मई 2026 तक भूमि खाली करने का नोटिस दिया गया है। दुकानदारों के अनुसार 16 मई 2026 को हजारीबाग उपायुक्त द्वारा भूमि का निरीक्षण कर जिला परिषद द्वारा दुकान बनाने की बात कही गई है। नोटिस के क्रम संख्या 1 से 21 तक कुल 21 दुकानदारों को चिन्हित किया गया है। मांग की गई है कि जिला परिषद द्वारा नई दुकान बनाकर पहले इन्हीं 21 दुकानदारों को आवंटित किया जाए। आवेदन में अनुरोध किया गया है कि उक्त भूमि पर पुरानी दुकान हटाकर नया दुकान निर्माण कराया जाए ताकि वे जीवन यापन चला सकें। आवेदन के साथ क्रम संख्या 1 से 21 की सूची, नोटिस और आधार कार्ड की छाया प्रति संलग्न की गई है।

# ईंधन कीमतों में बढ़ोतरी के खिलाफ बोकारो में झामुमो का शक्ति प्रदर्शन

## जनता की कमर तोड़ रही है महंगाई : मंटू यादव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : झारखंड मुक्ति मोर्चा, बोकारो महानगर कमेटी द्वारा केंद्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों और पेट्रोल-डीजल की आसमान छूती कीमतों के खिलाफ एक विशाल 'साइकिल जुलूस' का आयोजन किया गया। महानगर अध्यक्ष मंटू यादव के नेतृत्व में आयोजित यह विरोध प्रदर्शन गोविंद मार्केट से शुरू होकर कुमीर्डीह तक गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं और आम जनता ने हिस्सा लिया। जुलूस को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष मंटू यादव ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहाः आज आम आदमी महंगाई की चौतरफा मार झेल रहा है। केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल के दामों में बेतहाशा वृद्धि कर जनता की कमर तोड़ दी है। ईंधन महंगा होने का सीधा मतलब है रसोई का बजट बिगड़ना और दैनिक उपभोग की हर वस्तु का महंगा होना। क्या यही वे 'अच्छे दिन' हैं जिनका वादा किया गया था? कार्यकर्ताओं ने मोटर वाहनों को छोड़कर साइकिल चलाकर यह संदेश दिया कि मध्यम वर्ग और गरीबों के लिए अब वाहन चलाना दूभर हो गया है। झामुमो नेता मंटू यादव ने जोर दिया कि ईंधन की बढ़ती कीमतों ने परिवहन और कृषि लागत को बढ़ा दिया है, जिससे हर वर्ग त्रस्त है। भीषण गर्मी और चुनौतियों के बावजूद सैकड़ों समर्थकों ने नारेबाजी करते हुए केंद्र सरकार से बढ़ी हुई कीमतें तत्काल वापस लेने की मांग की।झामुमो नेता ने स्पष्ट किया कि यह केवल एक शुरूआत है। यदि केंद्र सरकार ने बढ़ती कीमतों पर लगाम नहीं लगाई और आम आदमी को राहत नहीं दी, तो आने वाले दिनों में यह आंदोलन और उग्र रूप लेगा। उन्होंने सवाल किया कि जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें स्थिर हैं, तो देश में कीमतें क्यों बढ़ाई जा रही हैं? सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने एकजुट होकर महंगाई के विरुद्ध अपनी आवाज बुलंद की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मिथुन मंडल, सदानंद गोप, राकेश सिन्हा, लालमोहन हेंब्रम, रामदयाल सिंह, अशोक हेंब्रम, रणधीर रजक, अर्जुन महतो, उदय कुंभकार, अशोक यादव, सुरेंद्र कुमार, पूरन महतो, विनोद यादव, फिरोज अंसारी, प्रमोद साह, धनुलाल महतो, कुंदन दास, शंभू गुप्ता, मोती मुर्मू, भागीरथ दीगार, प्रकाश कुमार, कासिम अंसारी, मनोहर कुमार, लालतू कुमार, संतोष यादव, नजीर अंसारी इत्यादि।

## दुन्दीबाग मारपीट कांड में पुलिस पर एक पक्षीय कार्रवाई का आरोप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : दुन्दीबाग स्थित केतारी गली में 19 अप्रैल को हुए मारपीट और चाकूबाजी मामले ने अब नया मोड़ ले लिया है। एक ओर जहां पुलिस इस मामले में कार्रवाई कर चुकी है, वहीं दूसरी ओर आरोपी पक्ष के परिवार ने पुलिस पर एक पक्षीय कार्रवाई करने का गंभीर आरोप लगाया है। करण कुमार के पिता बी साव ने कहा कि घटना में उनके दोनों बेटे भी घायल हुए थे, लेकिन पुलिस ने उन्हीं को गिरफ्तार कर लिया। उनका आरोप है कि दूसरे पक्ष के 20 से 25 लोग उनके परिवार पर हमला करने पहुंचे थे, बावजूद इसके उन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। बी साव ने कहा कि जिस देव कुमार साव को गंभीर घायल बताया जा रहा था, वह कुछ ही दिनों में स्वस्थ होकर फिर दुकान संभालने लगा। परिवार का कहना है कि दोनों पक्ष एक ही खानदान से जुड़े हैं और ग्राहकों को लेकर पहले से विवाद चलता रहा है। करण कुमार के भाई अर्जुन कुमार ने बताया कि दुकानदारी और ग्राहकों के कारण कई बार तनाव की स्थिति बनती रही है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला और चर्चा में आ गया। इस मामले में आलोक रंजन ने पहले बयान जारी कर बताया था कि घटना के बाद घायल करण कुमार थाना पहुंचा था, लेकिन उसी दौरान देव ङ४१ साव पर चाकू से हमले की सूचना मिली। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तारी की आशंका होते ही कुछ लोग थाना परिसर से भागने लगे और हंगामा भी हुआ। अब परिवार निष्पक्ष जांच और दोनों पक्षों पर समान कार्रवाई की मांग कर रहा है। मामले को लेकर इलाके में चर्चा तेज है और लोग पुलिस जांच के अगले कदम पर नजर बनाए हुए हैं।

## बेटी के फैसले से आहत मां ने अपने छह साल के बेटे के साथ गया में किया पिंडदान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : झारखंड के बोकारो जिले से एक ऐसी भावनात्मक और सामाजिक रूप से संवेदनशील घटना सामने आई है, जिसने रिश्तों, परंपराओं और बदलते सामाजिक मूल्यों को लेकर नई बहस छेड़ दी है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2005 में एक महिला की शादी बोकारो जिले के टेलीडीह क्षेत्र में हुई थी। वर्ष 2021 में पति के निधन के बाद परिवार की पूरी जिम्मेदारी उनके कंधों पर आ गई। परिवार में तीन बच्चे – एक बेटा और दो बेटियां – थे। पति की मृत्यु के बाद भी महिला ने हार नहीं मानी और लगभग पांच वर्षों तक मोमोस का ठेला लगाकर पूरे परिवार का पालन-पोषण किया। स्थानीय लोगों के मुताबिक, कठिन आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद माँ ने अपने बच्चों को कभी किसी चीज की कमी महसूस नहीं होने दी। दिन-रात मेहनत कर उन्होंने परिवार को संभाला, बच्चों की पढ़ाई जारी रखी और अपनी बड़ी बेटी को स्नातक तक शिक्षित बनाया। उनका सपना था कि बेटी पढ़-लिखकर सम्मानजनक जीवन जिए। लेकिन हाल ही में बड़ी बेटी लगभग 20 वर्ष की एक फैसले ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया। बताया जा रहा है कि युवती ने अपने ही रिश्ते के व्यक्ति, जो पारिवारिक संबंध में मौसा समान बताया जा रहा है, से विवाह कर लिया। परिजनों ने काफी समझाने की कोशिश की, लेकिन युवती अपने निर्णय पर अडिग रही। इस घटना से गहरी मानसिक और सामाजिक पीड़ा झेल रही माँ ने अपने 6 वर्षीय छोटे बेटे के साथ एक भावनात्मक और कठोर कदम उठाया। उन्होंने बिहार के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल विष्णुपद मंदिर पहुंचकर अपनी जीवित बेटी का प्रतीकात्मक रूप से पिंडदान कर दिया। हिंदू परंपरा में पिंडदान सामान्यतः मृत आत्माओं की शांति के लिए किया जाता है, इसलिए इस घटना ने पूरे इलाके में चर्चा और भावनात्मक प्रतिक्रिया पैदा कर दी है।

## एसएनए छऊ केंद्र में मोहुरी संगीत कार्यशाला का दूसरा दिन उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली के अधीनस्थ एस०एन०ए० छऊ केंद्र चंदनकियारी में आयोजित तीन दिवसीय छऊ नृत्य आवासीय मोहुरी संगीत कार्यशाला के दूसरे दिन सभी प्रशिक्षु एवं प्रशिक्षक उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान प्रशिक्षुओं में सीखने की विशेष अभिरुचि एवं ऊर्जा देखने को मिली। प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षुओं को मोहुरी वाद्य यंत्र से संबंधित ताल, मात्रा एवं संगीत की बारीकियों का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही ब्लैक बोर्ड के माध्यम से सचित्र एवं सरल तरीके से विभिन्न संगीत संबंधी विषयों को समझाया गया, जिससे बच्चों को तकनीकी ज्ञान प्राप्त करने में काफी सहायता मिली। प्रशिक्षुओं ने भी पूरे उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए यह विश्वास व्यक्त किया कि वे इस पारंपरिक वाद्य यंत्र के माध्यम से राज्य एवं देश का नाम संगीत जगत में रोशन कर सकते हैं। इस अवसर पर संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली से आए पर्यवेक्षक डॉ संतोष प्रसाद जी ने प्रशिक्षुओं द्वारा मोहुरी वाद्य यंत्र सीखने के प्रति दिखाई जा रही लगन एवं समर्पण की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। वहीं केंद्र के संयोजक डॉ संजय कुमार चौधरी ने अपने कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन के माध्यम से प्रशिक्षकों एवं प्रशिक्षुओं को प्रेरित किया तथा कार्यशाला को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का दूसरा दिन भी सफलतापूर्वक एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन रविवार को होगा।

## तुपकाडीह तेनु नहर सडक पर दूसरे दिन भी स्लेग लदे भारी वाहनों का परिचालन रहा ठप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : बीएसएल प्लांट के स्लेग डंफ एरिया क्षेत्र से स्लेग लदे भारी वाहनों का परिचालन तुपकाडीह तेनु नहर सड़क पर होने की वजह से जर्जर हुई सडक व उड़ते धूल मिट्टी से उत्पन्न प्रदूषण, बाधित यातायात तथा ओवरलोड वाहनों के खिलाफ में ग्रामीणों द्वारा विरोध जताने के बाद दूसरे दिन भी गाड़ियों का परिचालन पूरी तरह ठप रहा। बीरबल मरांडी ने कहा कि जब तक उनकी समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं किया जाता और आसपास के लोगों को राहत नहीं मिलती, तब तक स्लेग लदे भारी वाहनों का आवाजाही पूर्णतः बंद रहेगी।इधर युवकों द्वारा उठाई गई आवाज पर ग्रामीणों व बाजार वासियों ने जायज बताया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अपनी जमीन देकर प्लांट की स्थापना में सहयोग किया, लेकिन अब प्रबंधन और ठेकेदारों की मनमानी का खामियाजा विस्थापितों को सौगात में प्रदूषण के रूप में भुगतना पड़ रहा है। कहा कि स्लेग ढुलाई के दौरान उड़ने वाली धूल मिट्टी से पूरा वातावरण प्रदूषित हो जाता है। गांव के पेड़-पौधों की पत्तियां काली पड़ चुकी हैं तथा घरों की छतों पर धूल व मोटी की परत जम जाती है। इतना ही नहीं, खुले कुआ का पानी भी प्रदूषित हो रहा है।कहा कि इस सड़क से हर दिन प्लांट कर्मचारी, ठेका मजदूर व आसपास बसे गांव के लोगों के लिए मुख्य मार्ग है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई हाइवा वाहन ओवरलोड स्लेग लेकर खुले में परिवहन करती हैं जो खतरे की घंटी साबित हो सकती है। इस धंधे के संचालन कर्ता के रूप में स्थानीय दलाल तबके के लोगो को बंधी बंधाई राशि मिलती हैं।राजन कर्मकार, रसिक हेंब्रम, बहादुर मांझी, विंतोष सोरेन, विश्वजीत सोरेन, गोतम कर्मकार, हीरालाल सोरेन, सुभाष सोरेन मोहन कर्मकार, जोगेंद्र सोरेन आदि मौजूद थे।

## भोलूर बांध मैदान में विशाल हिंदू सम्मेलन आयोजन आज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चास** : रविवार को भोलूर बांध मैदान, रामनगर कालोनी, चास में विशाल हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। आयोजन समिति की आज संयोजक रूद्रदेव उपाध्याय की अध्यक्षता में हुई तैयारी बैठक में अंतिम व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई और भागीदारी बढ़ाने हेतु स्थानीय घर-घर संपर्क अभियान को और सक्रिय करने का निर्णय लिया गया। आयोजक समिति ने बताया कि सम्मेलन में रामनगर कालोनी, भोजपुर कालोनी, गुजरात कालोनी, कैलाश नगर तथा मेन रोड में निवास करने वाले सभी सनातनी परिवारों के प्रत्येक सदस्य भाग ले सकेंगे। पिछले कई दिनों से समिति के सदस्य टोली बनाकर घर-घर संपर्क कर रहे हैं और कहा गया कि यह संपर्क आज एवं कल और तीव्र किया जाएगा ताकि स्वागत योग्य उपस्थिति सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम में 11 धुनों में हनुमान चालीसा का पाठ एवं भारत माता की आरती प्रमुख आकर्षण होंगे। इसके अतिरिक्त रामचरितमानस पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसका उद्देश्य समुदाय के आध्यात्मिक ज्ञान का संवर्धन और प्रभु राम के जीवन आदर्शों से अवगत कराना बताया गया। कार्यक्रम में भक्तिमय भजन-गायन भी होगा तथा स्थानीय स्तर पर समाज हेतु उल्लेखनीय योगदान देने वाले वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया जाएगा। आयोजन समिति ने कहा कि सम्मेलन का एक उच्च स्तरीय उद्बोधन भी रखा गया है, जो सहभागी जनों को प्रेरित करने और समुदाय में नेतृत्व क्षमता व सहयोगात्मक भावना के विकास में सहायक होगा। समिति ने उम्मीद जताई कि सनातनी समुदाय की भागीदारी से यह सम्मेलन सफल और ऐतिहासिक साबित होगा।

तैयारी बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित रहेः रूद्रदेव उपाध्याय, विजय प्रसाद, अशोक कुमार जगनानी, राम बालक भगत, आयुष कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार शर्मा, कृष्ण कुमार, अरूण कुमार सिंह, विष्णु देव प्रसाद, दयाराम परमार, कन्हैया श्री, गौरीशंकर सिंह, राज कुमार, कुमार अक्ष, हर्ष वर्मा, कार्तिक वर्मा, ऋषि कुमार, राम लखन, मा0 रंजीत वर्णवाल, संदीप तिवारी, शशि सुमन, दिनेश्वर सिंह, सुरेन्द्र कुमार एवं मनोज अग्रवाल। समिति ने नागरिकों से अपील की है कि वे समय पर भोलूर बांध मैदान पहुँचें और स्वास्थ्य-सुरक्षा व सामुदायिक शिष्टाचार का पालन करें।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रोजेक्ट वाडी के तहत वेदांता ईएसएल स्टील ने शुरू की किसानों के लिए नई पहल



**बोकारो** : ग्रामीण विकास और किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड ने प्रोजेक्ट वाडी के तहत कुंवरपुर, चास, बोकारो में कस्टम हायरिंग सेंटर एवं सॉयल टेस्टिंग डिवाइस का उद्घाटन किया। यह पहल नाबार्ड के सहयोग एवं ग्रामीण सेवा संस्थान के क्रियान्वयन के माध्यम से संचालित की जा रही है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोकारो की उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में रवीश शर्मा सहित वरिष्ठ अधिकारियों, गणमान्य अतिथियों, किसानों एवं ग्रामीणों ने भाग लिया। अतिथियों ने वेदांता ईएसएल स्टील द्वारा प्रोजेक्ट वाडी के अंतर्गत विकसित ह्लमॉडल फार्मह्व का भी अवलोकन किया, जिसका उद्देश्य आधुनिक एवं सतत कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना है। नवस्थापित कस्टम हायरिंग सेंटर किसानों को आधुनिक कृषि उपकरण एवं मशीनरी उपलब्ध कराएगा। इससे छोटे एवं सीमांत किसानों को भूमि तैयारी, बुवाई, सिंचाई एवं फसल कटाई जैसे कार्यों के लिए आधुनिक तकनीक का लाभ मिल सकेगा, जिन्हें व्यक्तिगत रूप से महंगे उपकरण खरीदना संभव नहीं होता। वहीं, सॉयल टेस्टिंग डिवाइस किसानों को मिट्टी की गुणवत्ता एवं पोषक तत्वों जैसे एनपीके, पीएच वैल्यू और ऑर्गेनिक कंटेंट की वैज्ञानिक जांच में सहायता करेगा। इससे किसान अपनी भूमि की वास्तविक आवश्यकता के अनुसार उर्वरकों का उपयोग कर सकेंगे, जिससे उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी। इस अवसर पर रविश शर्मा, सीईओ एवं पूर्णकालिक निदेशक, वेदांता, ईएसएल ने कहाः वेदांता ईएसएल स्टील में हमारा मानना है कि किसानों को आधुनिक तकनीक एवं वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों से जोड़ना ग्रामीण विकास की दिशा में बेहद आवश्यक है। प्रोजेक्ट के माध्यम से हम किसानों की आजीविका सुदृढ़ करने, सतत कृषि को बढ़ावा देने और ग्रामीण समुदायों के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। कस्टम हायरिंग सेंटर एवं सॉयल टेस्टिंग डिवाइस किसानों को बेहतर उत्पादकता एवं वैज्ञानिक खेती अपनाने में मदद करेंगे।

### नगर निगम ने बिना स्वीकृत नक्शे के निर्माणों पर लगाई रोक, उल्लंघन पर होगी कार्रवाई



**चास** : चास नगर निगम ने निगम क्षेत्र में बिना भवन नक्शा पास कराए जा रहे निर्माण कार्यों पर कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। नगर निगम की तरफ से जारी निर्देश में साफ कहा गया है कि बिना स्वीकृत भवन नक्शे के किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य पाए जाने पर संबंधित निर्माण को तत्काल बंद कराया जाएगा और नियमों के अनुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम ने बताया कि यह कदम झारखंड नगर पालिका अधिनियम एवं भवन निर्माण संबंधी निर्धारित नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। अधिनियम के तहत बिना स्वीकृत नक्शे किसी भी प्रकार का निर्माण करना नियम-उल्लंघन माना जाता है और ऐसी स्थिति में प्रशासनिक कार्रवाई अनिवार्य है। नगर निगम ने आम नागरिकों से आग्रह किया है कि वे किसी भी भवन निर्माण कार्य की शुरूआत करने से पहले आवश्यक भवन नक्शा स्वीकृति एवं अन्य वैधानिक अनुमति अवश्य प्राप्त कर लें। निगम ने चेताया है कि अनुमतियाँ न होने पर न केवल निर्माण रोका जाएगा, बल्कि संबंधित पर नियमानुसार जुमार्ना और अन्य कानूनी कार्रवाइयों की भी प्रक्रिया अपनाई जाएगी। जांच दल में सहायक नगर निवेशक संजीव कुमार, कनीय अभियंता नीरज कुमार, उमेश कुमार, सुरेंद्र मुर्मू तथा अमीन राजेश कुमार मुख्य सदस्य के रूप में शामिल रहे। नगर निगम अधिकारियों ने कहा कि जांच दल नियमित रूप से इलाके में निरीक्षण करेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रखी जाएगी। निगम ने जनता को पुनः बताया कि नियमों का पालन न केवल कानूनी दायित्व है, बल्कि इससे सुरक्षा, ढांचे की गुणवत्ता तथा शहर नियोजन के हित में भी सामूहिक लाभ होता है।

### बोकारो में श्रद्धा-आस्था और परंपरा के साथ वट सावित्री व्रत की धूम



**बोकारो** : बोकारो में शनिवार को शहर व ग्रामीण इलाकों में वट सावित्री व्रत बड़े धूम-धाम और श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने सुबह-सुबह स्नान-ध्यान के बाद पारंपरिक वेशभूषा और श्रृंगार करके वट (बरगद) वृक्षों व मंदिरों के पास एकत्र होकर पति की लंबी उम्र तथा परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह से ही विभिन्न पूजा स्थलों पर महिलाओं की भारी भीड़ देखी गई। महिलाओं ने वट वृक्ष के चारों ओर कच्चा सूत लपेटकर परिक्रमा की तथा फल, फूल, रोली, अक्षत, दीप और मिठाई अर्पित कर श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना की। पूजा के दौरान वट सावित्री व्रत कथा का श्रवण भी कराया गया, जिसमें माता सावित्री द्वारा अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज से वापस लाने की अद्भुत घटना सुनाई गई। कई स्थानों पर सामूहिक भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठान चले, जिससे पूजा-पाठ का वातावरण भक्तिमय बन गया। महिलाओं ने परस्पर व्रत की शुभकामनाएं दीं और पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन किया। मंदिरों में भी दिनभर पूजा-अर्चना का सिलसिला जारी रहा। स्थानीय बुजुर्ग महिलाओं का कहना है कि वट सावित्री व्रत भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा का महत्वपूर्ण अंग है, जिसे पीढ़ियों से निष्ठा से निभाया जा रहा है। वहीं युवा महिलाओं ने भी इस पर्व में बढ़-चढ़कर भाग लिया और उत्साह दिखाया। लोगों का मानना है कि वट वृक्ष दीघार्यु व स्थायित्व का प्रतीक है, इसी आयोजन के माध्यम से सुहागिन महिलाएं अपने वैवाहिक जीवन की समृद्धि और पति की लंबी आयु की कामना करती हैं। स्थानीय हाल-चाल पर नजर रखने वाले समाजसेवकों ने बताया कि पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ और किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। प्रशासनिक स्तर पर भी सुरक्षा व व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा गया था।

## संक्षिप्त डायरी

### अयोध्या से जुड़ेगा बिहार का सीतामढ़ी, फोरलेन रोड के नर्माण के लिए जमीन अधिग्रहण शुरू

**पटना (एजेंसी)** भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या जल्द ही जानकी जन्मभूमि से जुड़ने वाली है. राम-जानकी पथ का निर्माण किया जाना है, जो कि सीतामढ़ी से होकर गुजरेगी. इसके लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज कर दी गई है. राम-जानकी पथ के निर्माण को लेकर काम में तेजी ला दी गई है. फोरलेन निर्माण के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज कर दी गई है. बताया जा रहा है कि 3( ) के प्रकाशन के बाद पांच सदस्यीय कमेटी अलाइमेंट वाले एरिया का निरीक्षण कर जमीन के किस्म का निर्धारण कर रही है. इसमें लगभग एक महीने का वक्त लग सकता है. इसके बाद अधिसूचना जारी की जाएगी. जमीन अधिग्रहण में लग सकता है एक महीने का समय जमीन अधिग्रहण को लेकर अधिसूचना जारी करने के बाद इस पर दावा और आपत्ति लिया जाएगा. इसके बाद निष्पादन किया जाएगा और अधिघोषणा का प्रकाशन किया जाएगा. इसके बाद जमीन मालिकों को राशि भुगतान किया जाएगा. जानकारी के मुताबिक, यह फोरलेन जिले के अंचलों के 49 राजस्व गांवों से होते हुए गुजरेगी.

विराट रामायण से भी गुजरेगा राम-जानकी पथ जानकारी के मुताबिक, राम-जानकी पथ बिहार के गोपालगंज, मोतिहारी, शिवहर और सीतामढ़ी समेत अन्य जिलों से होकर गुजरेगी. यह फोरलेन सड़क कई मायने में खास मानी जा रही है. राम-जानकी पथ निमार्णाधीन विराट रामायण मंदिर से होकर गुजरेगा, जहां श्रद्धालु दुनिया के सबसे बड़े शिवलिंग का दर्शन कर सकेंगे और मंदिर में पूजा भी कर सकेंगे. इसके अलावा जिस भी जिले से यह सड़क गुजरेगी, वहां की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकेगी. रोजगार को बढ़ावा मिल सकेगा. इसके साथ ही पेट्रोल पंप, होटल, फुड प्लाजा के अलावा कई तरह के छोटे-बड़े रोजगार लोग कर सकेंगे. फोरलेन के बनने से हो सकेंगे ये फायदे इस फोरलेन के बन जाने से गोपालगंज से सीतामढ़ी (पुनौरा धाम) तक का सफर कम समय में पूरा होगा. अयोध्या से आने वाले श्रद्धालु सीधे धार्मिक स्थलों तक पहुंच सकेंगे, जिससे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा. साथ ही जमीन की कीमतों में भी बढ़ोतरी होगी. यह रूट उत्तर प्रदेश-बिहार सीमा के पास मेहरौना घाट से शुरू होकर सिवान, पूर्वी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी होते हुए भिट्ठामोड़ (नेपाल सीमा) तक जाएगा. सीतामढ़ी-भिट्ठामोड़ रूट में एनएच-27ए और एनएच-227 के हिस्से भी शामिल रहेंगे.

### पटना में वट सावित्री पूजा के दौरान बरगद के पेड़ में लगी भीषण आग, मची अफरा-तफरी

**पटना (एजेंसी)** पटना के फतुहा प्रखंड कार्यालय परिसर में वट सावित्री पूजा के दौरान बरगद के पेड़ में भीषण आग लग गई. जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई. हालांकि राहत की बात रही कि इस घटना में कोई श्रद्धालु हताहत नहीं हुआ. राजधानी पटना के फतुहा प्रखंड कार्यालय परिसर में शनिवार को वट सावित्री पूजा के दौरान बड़ा हादसा होते-होते टल गया। पूजा के दौरान परिसर में स्थित प्राचीन बरगद के पेड़ में अचानक भीषण आग लग गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हालांकि राहत की बात रही कि इस घटना में कोई श्रद्धालु हताहत नहीं हुआ। पूजा के दौरान दीये की लौ से लगी आग शनिवार को वट सावित्री व्रत के अवसर पर सुबह से ही बड़ी संख्या में सुहागिन महिलाएं बरगद के पेड़ के पास पूजा-अर्चना कर रही थीं। महिलाएं पति की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना के साथ पेड़ के चारों ओर कच्चा सूत लपेटकर परिक्रमा कर रही थीं। इसी दौरान पूजा में जलाए गए घी के दीये की लौ पेड़ में बंधे सूखे धागों के संपर्क में आ गई, जिससे आग लग गई। देखते ही देखते धू-धू कर जलने लगा पेड़ सूखे धागों के कारण आग तेजी से फैल गई और कुछ ही देर में बरगद का पेड़ सुलगने लगा। आग की लपटें उठती देख पूजा कर रहीं महिलाओं और अन्य श्रद्धालुओं में चीख-पुकार मच गई। लोग अपनी पूजा सामग्री छोड़कर सुरक्षित स्थान की ओर भागने लगे। स्थानीय लोगों ने संभाला मोर्चा घटना के बाद परिसर में मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक पेड़ का निचला हिस्सा और पूजा सामग्री जलकर राख हो चुकी थी। समय रहते टला बड़ा हादसा घटना में किसी के झुलसने या घायल होने की सूचना नहीं है। समय रहते श्रद्धालु सुरक्षित दूरी पर हट गए, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद परिसर में काफी देर तक दहशत और अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

### पटना में वट सावित्री पूजा के दौरान बरगद के पेड़ में लगी भीषण आग, मची अफरा-तफरी

**पटना (एजेंसी)** पटना के फतुहा प्रखंड कार्यालय परिसर में वट सावित्री पूजा के दौरान बरगद के पेड़ में भीषण आग लग गई. जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई. हालांकि राहत की बात रही कि इस घटना में कोई श्रद्धालु हताहत नहीं हुआ. राजधानी पटना के फतुहा प्रखंड कार्यालय परिसर में शनिवार को वट सावित्री पूजा के दौरान बड़ा हादसा होते-होते टल गया। पूजा के दौरान परिसर में स्थित प्राचीन बरगद के पेड़ में अचानक भीषण आग लग गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हालांकि राहत की बात रही कि इस घटना में कोई श्रद्धालु हताहत नहीं हुआ। पूजा के दौरान दीये की लौ से लगी आग शनिवार को वट सावित्री व्रत के अवसर पर सुबह से ही बड़ी संख्या में सुहागिन महिलाएं बरगद के पेड़ के पास पूजा-अर्चना कर रही थीं। महिलाएं पति की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना के साथ पेड़ के चारों ओर कच्चा सूत लपेटकर परिक्रमा कर रही थीं। इसी दौरान पूजा में जलाए गए घी के दीये की लौ पेड़ में बंधे सूखे धागों के संपर्क में आ गई, जिससे आग लग गई। देखते ही देखते धू-धू कर जलने लगा पेड़ सूखे धागों के कारण आग तेजी से फैल गई और कुछ ही देर में बरगद का पेड़ सुलगने लगा। आग की लपटें उठती देख पूजा कर रहीं महिलाओं और अन्य श्रद्धालुओं में चीख-पुकार मच गई। लोग अपनी पूजा सामग्री छोड़कर सुरक्षित स्थान की ओर भागने लगे। स्थानीय लोगों ने संभाला मोर्चा घटना के बाद परिसर में मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक पेड़ का निचला हिस्सा और पूजा सामग्री जलकर राख हो चुकी थी। समय रहते टला बड़ा हादसा घटना में किसी के झुलसने या घायल होने की सूचना नहीं है। समय रहते श्रद्धालु सुरक्षित दूरी पर हट गए, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद परिसर में काफी देर तक दहशत और अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

# पूरे बिहार में जमीन सर्वे के लिए चलेगा स्पेशल ड्राइव, CM सम्राट ने अधिकारियों को दी चेतावनी

## बिहार जमीन सर्वे और परिमार्जन कार्य समय पर पूरा करने का मिला अल्टीमेटम




**पटना (एजेंसी)** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री और अधिकारियों के साथ बैठक की. इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को अल्टीमेटम दिया. साथ ही आदेश दिया कि पूरे बिहार में स्पेशल ड्राइव चलाकर जमीन सर्वे का काम पूरा किया जाए. बिहार में जमीन सर्वे का काम तेजी से निपटाया जा रहा है. इस बीच मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री और अधिकारियों के साथ बैठक की. इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आदेश दिया कि जमीन सर्वे के काम में तेजी लाई जाए. उन्होंने यह भी कहा कि स्पेशल ड्राइव चलाकर पूरे बिहार में जमीन सर्वे के काम को पूरा करें. सम्राट चौधरी ने अधिकारियों को दिया अल्टीमेटम बैठक के दौरान सीएम सम्राट चौधरी ने यह स्पष्ट किया कि भूमि परिमार्जन का जो भी काम बिहार में हो रहा है, उस काम को किसी भी हालत में समय सीमा के अंदर पूरा करें. साथ ही जितने भी अधिकारी की जरुरत हो, उन्हें इस काम में लगाइए और पूरा कीजिए. इस तरह से मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अधिकारियों को अल्टीमेटम दिया है. मंत्री दिलीप जायसवाल ने भी दिया आदेश सीएम सम्राट चौधरी के साथ बैठक खत्म होने के बाद विभाग के मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि सरकार का मानना है कि भूमि विवाद के मामले में कई घटनाएं हो रही हैं, इसे रोकना है और इसे रोकने के लिए मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा है भूमि सर्वे का काम जल्द से जल्द पूरा कराया जाए. खासकर भूमि परिमार्जन का काम जो बिहार में चल रहा है, उसे जल्द से जल्द पूरा किया जाए. शुक्रवार को मंत्री दिलीप जायसवाल ने दिया था आदेश इससे पहले शुक्रवार को बिहार सरकार ने लंबित जमीन और राजस्व मामलों के निपटारे के लिए विशेष अभियान चलाने का फैसला लिया था. राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने अधिकारियों को 30 जून तक ई-मापी, जमाबंदी सुधार और लंबित आवेदनों का निष्पादन करने का निर्देश दिया था.

### पटना में बनेगा इंदौर जैसा स्ट्रीट फूड हब, चंपारण मटन से लेकर ठेकुआ तक मिलेगा एक ही जगह

**पटना (एजेंसी)** पटना में इंदौर की तर्ज पर आधुनिक स्ट्रीट फूड हब बनाया जाएगा, जहां चंपारण मटन, लिट्टी-चोखा, खाजा और ठेकुआ जैसे बिहार के पारंपरिक व्यंजन एक ही जगह मिलेंगे. इस योजना पर करीब 4 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे. पटना में अब इंदौर की तर्ज पर आधुनिक स्ट्रीट फूड हब बनाया जाएगा. इस फूड हब में चंपारण मटन, लिट्टी-चोखा, मखाना, खाजा और ठेकुआ जैसे बिहार के पारंपरिक व्यंजन लोगों को एक ही जगह मिलेंगे. पटना नगर निगम ने इस योजना का प्रस्ताव शहरी विकास एवं आवास विभाग को भेज दिया है. इस प्रोजेक्ट का निर्माण प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत किया जाएगा. तीन जगहों पर बनेगा फूड हब पटना में स्ट्रीट फूड हब के लिए तीन प्रमुख स्थानों का चयन किया गया है. इनमें जेपी गंगा पथ (दीघा गोलंबर), कोतवाली स्थित खटाल गली और मीठापुर का निमार्णाधीन कॉमन सर्विस सेंटर परिसर शामिल हैं. करीब 4 करोड़ रुपये की लागत से इन फूड हब का निर्माण किया जाएगा. सड़क किनारे की दुकानों को मिलेगा व्यवस्थित स्वरूप इस योजना के तहत शहर में ऑफ-स्ट्रीट फूड वेंडिंग जोन विकसित किए जाएंगे. इसका उद्देश्य सड़क किनारे बेतरतीब तरीके से लगने वाली दुकानों को व्यवस्थित और आधुनिक रूप देना है. यहां स्थायी निर्माण नहीं होगा, बल्कि आधुनिक अस्थायी ढांचे तैयार किए जाएंगे, जहां भोजन बनाने, बेचने और खाद्य सामग्री रखने की बेहतर व्यवस्था होगी. लोगों के बैठने और सफाई की भी होगी व्यवस्था फूड हब में लोगों के बैठने के लिए आकर्षक और आरामदायक जगह बनाई जाएगी. साथ ही साफ-सुथरे शौचालय, पेयजल, बेहतर लाइटिंग, पार्किंग, लैंडस्केपिंग और साफ-सफाई जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी. बिहार के व्यंजनों को मिलेगा बड़ा मंच इस योजना की सबसे खास बात यह है कि यहां बिहार के पारंपरिक व्यंजनों को प्राथमिकता दी जाएगी. केंद्र सरकार के नियम के अनुसार, स्ट्रीट फूड हब की कम-से-कम 50 प्रतिशत दुकानों में बिहार के स्थानीय व्यंजन, मिठाइयां और पारंपरिक स्नैक्स अनिवार्य रूप से उपलब्ध होंगी. इससे बिहार के खानपान और सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलने की उम्मीद है.

### फतुहा में गंगा घाट पर बड़ा हादसा, 15 वर्षीय किशोर डूबा, परिवार में मचा कोहराम

**पटना (एजेंसी)** पटना के फतुहा स्थित मस्ताना गंगा घाट पर शनिवार को स्नान के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया. (एस के सिंह की रिपोर्ट) पटना के फतुहा स्थित मस्ताना गंगा घाट पर शनिवार को स्नान के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया. 15 वर्षीय किशोर गंगा नदी के गहरे पानी में डूब गया और लापता हो गया. घटना के बाद घाट पर अफरा-तफरी मच गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. स्नान के दौरान अचानक गहरे पानी में गया किशोर फतुहा थाना क्षेत्र के रसलपुर निवासी अखिलेश यादव का 15 वर्षीय पुत्र साहिल कुमार अपने दोस्तों और परिजनों के साथ मस्ताना गंगा घाट पर स्नान करने गया था. स्नान के दौरान वह अचानक गहरे पानी में चला गया और तेज बहाव की चपेट में आकर डूब गया. घटना के बाद साथ मौजूद लोगों ने शोर मचाया, जिससे घाट पर हड़कंप मच गया. बचाने की कोशिशें हुईं नाकाम, नाविक भी उतरे नदी में स्थानीय लोगों और घाट पर मौजूद नाविकों ने किशोर को बचाने के लिए तुरंत नदी में उतरकर खोजबीन शुरू की. हालांकि, तेज धारा और गहराई के कारण किशोर का कोई पता नहीं चल सका. घटना के बाद पूरे घाट पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और लोगों की भारी भीड़ जुट गई पुलिस और गोताखोरों की टीम ने शुरू किया सर्च ऑपरेशन सूचना मिलते ही फतुहा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया. गंगा नदी में किशोर की तलाश लगातार जारी है. समाचार लिखे जाने तक किशोर का कोई सुराग नहीं मिल पाया था. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल, घाट पर जुटी भीड़ घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया. परिवार के लोग घाट पर पहुंचकर रो-रोकर बेहाल हो गए. घाट पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी जमा हो गए और माहौल पूरी तरह गमगीन हो गया

### मनरेगा के लिए बिहार सरकार ने जारी किए 66 करोड़, गांवों में सड़क-तालाब समेत विकास कार्यों को मिलेगी रफ्तार



**पटना (एजेंसी)** बिहार सरकार ने मनरेगा के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 66 करोड़ 66 लाख रुपये के राज्यांश की मंजूरी दी है. इस राशि से ग्रामीण इलाकों में सड़क, नाला, तालाब और अन्य विकास कार्यों को तेजी मिलेगी और लंबित योजनाओं को पूरा करने में मदद मिलेगी. बिहार सरकार ने ग्रामीण विकास को मजबूत करने के लिए बड़ा कदम उठाया है. महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए राज्यांश के रूप में 66 करोड़ 66 लाख 66 हजार रुपये की मंजूरी दी गई है. ग्रामीण विकास विभाग ने इस राशि को खर्च करने की स्वीकृति जारी कर दी है. इससे राज्य में चल रहे मनरेगा कार्यों को नई गति मिलेगी. केंद्र सरकार से मिली राशि के आधार पर फैसला विभाग के अनुसार, केंद्र सरकार ने बिहार के लिए सामग्री मद में कुल 200 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है. इसके अनुपात में राज्य सरकार ने अपना हिस्सा जारी किया है. यह राशि राज्यांश के रूप में दी गई है, ताकि योजनाओं का काम बिना रुकावट चलता रहे. गांवों में विकास कार्य होंगे तेज इस फंड का उपयोग गांवों में चल रहे विकास कार्यों में किया जाएगा. इसमें सड़क निर्माण, नाला सफाई, तालाब निर्माण और जल संरक्षण जैसे काम शामिल हैं. इसके अलावा मिट्टीकरण और अन्य बुनियादी ढांचे से जुड़े कार्य भी इस राशि से पूरे किए जाएंगे. सरकार का मानना है कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों की तस्वीर बदलेगी. लंबित योजनाओं को मिलेगा लाभ राज्य के कई जिलों में मनरेगा की कई योजनाएं लंबित हैं. अब इस राशि के मिलने से उन कार्यों को पूरा करने में तेजी आएगी. इससे ग्रामीण लोगों को रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे. अधिकारियों ने जताई उम्मीद ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों का कहना है कि फंड मिलने से योजनाओं के क्रियान्वयन में सुधार होगा. काम की गति बढ़ेगी और अधिक लोगों को मनरेगा के तहत रोजगार मिलेगा. गांवों में बढ़ेगा विकास का दायरा सरकार का दावा है कि इस राशि से गांवों में विकास कार्यों का दायरा और बढ़ेगा. सड़क और जल संरक्षण जैसे कार्यों से लोगों की बुनियादी सुविधाएं बेहतर होंगी. मनरेगा के लिए जारी यह राशि ग्रामीण विकास में अहम भूमिका निभाएगी. इससे न केवल रोजगार बढ़ेगा बल्कि गांवों में स्थायी विकास की दिशा में भी तेजी आएगी.

### ब्लैक आउट होते ही कारोबारी को मारी गोली, पटना में 10 हजार की सुपारी लेकर पहुंचे थे शूटर, STF ने दबोचा



**पटना (एजेंसी)** पटना में ब्लैक आउट के दौरान मसाला कारोबारी पिंटू कुमार की हत्या मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. STF ने वारदात में शामिल शूटर को गिरफ्तार कर लिया है. हत्या साइलेंसर लगी पिस्टल से की गई थी.पटना के सुलतानगंज थाना क्षेत्र स्थित मुसल्लहपुर हाट में गुरुवार शाम हुए कारोबारी हत्याकांड में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. STF और पटना पुलिस ने वारदात में शामिल एक शूटर को गिरफ्तार कर लिया है. मृतक की पहचान 25 वर्षीय मसाला व्यवसायी पिंटू कुमार के रूप में हुई है. पुलिस सूत्रों के मुताबिक, हत्या के लिए शूटर को 10 हजार रुपये एडवांस दिए गए थे. मुख्य शूटर की उम्र 16 से 18 साल के बीच बताई जा रही है. ब्लैक आउट का इंतजार कर रहे थे अपराधी घटना उस समय हुई जब पटना में युद्ध की मॉक ड्रिल को लेकर शाम 7 बजे ब्लैक आउट किया गया था. पूरे इलाके की बिजली काट दी गई थी. कारोबारियों को लगा कि कुछ देर बाद बिजली आ जाएगी, इसलिए किसी ने जेनरेटर नहीं चलाया. इसी अंधेरे का फायदा अपराधियों ने उठाया. पुलिस के अनुसार, हत्यारे पहले से पिंटू कुमार की गद्दी के आसपास मौजूद थे. वे सिर्फ ब्लैक आउट होने का इंतजार कर रहे थे. साइलेंसर लगी पिस्टल से मारी गोली ब्लैक आउट होने के ठीक दो मिनट बाद अपराधी पिंटू कुमार के पास पहुंचे. उन्होंने सिर में पिस्टल सटाकर गोली मार दी. पिस्टल में साइलेंसर लगा था, इसलिए गोली की आवाज किसी को सुनाई नहीं दी. वारदात के बाद दोनों अपराधी अंधेरे का फायदा उठाकर पैदल ही मौके से फरार हो गए. पिता ने बताई खौफनाक रात घटना के समय पिंटू कुमार के पिता नेपाली साव भी वहीं मौजूद थे. उन्होंने बताया कि अंधेरा इतना ज्यादा था कि कुछ दिखाई नहीं दे रहा था. किसी ने मोबाइल की लाइट तक नहीं जलाई थी. उन्होंने कहा कि गोली चलने की आवाज भी सुनाई नहीं दी. जब पिंटू चीखा, तब लोगों को कुछ समझ आया. इसके बाद लोग दौड़कर उसकी गद्दी तक पहुंचे. अस्पताल पहुंचने से पहले मौत घायल पिंटू कुमार को तुरंत पीएमसीएच ले जाया गया. लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई. घटना के बाद परिवार में मातम पसरा है. पुलिस जल्द करेगी बड़ा खुलासा पटना पुलिस और STF लगातार मामले की जांच कर रही है.

### बिहार में बड़ा निवेश ! गया पहुंचे उद्योग निदेशक, स्टील कंपनियों ने दिखाई करोड़ों के निवेश में दिलचस्पी



**पटना (एजेंसी)** बिहार को औद्योगिक हब बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने एक और बड़ा कदम बढ़ाया है. (अनुराग प्रधान की रिपोर्ट) बिहार को औद्योगिक हब बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने एक और बड़ा कदम बढ़ाया है. उद्योग निदेशक मुकुल कुमार गुप्ता ने बिहार इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग सिटी (आइएमसी) गया का दौरा कर वहां चल रहे विकास कार्यों और निवेश की संभावनाओं का जायजा लिया. इस दौरान कई बड़े उद्योग समूहों के प्रतिनिधि भी परियोजना स्थल पर पहुंचे, जिससे बिहार में औद्योगिक निवेश को लेकर नई उम्मीदें जगी हैं. उद्योगपतियों ने किया परियोजना स्थल का निरीक्षण दौरे के दौरान टॉपवर्थ स्टील एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड, लोधा कॉर्पोरेशन और अंकूर स्टील से जुड़े उद्योगपति अभय लोधा, अनमोल लोधा, राजकुमार और महिंद्रा शर्मा ने भी आइएमसी गया परियोजना स्थल का निरीक्षण किया. उनके साथ बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (बियाडा) के अधिकारी भी मौजूद रहे. अधिकारियों ने निवेशकों को परियोजना से जुड़ी विभिन्न सुविधाओं और विकास योजनाओं की जानकारी दी. मास्टर प्लान के जरिए दिखायी गयी औद्योगिक संभावनाएं निरीक्षण के दौरान निवेशकों को आइएमसी गया का मास्टर प्लान मैप दिखाया गया और स्थल भ्रमण के माध्यम से उपलब्ध भूमि पार्सल की जानकारी भी दी गयी. अधिकारियों ने बताया कि यहां विश्वस्तरीय औद्योगिक इकोसिस्टम विकसित किया जा रहा है, जिससे बड़े उद्योगों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं मिल सकेंगी. स्टील और पावर सेक्टर में निवेश को लेकर बढ़ी उम्मीद दौरे के दौरान उद्योगपतियों ने आइएमसी गया में स्टील और पावर उत्पाद निर्माण इकाइयां स्थापित करने में गहरी रुचि दिखाई. इसे बिहार में तेजी से विकसित हो रहे औद्योगिक माहौल और निवेशकों के बढ़ते भरोसे का बड़ा संकेत माना जा रहा है. माना जा रहा है कि यदि ये निवेश प्रस्ताव जमीन पर उतरते हैं तो राज्य में हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकते हैं. बिहार को औद्योगिक राज्य बनाने की दिशा में सरकार का फोकस उद्योग विभाग के अधिकारियों ने कहा कि बिहार सरकार राज्य को उद्योग और रोजगार के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए लगातार काम कर रही है.

### बिहार के इन लोगों के लिए इलेक्ट्रिक बस चलवाएगी सरकार, पटना में सफर होगा आसान



**पटना (एजेंसी)** बिहार सरकार 18 मई से सचिवालय कर्मियों के लिए विशेष इलेक्ट्रिक और पिंक बस सेवा शुरू कर रही है. पटना के कई प्रमुख इलाकों से सीधी बस सुविधा मिलेगी. इसका मकसद ट्रैफिक कम करना, पेट्रोल-डीजल बचाना, महिला सुरक्षा बढ़ाना और सरकारी कर्मचारियों को सस्ता, सुरक्षित सफर देना है. : बिहार में सरकारी कर्मचारियों के लिए अब सचिवालय आना-जाना पहले से ज्यादा आसान होने वाला है. बिहार राज्य पथ परिवहन निगम 18 मई से सचिवालय कर्मियों के लिए विशेष इलेक्ट्रिक और पिंक बस सेवा शुरू करने जा रहा है. सरकार का मकसद है कि ज्यादा से ज्यादा कर्मचारी निजी गाड़ी छोड़कर सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करें, ताकि पटना की सड़कों पर ट्रैफिक कम हो और पेट्रोल-डीजल की बचत हो सके. परिवहन विभाग के मुताबिक अभी बड़ी संख्या में सरकारी कर्मचारी अपनी कार, बाइक या दूसरे निजी वाहनों से सचिवालय पहुंचते हैं. इससे ट्रैफिक जाम बढ़ता है और ईंधन की खपत भी ज्यादा होती है. नई बस सेवा शुरू होने के बाद कर्मचारियों को सुरक्षित, समय पर और सुविधाजनक यात्रा का विकल्प मिलेगा. इससे सड़क पर निजी वाहनों की संख्या कम होगी और पर्यावरण को भी फायदा पहुंचेगा. पटना में पहले से चल रही 25 इलेक्ट्रिक बसों का होगा बेहतर इस्तेमाल बिहार राज्य पथ परिवहन निगम पहले से पटना शहर में 25 इलेक्ट्रिक बसें चला रहा है. अब इन्हीं बसों को सचिवालय कर्मियों की सुविधा के लिए खास रूट पर लगाया जाएगा. इलेक्ट्रिक बसों के इस्तेमाल से नो फ्यूल यानी बिना पेट्रोल-डीजल वाली यात्रा को बढ़ावा मिलेगा. इससे न सिर्फ खर्च घटेगा बल्कि प्रदूषण भी कम होगा. मल्टी मॉडल हब पटना जंक्शन से विशेष इलेक्ट्रिक और पिंक बस सेवा शुरू होगी. यह बस आर ब्लॉक, इनकम टैक्स, विद्युत भवन, पटना हाईकोर्ट और बिहार म्यूजियम होते हुए नया और पुराना सचिवालय तक जाएगी. सुबह 8:30 बजे से सेवा शुरू होगी और शाम में वापसी बसें मिलेंगी. दानापुर से आने वालों को राहत दानापुर स्टेशन से चलने वाली बस सगुना मोड़, आरपीएस मोड़, गोला रोड, जगदेव पथ, आशियाना नगर, इस रूट पर सुबह 8:15 बजे से बस सेवा उपलब्ध रहेगी. धनुकी मोड़ से बस सेवा कुम्हरार, भूतनाथ रोड, एनएमसीएच, राजेंद्र नगर टर्मिनल, कंकड़बाग कॉलोनी मोड़, करबिगहिया स्टेशन और आर ब्लॉक होते हुए विकास भवन तक जाएगी. इससे पूर्वी पटना के कर्मचारियों को सीधा फायदा मिलेगा. बिहार की ताजा खबरों के लिए क्लिक करें कुर्जी और गांधी मैदान से भी चलेगी पिंक बस कुर्जी से पिंक बस पी एंड एम मॉल, साईं मंदिर, पाटलिपुत्र कॉलोनी, एएन कॉलेज, बोरिंग रोड और हड़ताली मोड़ होकर सचिवालय पहुंचेगी. वहीं गांधी मैदान से डाकबंगला, इनकम टैक्स, नियोजन भवन, विद्युत भवन, हाईकोर्ट और बिहार म्यूजियम के रास्ते बसें चलेंगी. महिला कर्मचारियों को ध्यान में रखते हुए शाम 5 बजे छुट्टी के समय भी विशेष पिंक बस सेवा उपलब्ध रहेगी, ताकि सुरक्षित घर वापसी सुनिश्चित हो सके. यह नई व्यवस्था सिर्फ यात्रा सुविधा नहीं, बल्कि पटना में ट्रैफिक कंट्रोल, ईंधन बचत और स्वच्छ परिवहन की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है. अगर कर्मचारी बड़ी संख्या में इस सेवा का उपयोग करते हैं,



# बच्चों की ग्रोथ जानने के लिए कराएं ये 5 जरूरी टेस्ट, हर पेरेंट्स को होनी चाहिए इसकी जानकारी

हर माता-पिता की यह चाहत होती है कि उनका बच्चा सेहतमंद, तंदुरुस्त और अपनी उम्र के हिसाब से अच्छे से विकास करे। बच्चे का कद, वजन, मानसिक विकास और शारीरिक क्षमता सही दिशा में बढ़ रही है या नहीं, यह जानना बहुत जरूरी होता है। केवल बाहरी लक्षणों को देखकर अंदाजा लगाना हमेशा सही नहीं होता। कई बार बच्चों की ग्रोथ धीमी हो रही होती है लेकिन मां-बाप को इसका पता देर से चलता है। ऐसे में समय-समय पर कुछ जरूरी मेडिकल टेस्ट करवा लेना बहुत फायदेमंद साबित हो सकता है। डॉक्टर भी सलाह देते हैं कि बच्चों की सही ग्रोथ जानने और किसी परेशानी की पहचान करने के लिए कुछ बेसिक हेल्थ टेस्ट जरूर करवाए जाने चाहिए। ये टेस्ट पोषण, ग्रोथ हार्मोन और शरीर के बाकी जरूरी फंक्शन को समझने में मदद करते हैं।

## ग्रोथ हार्मोन लेवल टेस्ट

यह टेस्ट यह पता लगाने के लिए किया जाता है कि बच्चे के शरीर में ग्रोथ हार्मोन सही मात्रा में नहीं। अगर ग्रोथ हार्मोन की कमी हो जाए, तो बच्चे की हाइट रुक सकती है और ओवरऑल ग्रोथ भी धीमी हो सकती है। इस टेस्ट से यह भी जाना जा सकता है कि बच्चा अक्सर थका-थका क्यों रहता है, मांसपेशियां कमजोर क्यों हैं और कद क्यों नहीं बढ़ रहा। अगर कोई दिक्कत मिले, तो सही समय पर इलाज शुरू किया जा सकता है।

## थायरॉइड फंक्शन टेस्ट

थायरॉइड हार्मोन शरीर के बन रहा है या। विकास और दिमाग की ग्रोथ में बहुत अहम रोल निभाता है। अगर थायरॉइड में गड़बड़ी हो जाए, तो बच्चे की ग्रोथ रुक सकती है, वजन अचानक बढ़ या घट सकता है और बच्चा सुस्त पड़ सकता है। इस टेस्ट से यह भी पता लगाया जा सकता है कि बच्चा पढ़ाई में ध्यान क्यों नहीं दे पा रहा या हर समय थका-थका क्यों लगता है।

## विटामिन डी और कैल्शियम लेवल टेस्ट

बच्चों की हड्डियों की मजबूती के लिए विटामिन डी और कैल्शियम बहुत जरूरी हैं। अगर इनकी कमी हो जाए, तो बच्चे की हड्डियां कमजोर हो सकती हैं, चलने में देरी हो सकती है और बार-बार मांसपेशियों में खिंचाव या दर्द की शिकायत हो सकती है। इस टेस्ट से हड्डियों की हेल्थ का अंदाजा लगता है और जरूरत पड़ने पर सप्लीमेंट या डाइट में बदलाव किया जा सकता है।

## हीमोग्लोबिन और आयरन लेवल टेस्ट

हीमोग्लोबिन और आयरन की कमी बच्चों में थकान, चिड़चिड़ापन और विकास में रुकावट का कारण बन सकती है। अगर बच्चा बार-बार बीमार पड़ता है, खाना नहीं खाता या ध्यान नहीं लगाता, तो यह टेस्ट जरूर करवाएं। यह टेस्ट पोषण स्तर और एनीमिया जैसी दिक्कतों की पहचान करता है ताकि सही इलाज शुरू हो सके।

## ब्लड शुगर और मेटाबॉलिज्म प्रोफाइल

यह टेस्ट यह बताता है कि बच्चे का शरीर खाने को कैसे पचा रहा है और ऊर्जा में कैसे बदल रहा है। अगर बच्चा मोटा हो रहा है, बार-बार प्यास लग रही है, कमजोरी महसूस कर रहा है या अचानक वजन बढ़ या घट रहा है, तो यह टेस्ट करवाना जरूरी है। इससे डायबिटीज या मेटाबॉलिज्म से जुड़ी समस्याओं का भी पता चलता है। समय रहते डॉक्टर की सलाह लेकर ये टेस्ट करवा लेने से किसी भी बड़ी परेशानी से बचा जा सकता है और बच्चे को सेहतमंद भविष्य दिया जा सकता है।

# किसी से भी मिलने में शर्माता है बच्चा, ऐसी टिप्स जो झिझक को करेगी दूर

**सोशल स्किल्स यानी सामाजिक कौशल हर इंसान के लिए बहुत ज़रूरी होते हैं। जो लोग बिना झिझक के किसी से भी बात कर लेते हैं उन्हें न सिर्फ उनकी पर्सनल लाइफ में बल्कि प्रोफेशनल लाइफ में भी बहुत फायदा होता है। ऐसे लोग ज़िंदगी की दौड़ में अक्सर आगे रहते हैं और कई बार लीडिंग रोल भी निभाते हैं।**



सोशल स्किल्स का विकास बचपन से होता है

लोगों में ये सोशल स्किल्स बचपन से ही विकसित होने लगती हैं। सभी माता-पिता यही चाहते हैं कि उनका बच्चा स्कूल में अच्छा प्रदर्शन करे। वे चाहते हैं कि उनका बच्चा मॉनीटर बने, क्लास रिप्रेजेंटेटिव बने, हेड बॉय या हेड गर्ल बने और जब वो स्कूल से बाहर आए तो काम की जगह भी लीडिंग रोल निभाए।

झिझकने वाले बच्चों के लिए पेरेंट्स की चिंता

लेकिन कई बच्चे दूसरों से बात करने में शर्माते हैं, वे झिझकते हैं। ऐसे बच्चों को लेकर माता-पिता बहुत चिंतित हो जाते हैं। उन्हें डर होता है कि कहीं उनके बच्चे का भविष्य खतरे में तो नहीं है। पेरेंट एजुकेटर अर्पिता अक्षय पिथावा कहती हैं कि ऐसे शर्माने वाले बच्चों को सही तरीके से समझाया जाए तो उनकी झिझक दूर हो सकती है। इससे बच्चों की सोशल स्किल्स में सुधार होता है और वे ज्यादा आत्मविश्वासी बनते हैं।

बच्चे की सोशल स्किल्स कैसे सुधारें

इंट्रोवर्ट होना बुरा नहीं है: पेरेंट्स को यह समझना बहुत जरूरी है कि इंट्रोवर्ट होना बुरा नहीं होता। अगर बच्चे के सामने बार-बार ये कहा जाए कि वह बहुत शर्माता है या किसी से बात नहीं करता, तो इससे बच्चे का कॉन्फिडेंस कम हो जाता है। इसलिए पेरेंट्स को बच्चे के सामने इस तरह की बातें नहीं करनी चाहिए।

अपनी कहानियां बच्चे से शेयर करें: अपने बचपन की या अपनी ऑकवर्ड कहानियों को बच्चे के साथ शेयर करें। उसे बताएं कि जब आप पहली बार ऑफिस गए थे तो आपका दिन कैसा गुजरा था। इससे बच्चे के दिमाग में यह बात बनती है कि पहले और अब के समय में आपके भीतर कितना बदलाव आया है। इस तरह बच्चे खुद भी प्रेरित होते हैं।

गेस्ट आने से पहले बच्चे को तैयार करें: अगर घर में कोई मेहमान आने वाला है या आप कहीं जाने वाले हैं, तो बच्चे को पहले से तैयार करें। उसे समझाएं कि जब मेहमान आए तो उन्हें कैसे नमस्ते या हाय-हैलो कहना है। इंट्रोवर्ट बच्चे अचानक से यह नहीं समझ पाते कि दूसरों के सामने कैसे व्यवहार करना चाहिए। इसलिए बच्चे को पहले से प्रिपेयर करना बहुत जरूरी होता है।

रोल प्ले खेलें: रोल प्ले एक बहुत अच्छा तरीका है बच्चों की सोशल स्किल्स बढ़ाने का। आप बच्चे के साथ रोल प्ले खेल सकते हैं, जिसमें आप टीचर बनें और बच्चा स्टूडेंट। इस तरह बच्चा बातचीत करना और खुद को व्यक्त करना सीखता है। इससे उसके कॉन्फिडेंस में भी वृद्धि होती है।

हमउम्र बच्चों के साथ खेलना: अपने बच्चे के उम्र के दूसरे बच्चों को घर बुलाएं। हमउम्र बच्चों के साथ खेलना और बातचीत करना बच्चे के लिए घुलने-मिलने को आसान बनाता है। इससे बच्चे की कम्युनिकेशन स्किल्स भी बेहतर होती हैं और वह दूसरों के साथ सहज महसूस करता है।

अगर माता-पिता इन तरीकों को अपनाएं तो बच्चों में सोशल स्किल्स का विकास होता है और उनकी झिझक भी दूर होती है। इससे बच्चे स्कूल और जीवन दोनों में आगे बढ़ सकते हैं।



# क्या सच में दूध पीने से बढ़ती है बच्चों की हाइट?

**बचपन में सही पोषण और हेल्दी लाइफस्टाइल बच्चे के संपूर्ण विकास के लिए बहुत जरूरी है। यह न सिर्फ उसकी हाइट, हड्डियों की मजबूती बल्कि दिमागी विकास में भी मदद करता है। हर माता-पिता चाहते हैं कि उनका बच्चा लंबा, तंदुरुस्त और तेज़ दिमाग वाला हो। इसलिए वे बच्चों के खानपान का खास ध्यान रखते हैं।**



## क्या दूध पीने से बच्चों की हाइट बढ़ती है?

दूध को पारंपरिक रूप से संपूर्ण आहार माना जाता है। इसमें मौजूद कैल्शियम, प्रोटीन और विटामिन्स बच्चों की हड्डियों और मांसपेशियों को मजबूत करते हैं। अक्सर हम सुनते हैं कि दूध पीने से लंबाई बढ़ती है। डॉक्टरों का कहना है कि दूध सीधे तौर पर लंबाई नहीं बढ़ाता लेकिन यह उन पोषक तत्वों की पूर्ति करता है जो हाइट ग्रोथ में मदद करते हैं। यानी अगर दूध को बैलेंस डाइट और एक्टिव लाइफस्टाइल के साथ लिया जाए तो यह हाइट बढ़ाने में मददगार हो सकता है।

## हाइट किन बातों पर निर्भर करती है?

अनुवांशिकता : माता-पिता की हाइट का सीधा असर बच्चों पर पड़ता है। अगर माता-पिता लंबे हैं तो बच्चों के लंबे होने की संभावना ज्यादा होती है।

पोषण : सही और संतुलित पोषण से हड्डियों और मांसपेशियों का विकास सही ढंग से होता है। बच्चों की डाइट में प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन और जरूरी विटामिन्स होना चाहिए।

फिजिकल एक्टिविटी: योग, स्ट्रेचिंग, स्विमिंग और आउटडोर खेल बच्चों की हड्डियों को मजबूत बनाते हैं। माता-पिता बच्चों के साथ समय बिताएं और उन्हें एक्टिव रखें।

नींद: गहरी नींद के दौरान ग्रोथ हार्मोन रिलीज होते हैं। बच्चों को हर दिन 8-10 घंटे की नींद जरूर देनी चाहिए।

## दूध पीने का सही समय और तरीका

दूध सुबह या रात को सोने से पहले देना सबसे अच्छा माना जाता है। दूध में ज्यादा मीठा या चॉकलेट पाउडर न मिलाएं। इससे पोषण कम हो सकता है। दूध को हल्का गर्म करके देना बेहतर है ताकि वह जल्दी पच सके। अगर बच्चा दूध नहीं पीता या उसे लैक्टोज इन्टॉलरेंस है तो आप फोर्टिफाइड सोया मिल्क, बादाम मिल्क या ओट मिल्क दे सकते हैं।



## बच्चे की हाइट नहीं बढ़ रही तो क्या करें?

बच्चे की डाइट में प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन और विटामिन ष्ठ शामिल करें। दूध, अंडा, दालें, हरी सब्जियां, फल और नट्स रोजाना खिलाएं। बच्चे को रोज खेल-कूद, योग और एक्सरसाइज के लिए प्रोत्साहित करें। पर्याप्त नींद (8-10 घंटे) दिलाना जरूरी है। इसके बावजूद हाइट नहीं बढ़ रही है तो डॉक्टर से सलाह जरूर लें।

## क्या खिलाने से बच्चों की हाइट बढ़ सकती है?

बच्चों को प्रोटीन, आयरन, कैल्शियम, विटामिन डी और जिंक युक्त आहार देना चाहिए। दूध, दही, अंडा, हरी सब्जियां, दालें, अंकुरित अनाज और फल इनकी डाइट का हिस्सा हों। जंक फूड और सॉफ्ट ड्रिंक्स से बचाव जरूरी है।

## क्या लटकने से लंबाई बढ़ती है?

हां, लटकने से रीढ़ की हड्डी पर खिंचाव आता है जिससे लंबाई बढ़ाने में थोड़ी मदद मिलती है। यह एक्सरसाइज पोश्चर सुधारने और मांसपेशियों को मजबूत करने में भी मदद करती है। लेकिन सिर्फ लटकने से लंबाई नहीं बढ़ती, इसके साथ अच्छी डाइट, पर्याप्त नींद और अन्य एक्सरसाइज जरूरी हैं।

दूध बच्चों के विकास में सहायक जरूर है, लेकिन यह अकेले लंबाई नहीं बढ़ा सकता। इसके लिए संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, अच्छी नींद और स्वस्थ जीवनशैली जरूरी है। माता-पिता को चाहिए कि वे बच्चों को संपूर्ण पोषण दें और उनके मानसिक व शारीरिक विकास पर ध्यान दें।

# बरसात में बच्चों की यूं करें देखभाल, तो वे नहीं पड़ेंगे बार-बार बीमार

मानसून में मच्छरों और संक्रमण पैदा करने वाले कीटाणुओं का खतरा बढ़ जाता है जो निस्संदेह आपके बच्चों के लिए हानिकारक होते हैं। ऐसे मामलों से बचने के लिए माता-पिता को अपने शिशुओं का ध्यान रखने के लिए एक्स्ट्रा एफर्ट करने की जरूरत होती है। इस आर्टिकल में हम कुछ ऐसे ही टिप्स के बारे में जानेंगे जिनसे बच्चे को बीमार पड़ने से बचाया जा सके।

## माता-पिता बारिश के मौसम में अपने बच्चों को ऐसे रखें ख्याल

मानसून बहुत जल्द दस्तक देने जा रहा है, जो धीरे-धीरे गर्मी का प्रचंड रूप शांत करके लोगों को राहत दिलाएगा। वहीं, गर्मी से बेहाल लोग भी बेसब्री से बारिश का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, यह मौसम दूसरों के लिए जितना सुकून लेकर आएगा, नए माता-पिता के लिए उतनी ही परेशानियां क्योंकि मानसून का महीना केवल बारिश ही नहीं बल्कि बीमारी के लिए भी मशहूर है। ऐसे में नए पेरेंट्स अपने बच्चे का ख्याल कैसे रखें यह सबसे बड़ा सवाल है। इस आर्टिकल में हम इसी के बारे में जानने की कोशिश करेंगे कि मानसून के दौरान छोटे बच्चों को बीमारियों से कैसे बचाकर रखें।

## मानसून में बच्चों को बीमारी से कैसे बचाएं?

बारिश के मौसम में पानी से होने वाले संक्रमण का खतरा काफी बढ़ जाता है, ऐसे में बच्चों के बीमार पड़ने की संभावना भी अधिक रहती है। इसलिए पहली बार माता-पिता बने कपल को अपने बच्चे को मानसून में स्वस्थ्य रखने के लिए अधिक सावधानी बरतने की जरूरत होती है। इसके लिए आदतों में कुछ बदलाव और थोड़ी सावधानी आपका काम काफी आसान कर सकती है।

## बारिश से बचाएं

कोशिश करें कि अपने बच्चे को बारिश में भीगने से बचाएं। इसके लिए छाते, रेनकोट और रेन बूट जैसी आजमाई हुई चीजें आपके काम आ सकती हैं। बच्चों को बाहर ले जाने से पहले ध्यान दें कि उनके पास सभी आवश्यक चीजें हैं। बरसात के मौसम के दौरान, तापमान में भी तेजी से गर्माहट और ठंडक का अनुभव होता है। वहीं नमी से बचने के लिए बच्चों को आरामदायक सूती कपड़े पहनाएं, लेकिन जब मौसम ठंडा हो जाए, तो उन्हें थोड़े मोटे कपड़े पहनाएं। ध्यान रखें कि बच्चे के कपड़े पूरी तरह सूखे हों क्योंकि बरसात के मौसम में कपड़े नमी सोख लेते हैं, जिससे फंगल इंफेक्शन हो सकता है।

## डायपर गीला न रहे

बरसात के मौसम में बच्चे को एक मिनट के लिए भी गीला डायपर न पहनने दें। सर्द या बरसात के दिनों में बच्चे अन्य मौसमों की तुलना में अधिक पेशाब करते हैं, जिससे उनकी स्किन पर रैशेज हो सकते हैं। इसके अलावा इंफेक्शन का खतरा भी बढ़ जाता है और उन्हें ठंड भी लग सकती है। इसलिए, याद रखें कि जैसे ही आपको लगे कि आपके बच्चे की नैपी गीली या गंदी हो गई है, तो उसे तुरंत बदल दें।

## बीमारियों को नजरअंदाज न करें

बुखार, शारीरिक दर्द, छींक आना और अन्य लक्षण मानसून से संबंधित बीमारियां हो सकती हैं। इसके अलावा इस मौसम में वायरल इंफेक्शन होने का खतरा भी बढ़ जाता है। ऐसे कोई भी लक्षण नजर आने पर सीधे अपने डॉक्टर से संपर्क करें और बीमारी से लड़ने के लिए उचित सावधानी बरतें, भले ही यह शुरुआती दौर में ही क्यों न हों।

## मच्छरों को दूर रखें

मच्छर के काटने से नवजात शिशु को गंभीर परेशानियां हो सकती हैं, जिससे उनके शरीर पर रेडनेस और सूजन भी हो सकती है। ऐसे में बच्चे के मच्छरदानी में रखें, जिससे वे अच्छी और भरपूर नींद सो सकें। वहीं शाम के वक्त उन्हें पूरी तरह से ढके हुए कपड़े पहनाएं। अगर आपके पास मच्छरों को भगाने के लिए कोई नेचुरल रेमेडी है, तो उसका भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

## मानसून सीजन में बच्चे को कब नहलाएं?

बड़ों की तरह बच्चों को रोजाना नहाने की आवश्यकता नहीं होती है क्योंकि वे अपना अधिकांश समय घर के अंदर ही बिताते हैं। ऐसे में मानसून सीजन में बच्चे को हफ्ते में दो से तीन बार नहलाना काफी होगा। खासकर उमस भरे मौसम में, गर्मी से राहत दिलाने के लिए यह काफी होगा। लेकिन अगर आप बच्चे को बाहर लेकर गए हैं, तो उसे गुनगुने पानी से नहलाएं। बचपन की अधिकांश यादें बारिश में खेलने और कागज की नाव चलाने से बनती है। इसलिए उनकी यादों को बनने से रोकना नहीं है बल्कि सही देखभाल के जरिए उन्हें बरसात के मौसम का अधिकतम लाभ उठाने देना है।

## आसमान की रानी फिलीपाइन ईगल

तेजी से लुप्त होते पक्षियों की श्रेणी में आती है फिलीपाइन ईगल। यह चील प्रजाति की ही है, पर दूसरी चीलों से अधिक बड़ी और ताकतवर होती है। यह मुख्य तौर से फिलीपींस में पाईजाती है। पशुओं का अध्ययन करने वाले वैज्ञानिक कहते हैं कि जिस तरह जंगल का राजा शेर होता है, उसी तरह फिलीपाइन ईगल आसमान कीरानी है। इसे 4 जुलाई 1995 को फिलीपींस की नेशनल बर्ड घोषित किया गया था।

# तीसरी बार थाईलैंड ओपन के फाइनल में सात्विक-चिराग की जोड़ी पहुंची




**बैंकॉक (एजेंसी)।** थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय जोड़ी सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पुरूष युगल फाइनल में प्रवेश कर लिया है. उन्होंने तीन गेम के रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले में मलेशिया के गोह जे फेइ और नूर इजुद्दीन को मात दी। दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी सात्विक और चिराग ने नौवीं रैंकिंग वाली मलेशियाई जोड़ी से 82 मिनट में 19-21 से पहला गेम हारने के बाद लगातार दो गेम 22-20, 21-16 से जीत लिया। फाइनल मैच में भारतीय जोड़ी का मुकाबला इंडोनेशिया के लियो रोली कार्नांडो और डेनियल मार्टिन की जोड़ी से होगा. ये भी उल्लेखनीय है कि ये भारतीय जोड़ी तीसरी बार फाइनल में प्रवेश की है. इससे पहले ये जोड़ी 2019 और 2024 में खिताब जीतकर इतिहास रचा था। मलेशियाई जोड़ी के खिलाफ उनका रिकॉर्ड 7-2 का था लेकिन गोह और इजुद्दीन ने पिछ्ले साल इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में उन्हें हराया था. सेमीफाइल मैच में मलेशियाई जोड़ी ने अच्छी शुरूआत करके 3-1 की बढ़त बना ली लेकिन सात्विक और चिराग ने स्कोर 5-5 से बराबर कर लिया. पहले गेम में मलेशियाई जोड़ी ने ब्रेक तक 11-8 की बढ़त बना ली. चिराग की गलती से शटल नेट में चली गई और अंतर बढ़ गया. पहला गेम मलेशियाई जोड़ी ने 21-19 से जीता। इसके बाद दूसरे गेम में मुकाबला बराबरी का था और स्कोर 3-3 से 6-6 हो गया. भारतीय जोड़ी ने 9-6 की बढत बना ली लेकिन चिराग के एक रिटर्न पर शटल नेट में जाने से बढत 10-9 की रह गई. ब्रेक के बाद फिर स्कोर 13-13 हो गया. चिराग ने भारत को 16-14 से बढत दिलाई लेकिन फिर रिटर्न नेट में जाने से स्कोर 16-16 हो गया. भारतीय जोड़ी ने फिर 19-16 की बढत बनाई और एक समय स्कोर 20-20 था जब भारतीय जोड़ी ने इजुद्दीन का शॉट वाइड जाने पर यह गेम जीता। निर्णायक गेम में भारतीय जोड़ी हावी रही और मलेशियाई जोड़ी वापसी नहीं कर पाई. जिससे भारतीय जोड़ी ने 21-16 से गेम और मैच जीत लिया.

# भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने उज्जैन-में बाबा महाकाल का आर्शीवाद लिया

## ● हरमनप्रीत और कोच ने नंदी के कान में कही अपनी मनोकामना

**उज्जैन (एजेंसी)।** विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में शनिवार सुबह भारतीय महिला क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों ने बाबा महाकाल के दरबार में हाजिरी लगाई। टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर सहित अन्य खिलाड़ियों ने तड़के भस्म आरती में शामिल होकर भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया। जानकारी के अनुसार भारतीय महिला क्रिकेट टीम के सदस्य तड़के करीब 3 बजे मंदिर पहुंचे। इस दौरान कप्तान हरमनप्रीत कौर के साथ कोच भी शामिल हुए। कप्तान हरमनप्रीत के साथ प्रवीण शर्मा, अमोल मुजुमदार, अरुंधति, शेर सिंह, अनिरुद्ध, भारती, साल्वी, श्रेयंका, रेणुका, राखी, धनंजय, नंदिनी, सचिन, पूर्वा, यस्तिका, शैफाली, दीप्ति, ममता, राधा, क्रांति, रुचा, मुनीश, नल्लापु, गोल्लाने सहित अन्य खिलाड़ी मौजूद रहे। सभी खिलाड़ियों ने ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर की प्रातःकालीन भस्म आरती में दर्शन लाभ लिया। भस्म आरती के दौरान महिला खिलाड़ी पूरी तरह भक्ति में लीन नजर आई। करीब दो घंटे तक आरती में शामिल रहने के बाद खिलाड़ियों ने नंदी हॉल में पूजन-अभिषेक किया और नंदी के कान में अपनी मनोकामना कही। इसके बाद चांदी द्वार से भगवान महाकाल को पुजारी के हाथों जल अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आरती के पश्चात श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से भारतीय महिला क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों का स्वागत और सम्मान भी किया गया।



# पाकिस्तानी कप्तान फातिमा सना ने जड़ा महिला टी-20 का सबसे तेज अर्धशतक



**करांची (एजेंसी)।** पाकिस्तान महिला टीम के कप्तान फातिमा सना ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में इतिहास रच दिया है. उन्होंने 15 गेंद में फिफ्टी जड़ कर महिला टी20 इंटरनेशनल में सबसे तेज अर्धशतक बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. सना ने ये उपलब्धि कराची में जिम्बाब्वे के खिलाफ तीसरे टी-20 मैच के दौरान हासिल की। इसके साथ 24 साल की सना ने न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन, ऑस्ट्रेलिया की फीबी लिचफील्ड और भारत की ऋचा घोष के पिछ्ले रिकॉर्ड को तोड़ दिया, जिन्होंने 18-18 गेंदों में अपनी फिफ्टी बनाई थी.

**पाकिस्तान ने 133 रनों जीता मैच** – मैच की बात करें तो पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया. फातिमा सना सिर्फ 19 गेंदों में 62 रन बनाकर नाबाद रहीं. अपनी इस पारी में उन्होंने 10 चौके और दो छक्के लगाए. इसकी बदौलत पाकिस्तान का स्कोर 4 विकेट पर 223 रन तक पहुंच गया. यह महिला टी-20 में पाकिस्तान का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है. इससे पहले इसी सीरीज में पाकिस्तान ने 237 रन बनाए थे. जवाब में वेस्टइंडीज की पूरी टीम 17.1 ओवर में ही 90 रनों पर ढेर हो गई. जिसके साथ पाकिस्तान ने मैच को 133 रनों से अपने नाम कर लिया.

### महिला टी-20 में सबसे तेज फिफ्टी

- फातिमा सना (पाकिस्तान) - 15 गेंदें बनाम जिम्बाब्वे (15 मई, 2026)
- सोफी डिवाइन (न्यूजीलैंड) - 18 गेंदें बनाम भारत (11 जुलाई, 2015)
- फीबी लिचफील्ड (ऑस्ट्रेलिया) - 18 गेंदें बनाम वेस्टइंडीज, (2 अक्टूबर, 2023)
- ऋचा घोष (भारत) - 18 गेंदें बनाम वेस्टइंडीज (19 दिसंबर, 2024)
- निदा डार (पाकिस्तान) - 20 गेंदें बनाम दक्षिण अफ्रीका (22 मई, 2019)

### टी-20 में पाकिस्तान की तरफ से सबसे तेज फिफ्टी

सना की जबरदस्त पारी से पहले, टी-20 में किसी पाकिस्तानी खिलाड़ी द्वारा सबसे तेज फिफ्टी बनाने का रिकॉर्ड निदा डार के नाम था, जिन्होंने 2019 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 20 गेंदों में यह कारनामा किया था। इसके अलावा सना ने महिला टी20 क्रिकेट में सबसे तेज फिफ्टी के रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली. उन्होंने 2022 में वारविकशायर के लिए मैरी केली और इसी साल न्यूजीलैंड के सुपर स्मैश टूर्नामेंट में ओटागो के लिए लॉरा हैरिस की उपलब्धि की बराबरी की।

### फातिमा सना का 2026 में प्रदर्शन

2026 सना की फॉर्म अविश्वसनीय रही है. वह इस साल महिलाओं के टी-20 में पाकिस्तान की सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी हैं. उन्होंने पांच पारियों में 229 रन बनाए हैं, जिनका स्ट्राइक रेट 206.30 का है. उन्होंने इसी साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 41 गेंदों में 90 रन बनाकर टी-20 में अपना अब तक का सबसे बड़ा स्कोर भी बनाया था।

*अंशुल कंबोज के दो ओवर में मिशेल ने लगातार 4 छक्के!*

# आईपीएल के इतिहास में पहली बार हुआ ऐसा



**लखनऊ (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 में सीएसके- एलएसजी मैच अंशुल कंबोज के लिए एक बुरे सपने जैसा साबित हुआ. इस सीजन अपनी शानदार गेंदबाजी से छाप छोड़ने वाले सीएसके के इस युवा गेंदबाज ने एलएसजी के खिलाफ एक ऐसा अनचाहा रिकॉर्ड बना दिया, जो आईपीएल के इतिहास में पहले कभी नहीं देखा गया था. लखनऊ के इकाना स्टेडियम में अंशुल आईपीएल के इतिहास में पहले ऐसे गेंदबाज बन गए, जिनके एक ही मैच के दो अलग-अलग ओवरों में लगातार चार-चार छक्के लगे। एलएसजी के विस्फोटक बल्लेबाज मिशेल मार्श ने अंशुल की गेंदबाजी पर पूरी ताकत से हमला बोला. मैच के पांचवें ओवर में मार्श ने अंशुल की पहली चार गेंदों पर लगातार चार छक्के जड़े. इसके बाद, निकोलस पूरन ने 17वें ओवर में भी अंशुल की पहली चार गेंदों पर चार छक्के जड़ दिए. इसके साथ अंशुल कंबोज आईपीएल के इतिहास में दो ओवर में लगातार चार-चार छक्के खाने वाले पहले गेंदबाज बन गए। इसके अलावा एक ही पारी में अपनी 10 गेंदों पर 8 छक्के खाने वाले दूसरे गेंदबाज बन गए. इससे पहले, यह शर्मनाक रिकॉर्ड यश दयाल के नाम था. यश दयाल के खिलाफ आईपीएल 2023 में कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाज ने 8 छक्के जड़े थे। ये भी उल्लेखनीय है कि अंशुल कंबोज आईपीएल 2026 में छ्स्य के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं. उन्होंने अब तक 12 मैचों में 19 विकेट लिए हैं और पर्पल कैप की दौड़ में तीसरे स्थान पर हैं।

**एलएसजी बल्लेबाज कार्तिक शर्मा के 71 रनों की पारी से चेन्नई हारा** – मैच की बात करें तो सीएसके ने कार्तिक शर्मा के 71 रनों की बदौलत इकाना क्रिकेट स्टेडियम में 187/5 का स्कोर खड़ा किया. जवाब में लखनऊ ने मार्श के 90 रनों की बदौलत 16.4 ओवर में 3 विकेट खोकर ही लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया।

- **कंबोज ने 60 से ज्यादा रन लुटाए** – अंशुल ने इस मैच में कुल 2.4 ओवर गेंदबाजी की और 63 रन लुटा दिए. उन्होंने कुल 16 गेंदें फेंकी, जिनमें से 11 गेंदों पर चौके या छक्के लगे. आखिरी 10 गेंदों में अंशुल ने 8 छक्के और 1 चौका दिया, जबकि एक गेंद पर कोई रन नहीं बना. इस तरह, उन्होंने सिर्फ 10 गेंदों में 52 रन लुटा दिए।
- **सीएसके के दूसरे सबसे महंगे गेंदबाज** – इस खराब प्रदर्शन के साथ अंशुल कंबोज चेन्नई सुपर किंग्स के दूसरे सबसे महंगे गेंदबाज भी बन गए. इससे पहले, खलील अहमद ने 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ 3 ओवर में 65 रन दिए थे. जबकि लुंगी एनगिडी 2021 में 4 ओवर में 62 रन खर्च किए थे. जिससे वो सीएसके के तीसरे सबसे महंगे गेंदबाज हैं।

● आईपीएल 2026 के बीच

# हार्दिक पांड्या 22 मई को महिका शर्मा के साथ ले सकते हैं सात फेरे



**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या क्रिकेट के साथ- साथ अपनी प्राइवेट लाइफ को लेकर भी अक्सर चर्चा में रहते हैं। उन्हें लेकर सोशल मीडिया पर एक बार फिर कुछ रिपोर्ट्स सामने आई हैं। इनमें ऐस दावा किया जा रहा है कि पांड्या आईपीएल 2026 के सीजन के बीच ही एक बार फिर शादी के बंधन में बंध सकते हैं। हालांकि दोनों को कई बार कई जगहों पर साथ- साथ भी देखा गया है। रिपोर्ट्स में किए जा रहे दावों के अनुसार दोनों 22 मई को एक बेहद निजी तरीके से शादी कर सकते हैं। फिलहाल इसे लेकर कोई भी ऑफिशियल बयान सामने नहीं आया है।

### पहला विवाह और तलाक

जानकारी के लिए बता दें कि हार्दिक पांड्या पहले भी अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में रह चुके हैं। उन्होंने साल 2020 में लॉकडाउन के दौरान 31 मई को मॉडल नताशा स्टेनकोविक से शादी की थी। दोनों का यह रिश्ता लंबा नहीं चल सका और शादी के करीब 4 साल बाद, जुलाई 2024 में दोनों ने आधिकारिक तौर पर अलग होने (तलाक) का फैसला कर लिया। पहली शादी से हार्दिक का एक बेटा है, जिसका नाम अगस्त्य पांड्या है। भले ही हार्दिक और नताशा का रिश्ता खत्म हो चुका है, लेकिन माता-पिता के तौर पर दोनों मिलकर अपने बेटे की परवरिश (को-पेरेंटिंग) कर रहे हैं। नताशा से अलग होने के बाद हार्दिक का नाम कुछ अन्य महिलाओं के साथ भी जोड़ा गया, लेकिन अब महिका शर्मा के साथ उनकी शादी की खबरें सबसे ज्यादा चर्चा में हैं।

# दिन में ट्रेनिंग रात में पढ़ाई करके देश के लिए मेडल जीतना चाहते हैं रुद्राक्ष खन्ना

**जम्मू (जम्मू कश्मीर) (एजेंसी)।** देश की सबसे खूबसूरत वादी जम्मू कश्मीर से एक युवा जिमनास्ट रुद्राक्ष खन्ना का उदय हो रहा है, जिसने हाल ही में एरोबिक जिमनास्टिक्स में देश के लिए अपना पहला इंटरनेशनल मेडल जीता और अब वो एशियन चैंपियन बनने के लिए कड़ी ट्रेनिंग कर रहा हैं। खन्ना ने 2 और 3 मई के बीच थाईलैंड के बैंकॉक में हुई पहली जेआरसी एरोबिक जिमनास्टिक्स स्टार्स चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल हासिल किया. उन्होंने एक इंडिविजुअल इवेंट में चीन, कजाकिस्तान और तीन अन्य देशों के जिमनास्टों को हराया, जबकि गोल्ड मेडल मेजबान देश थाईलैंड के नाम रहा. थाईलैंड में आयोजित जेआरसी एरोबिक चैंपियनशिप में, वह भारत से एकमात्र जिम्नास्ट थे और उन्होंने देश का नाम रोशन किया।



**देश के लिए मेडल जीतना गर्व का पल** - ईटीवी भारत के रिपोर्टर आमिर तांत्रे के साथ एक इंटरव्यू में खन्ना ने कहा कि एरोबिक जिमनास्टिक्स में देश के लिए मेडल जीतना उनके लिए गर्व का पल है. उन्होंने कहा, 'यह उपलब्धि मेरे कोचों, सुरिंदर पाल सिंह और कृपाली सिंह के सपोर्ट के बिना मुमकिन नहीं थी, जिन्होंने हमेशा मुझ पर भरोसा किया और हर तरह का सपोर्ट दिया. यह निश्चित रूप से गर्व का पल है, लेकिन बात यहीं नहीं रुकेगी, क्योंकि मैं आने वाली एशियन चैंपियनशिप में देश के लिए गोल्ड मेडल जीतना चाहता हूं।'

- **दो बार एशियन गेम्स में ले चुके हैं भाग** - पांच फीट सात इंच लंबे खन्ना देश में एरोबिक्स और जिमनास्टिक्स के एक युवा एथलीट बनकर उभर रहे हैं. उन्होंने दो बार एशियन गेम्स और इंटरनेशनल जिमनास्टिक्स फेडरेशन द्वारा आयोजित सुजुकी वर्ल्ड जिमनास्टिक्स चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया है, लेकिन देश के लिए मेडल जीतने से चूक गए. पिछली सुजुकी वर्ल्ड चैंपियनशिप में, वह चौथे स्थान पर रहे और बहुत थोड़े अंतर से मेडल से चूक गए।
- **'शेर-ए-कश्मीर' पुरस्कार से भी सम्मानित** - ये भी उल्लेखनीय है कि जिमनास्टिक्स में उपलब्धियों के लिए, खन्ना को 2025 में जम्मू कश्मीर सरकार द्वारा खेल के क्षेत्र में 'शेर-ए-कश्मीर' पुरस्कार से भी सम्मानित किया था. खन्ना कहते हैं कि उन्हें अपनी मां, सीमा खरियाल से प्रेरणा मिलती है, जो एक मैराथन धावक हैं और बारामूला तथा पटनीटॉप मैराथन की ब्रांड एंबेसडर हैं. उनकी बहन, सुदीप्ति खन्ना भी एक जिमनास्ट हैं और उन्हें भी इस वर्ष जम्मू कश्मीर सरकार द्वारा खेल के क्षेत्र में 'शेर-ए-कश्मीर' पदक से सम्मानित किया गया।

# मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स में 19 जुलाई को भिड़ेंगे भारत और पाकिस्तान के फाइटर

**कुआलालंपुर (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान के खिलाड़ी एक बार फिर आमने सामने आने वाले हैं. लेकिन ये महा मुकाबला क्रिकेट का मैदान नहीं बल्कि मार्शल आर्ट्स का रिंग होगा। दरअसल मलेशिया के कुआलालंपुर में होने वाली मलेशिया स्ट्राइक एमएमएचैंपियनशिप में भारत के संग्राम सिंह और पाकिस्तान के आबिद अली आमने सामने होंगे।

इस बहुप्रतीक्षित मुकाबले का आयोजन रविवार, 19 जुलाई को होगा। ये भारतीय मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स के लिए एक ऐतिहासिक पल होगा, क्योंकि संग्राम प्रतिष्ठित एशिया चैंपियनशिप खिताब के लिए मुकाबला करने वाले पहले भारतीय फाइटर बन जाएंगे। बता दें कि संग्राम सिंह कॉमनवेल्थ हैवीवेट चैंपियन हैं और मलेशिया स्ट्राइक एमएमए चैंपियनशिप उनकी चौथी प्रोफेशनल एमएमए मुकाबला होगा।

संग्राम इस मुकाबले के बारे में क्या कहा? आने वाली चुनौती के बारे में बात करते हुए संग्राम ने कहा, 'हो सकता है कि मुझे अभी आबिद अली की उम्र के बारे में ज्यादा जानकारी न हो, लेकिन मैं जानता हूं कि वह एक अनुभवी फाइटर हैं जिन्होंने कई एमएमए मुकाबले जीते हैं. मलेशिया स्ट्राइक एमएमएचैंपियनशिप में एशिया चैंपियनशिप खिताब के लिए भारत का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए अत्यंत गर्व की बात है।'



संग्राम ने आगे बताया कि इस मुकाबले के लिए वह 83-89 किलोग्राम भार वर्ग में हिस्सा लेंगे. उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच होने वाले खेल मुकाबले से जुड़े दबाव को स्वीकार किया, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि यह चुनौती उन्हें और भी ज्यादा उत्साहित करती है।

भारतीय पहलवान संग्राम सिंह ने कहा, 'जब भी भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला होता है, तो स्वाभाविक रूप से भावनाएं चरम पर होती हैं, क्योंकि दोनों देशों के प्रशंसक हमेशा अपनी टीम की जीत चाहते हैं. इसमें दबाव तो होता है, लेकिन साथ ही उत्साह भी होता है. यह मेरे लिए एक बहुत बड़ी चुनौती है और मैं पूरी एकाग्रता के साथ इसकी तैयारी कर रहा हूं।'

### आज प्लेऑफ की जंग में आमने-सामने होंगे पंजाब किंग्स और आरसीबी

**धर्मशाला (एजेंसी)।** चैलेंजर बेंगुलरु के बीच आईपीएल 2026 का 61वां मुकाबला रविवार को धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जाएगा। प्लेऑफ की रेस के लिहाज से यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए बेहद अहम माना जा रहा है।

**लगातार हार से दबाव में पंजाब किंग्स**–श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली पंजाब किंग्स ने इस सीजन शानदार शुरुआत की थी और शुरुआती सात में से छह मुकाबले जीते थे। लेकिन इसके बाद टीम की लय पूरी तरह बिगड़ गई और पीबीकेएस को लगातार पांच हार का सामना करना पड़ा। पंजाब फिलहाल 12 मैचों में 13 अंकों के साथ पॉइंट्स टेबल में चौथे स्थान पर है। टीम को प्लेऑफ की उम्मीदें मजबूत करने के लिए यह मुकाबला हर हाल में जीतना होगा।

**शानदार फॉर्म में आरसीबी**–डिफेंडिंग चैंपियन आरसीबी इस सीजन बेहतरीन फॉर्म में नजर आई है।

